सर, मैं एक और disclaimer देकर अपनी आगे रखूँगा। पहलगाम के बाद, तब चूँकि सदन नहीं बैठ रहा था, तो मैंने लगातार लेख भी लिखे। मैंने एक लेख लिखा था – "Unity in Grief". सर, इस देश की एक खूबसूरती है कि जब यहाँ कोई आपदा आती है, इस प्रकार की कोई सामूहिक चीज होती है, तो यह देश एक जैसा सोचने लगता है। कोविड ने हम लोगों को एक किया था। इस तरह के हादसे भी हम लोगों को एक कर देते हैं। लेकिन यह जो national unity in the times of grief है, it should not become a kind of shield to protect the Government from valid criticism. यह फर्क है। मैं समझता हूँ कि एक परिपक्व लोकतंत्र में यह अन्तर स्पष्ट होना चाहिए कि सैन्य सेवा और राजनीतिक नेतृत्व अलग-अलग चीजें हैं। पाकिस्तान के लोग conflate करते हैं। कल ही मिलिंद भाई बता रहे थे, हालांकि यह एक बहुत पिटा हुआ dialogue है कि all nations have an army, Pakistani army has a nation. हमारी Army की एक खूबसूरती रही है, जैसा अभी मानस ने कहा, they do not wear any religion, any ideology. On their sleeves, in their hearts, everywhere, it is the tricolour. हमारी अप्रोच भी वही होनी चाहिए।

सर, मैं यह बात क्यों कह रहा हूं और क्यों कहने के लिए मजबूर हुआ हूं? सर, जब पहलगाम में वह आतंकी हमला हुआ, तो उस हमले के बाद एक Twitter handle लिखता है - उन्होंने धर्म पूछा, जाति नहीं। सर, हमने अपने लोग तो गंवाए, 26 परिवारों के चिराग बुझ गए, लेकिन उस tweet के बाद भारत माता भी छलनी हो गई। वे मकसद में लगभग कामयाब हो गए थे, क्योंकि उस बुलेट में बारूद के साथ नफरत का बारूद भी था। लेकिन, भला हो इस मिट्टी का, इस हिंदुस्तान की मिट्टी का, कि उसने बारूद के साथ आए नफरत के उस संदेश को नकार कर रख दिया। कहीं वह नहीं हुआ, जिसकी उनको उम्मीद थी, बल्कि भारतवर्ष ने एक संदेश दिया। मैं इस बात पर बाद में आता। जब सोफिया कुरैशी जी और व्योमिका सिंह जी ब्रीफिंग के लिए आती थीं, हम सबका सीना गर्व से फूल जाता था। वह मेरा हिंदुस्तान है। मुझे वही हिंदुस्तान चाहिए। यह हिंदुस्तान, यह उस्मान, 'the Lion of Naushera', इसका मजहब पूछ कर इसकी देशभक्ति पर शक करना, देश को कमजोर करना है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*...

SHRI MANOJ KUMAR JHA: Let me speak. ...*(Interruptions)*... आज मैं किसी दल के दायरे से नहीं बोल रहा हूं। Let me speak. ...*(Interruptions)*... सर, मैं एक बात कहना चाहता हूं। मैं नहीं चाहता हूं कि यह बहस - अक्सर मैं 'मेरा वाला वाला आंकड़ा' देखता हूं। हमारे समय में इतनी गिरावट आ गई, उतनी गिरावट आ गई, आपके टाइम में इतना होता था, मेरे टाइम में इतना होता था। सर, जिंदा लोग आंकड़े नहीं होते हैं। उसको आप archive में नहीं भेज सकते हैं कि 'फलां मर गया' आंकड़ा है। वह आंकड़ा नहीं होता है, बल्कि किसी घर का चिराग बुझता है। बूढ़े माता-पिता को खोने के बाद भी vacuum रहता है। हम कभी मुआवजे, श्रद्धांजलि पुष्प के आगे यह नहीं सोचते हैं कि यह vacuum, कैसे void fill in होगा। महोदय, मैं एक चीज कहना चाहता था। सच तो ये है कि जवाबदेही अब तय नहीं होती है। यह मैं अक्सर देखता हूं। मैंने अपने नेता से भी पूछा। कुछ पार्थिव शरीर बिहार भी आ रहे थे। मैं वहाँ नहीं था। हमने पूछा – सर, क्या होता है, जब पार्थिव शरीर के पास जाते हैं? फूल बरसाते हैं, एक रीद लगता है, कई कैमरे होते हैं, लेकिन इंसानी जिंदगी के vacuum को हिंदुस्तान तो क्या, विश्व का कोई भी कैमरा नहीं भर पाता है। ...(**व्यवधान**)... सर, वैसे कैमरे का ईजाद नहीं हुआ है। हम इस नजरिए से क्यों नहीं सोच सकते? मेरा तारतम्य थोड़ा टूट रहा है। सर, मैं सिर्फ यह कहना चाहता था कि अगले दिन Business as usual हो जाना ठीक नहीं है। आज हुआ, कल बिसरा दिए, यह Business as usual है।

[**उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर)** *पीठासीन हुए*]

राजनीति के लिए हमेशा वक्त है। हम और आप आतंक पर, सेना के शौर्य पर राजनीति करके क्या करेंगे? हमारे पास राजनीति के लिए लोकोन्मुखी मुद्दे हैं। उस पर बात होगी। कभी आप चुने जाओगे, कभी आप नहीं चुने जाओगे, कभी ये चुने जाएँगे, कभी नहीं चुने जाएँगे, लेकिन सेना का मान और शौर्य एक ऐसी चीज है... सर, कल माननीय प्रधान मंत्री जी ने लोकसभा में, मैं सुन रहा था, उन्होंने एक बात कही - मैं भारत का पक्ष रखने आया हूँ। यह संसद तो भारत की है।

पक्ष और विपक्ष, दोनों भारत के हैं। भारत का पक्ष तो इंटरनेशनल फोरम पर रखा, गुडविल मिशन में तमाम सदस्य गए और भारत का पक्ष रखा, लेकिन आपको सरकार का पक्ष रखना चाहिए था। आपके समक्ष प्रश्न थे, जो सरकार से प्रश्न थे, भारत माता से नहीं थे, भारतवर्ष से नहीं था, भारतीय सेना से नहीं थे।

सर, मैंने लिखा, कई बार लिखा है और इस सदन में भी कहा है। मैं फिर दोहरा रहा हूँ, Government is not a nation. कोई भी सरकार चाहे उनकी रही हो या आज आपकी है, आप राष्ट्र के पर्याय नहीं हैं। हम कल खेल में हों या न हों, हम में से बहुत लोग नहीं रहेंगे, सरकार भी बदल जाएगी, पार्टियाँ विलुप्त हो जाएँगी, लेकिन यह देश तो रहेगा। इसकी मिट्टी अद्भुत है। यह जिंदा रहेगा, तो देश देश रहने दीजिए। सरकार अपनी बात करे। मैं एक बात तो और कहूँगा, क्या ही कहूँ, 'Nehru' life vest हैं इस सरकार की। जब हम लोग हवाई जहाज में बैठते हैं, तो वहाँ बताया जाता है कि अगर जहाज डूबने के क्रम में हो, तो लाइफ वेस्ट को ऐसे फूँकिएगा, फुला लीजिएगा ताकि पानी में उतरने में दिक्कत न हो। नेहरू बार-बार आ जाते हैं। मैंने तो पिछले सदन में उस वाले पार्लियामेंट में कहा था कि बेहतर है कि एक दिन एक मुकदमा कर दो, जवाहरलाल नेहरू हाजिर हों। जिनको उनके पक्ष में दलील देनी है, वे देंगे, हम जैसे लोग, चलिए टूटे-बिखरे हैं और दूसरी तरफ उनको बुला लीजिए, जिनको नेहरू हर जगह नजर आते हैं। अगर नेहरू इतने वर्षों बाद भी आपको परेशान कर रहे हैं, तो कुछ तो बात थी उस बंदे में।

सर, मैं एक चीज कहना चाहता हूँ, इसको भी मैंने पहले कहा और आज फिर मैं आपके समक्ष दोहराता हूँ। सर, पहलगाम हुआ, मैंने वह बात कही, जो ट्वीट आया, नफरत, टेलीविजन, हाउसेज़ में डिबेट होने लगी, लेकिन उसके बाद अभी हाल में, एक चीज मैंने बहुत पहले भी कही है और मैं उसको दोहरा रहा हूँ कि कश्मीर को सिर्फ लैंडमास नहीं समझना चाहिए। कश्मीर सिर्फ जमीन का टुकड़ा नहीं है। कश्मीर में लोग बसते हैं। कश्मीर के लोगों ने भी कुर्बानियाँ दी हैं। पहलगाम के बाद जिस तरह का रिएक्शन कश्मीर में आया, वह unprecedented था। लोग रो रहे थे, कंधा दे रहे थे, बचा रहे थे, अपनी दुकानों के शटर डाउन कर दिए, लेकिन उसी कश्मीर में बाद के visuals में वहाँ की चुनी हुई सरकार, हालांकि मैं मानता हूँ सरकार के बारे में, they have the responsibility without power, इसलिए आज अर्जी का वक्त नहीं है, लेकिन मैं इस सरकार के समक्ष एक अर्जी लगा देता हूँ कि full-fledged Statehood बहाल करिए। ऐसी छवियाँ, जहाँ सीएम एक खास जगह न जा सके मौन करने के लिए, रेस्पेक्ट देने के लिए, श्रद्धांजलि देने के लिए... सर, उसके बाद एक दूसरी पीड़ा हुई, जब हमारे एनएसए साहब ने कहा कि हिंदुस्तान का एक कांच नहीं टूटा। सर, ये संवेदनशून्यता की पराकाष्ठा है। क्या पुंछ, राजौरी के लोग कांच से भी गए बीते हैं? सर, मुझसे ज्यादा पुंछ, राजौरी को आप जानते हैं। हमने कितने लोग गँवा दिए? उसके बाद, मुझे लिखना पड़ा - प्रिय कांच, तुम कितनी धन्य हो कि तुम्हारा जिक्र हो रहा है, लेकिन जिनको खो दिया, उनका कोई जिक्र नहीं हो रहा है। सर, मैं यह आपके माध्यम से रख रहा हूँ, मुझे जवाब नहीं चाहिए। अभी विदेश मंत्री जी यहाँ नहीं हैं। फॉरेन पॉलिसी को लेकर as a career bureaucrat, मैं उनका बड़ा fan था। मैं राजनीति में नहीं था, उनको फॉलो करता था। लेकिन, मैं देख रहा हूँ और मैं सिर्फ उनको दोष नहीं दूँगा, क्योंकि यह जो कैबिनेट है, जिसमें आत्ममुग्धता का भी पुट है, उसमें collective responsibility का notion गायब-सा है। मैं सिर्फ यह कहूँगा कि अभी हाल में, 18 से 24 April, Bandung Conference की

anniversary थी। इस देश में पहली बार उस anniversary को याद नहीं किया गया। वह anniversary क्या थी, सर? 1955 में जब Afro-Asian countries एक साथ जुटे थे, तब उससे एक non-aligned group का जन्म हुआ था, लेकिन वह सब बिसरा दिया गया। भाई, हम अपनी विदेश नीति को immediate में देखते हैं। सर, हम तो बहुत गरीब-गुरबा देश थे, लेकिन हम बड़े-बड़े मुल्कों को धौंस से बोलते थे - "Mind your business." सर, आज हम कहाँ आ गए? आज हम गाजा के Resolution पर दुनिया के गिने-चुने देशों में abstain कर जाते हैं। सर, आज मानवता का सवाल है। भारत ने मानवता के सवाल से कभी मुंह नहीं मोड़ा है, लेकिन आज कौन-से भारत का निर्माण हो रहा है?

सर, मैं एक और चीज़ कहता हूँ। हम लोग बचपन में डायमंड पॉकेट बुक्स में चाचा चौधरी के बारे में पढ़ते थे। ये जो अमेरिकन प्रेजिडेंट हैं, उनमें मुझे चाचा चौधरी के सारे नेगेटिव गुण दिखते हैं। उनको एक चौधराहट सवार हो गई है। खरगे साहब कल कह रहे थे कि मेरी स्पीच खत्म होते-होते वह 30वीं बार बोल देगा। वह व्यक्ति अखबार में छपने से पहले 30वीं बार बोल गया और अभी कोई गारंटी नहीं है, मैं अभी बैठा हूँ, जब मैं बाहर जाऊँ तो हो सकता है मैं सुनूँ कि वे अब तक 32 बार बोल चुके हैं। सर, मैं यह इसलिए कह रहा हूँ कि इसका प्रतिकार सूत्रों के हवाले से न हो कि सूत्र कह रहे हैं कि उन्होंने दखल नहीं दिया। ये सूत्र आजकल बहुत उत्पाती हो गए हैं। अब खबरें सीधी नहीं आती हैं, सूत्रों के माध्यम से आती हैं, तो मैं आग्रह करूँगा, प्रतिकार के लिए मैंने एक प्रपोजल रखा हुआ है and I will come to that. लेकिन, मैं एक चीज़ और कहूँगा कि diplomacy "trial balloon" भी न हो। सर, मैं डिप्लोमेसी के संदर्भ में एक और चीज़ कहना चाहता हूँ। इस देश की इतनी मित्रविहीनता कभी नहीं रही। आपने गुडविल मिशन पूरी दुनिया में भेजा। वह बहुत अच्छा निर्णय था। इस रिजीम में पहली बार इस तरह का मिशन हुआ था। ऐसे मिशंस लगातार भेजिए, whether it is conflict time or no conflict time. लेकिन, आप ऐसे गुडविल मिशन अपने देश में भी भेजिए, जहाँ एक कर्नल पर सिर्फ उसके सरनेम की वजह से एक मंत्री अपशब्द, अशोभनीय टिप्पणियाँ करता है, तो गुडविल मिशन इस देश को चाहिए। हमारा गुडविल इस देश में हमने खत्म कर दिया है। सर, मैं कहना चाहूँगा कि एक बड़ा मशहूर शेर है:

*"वतन की पासबानी जान-ओ-ईमाँ से भी अफ़ज़ल है,*
*मैं अपने मुल्क की ख़ातिर कफ़न भी साथ रखता हूँ।"*

यह किनके लिए है? जिनको संदेह की दृष्टि से देखा जाता है कि भारत के लिए प्रेम है कि नहीं है, वगैरह-वगैरह। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं सिर्फ एक आग्रह करूँगा। चूंकि मैंने लोक सभा की कल की प्रोसीडिंग भी देखी, मुझे दुःख हुआ कि इस पीड़ा, ऑपरेशन सिंदूर, जिसमें सेना के शौर्य को पूरा सदन सलाम कर चुका है, लेकिन जो विसंगतियां सेना ने समय-समय पर इंगित कीं, जिसमें पॉलिटिकल डिसीजन का बहुत बड़ा कंट्रीब्यूशन था, उसको rhetorical अंदाज से, rhetoric से कवर नहीं किया जा सकता है। Come clean, come straight; we are with you, hon. Prime Minister. So I propose from this House, a resolution, finally a resolution,

"This House unilaterally condemns the repeated statement of American President Donald Trump and find him the epithet of the greatest £ of the century." *Jai Hind!*

---

**MESSAGE FROM LOK SABHA**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): Message from Lok-Sabha; Secretary-General.

SECRETARY-GENERAL: Sir, with your kind permission, I rise to report that the Lok Sabha at its sitting held on 30th of July, 2025, adopted the following motion that this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do appoint one Member of Rajya Sabha to the Joint Committee on the Constitution (One Hundred and Twenty-Ninth Amendment) Bill, 2024, and the Union Territories Laws (Amendment) Bill, 2024, in the vacancy caused by the retirement of Shri P. Wilson from Rajya Sabha and communicate to Lok Sabha the name of Member so appointed by Rajya Sabha to the Joint Committee.

---

**SPECIAL DISCUSSION ON INDIA'S STRONG, SUCCESSFUL AND DECISIVE 'OPERATION SINDOOR' IN RESPONSE TO TERRORIST ATTACK IN PAHALGAM**—*Contd.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): Now, Shri Bikash Ranjan Bhattacharyya.

SHRI BIKASH RANJAN BHATTACHARYYA (West Bengal): & "Greetings Vice-Chairman Sir, I request for permission to speak in Bengali. Everyone here considers themselves as proud Hindus. These proud Hindus here must surely remember Ramakrishna Dev's words. Ramakrishna Dev said, "When your one finger points to someone else, three fingers are pointing back at you." Meaning, before accusing others, one should try to correct oneself. What did we see? India has taken many measures to suppress terrorism. But some strange coincidences happened: Pulwama occurred before an election, Pahalgam happened before another election.

£ Exupnged as ordered by the Chair.

& English translation of the original speech delivered in Bengali.

Contents Page

We need to investigate why these terrorist attacks occur right before elections. What is the connection between these incidents and elections? To suppress terrorism, this must be understood. Until now, we have not been able to find out exactly what happened in Pulwama. We know who was held responsible for Pulwama, but after Pulwama, a surgical strike was conducted, and it was said that Pakistan's backbone has been broken; terrorism has been ended; now, we proud Indians have no worries. We demonetized, why did we demonetize? To break the backbone of terrorism. We abrogated Article 370. We destroyed the historical tradition of India's past. Article 370 was the link connecting the independent state of Kashmir with India. Article 370 was removed. Why? It was removed so that terrorism would come to an end. Today, we realize that terrorism did not end. We have resurrected terrorism. Today, Pahalgam happened again. When exactly Pahalgam happened? Right when BJP was very embarrassed in Bihar elections, [£]. Mr. Vice-Chairman Sir, when the all-party meeting was held, I represented CPI(M). We clearly stated that we will support the Central Government if it takes measures to suppress terrorism and the terrorists themselves, but war-mongering will not work. That jingoism doesn't suit Indian culture. India is known worldwide as a peace loving country. Leaders of non-violent movements are respected. Even after Article 370 was abrogated, terrorism hasn't come to an end. And what happened immediately? Along with the attacks, across the whole country, an effort was started by BJP's IT cell to create division among the people that Hindus were being killed openly. Who saw this, is it my father? The ones who saw, where were they then? However, never did we acknowledge that a Muslim youth sacrificed his life to save lives of others above his own family. Through this act, Indian patriotism is manifested. We did not honor him. Instead, we created division inside the country. Can terrorism be stopped by creating division among the people of the country? No. So, the people of India realised it as a propaganda for Hindu nationalism. No offense, but "Operation Sindoor" has no Indian-ness in its name, only Hindutva. By bringing Hindutva to the forefront, you can never ensure the safety to the entire Indian population. No matter how many big statements the Government makes about Operation Sindoor that they have destroyed everything in the enemy territory, it was not the reality. The Government claims that the whole world is with us. If the whole world stays with you, then, why couldn't you even get the name of Pakistan mentioned in the United Nations Security Council. Not only could you not mention Pakistan's name in the UN Security Council, but also in BRICS, Shanghai Cooperation, or anywhere else, Pakistan's name could not be mentioned. The sad

[£] Exupnged as ordered by the Chair.

Contents Page

truth, Vice-Chairman Sir, is that even our close neighbors — Bhutan, Maldives, even Mauritius where Indians constitute the majority — did not support India's position. So who stood in our support? You always keep claiming, we are world leader, and also give big speeches that I can do everything, I have the world in my hand, I am a strong country. Where do we stand now?

A renowned poet once said, "One is not great because he considers himself great, but because others consider him great." Today, internationally, India is diplomatically isolated. Rather, Pakistan has gained advantage. Today, many countries speak in favor of Pakistan. This is a tragic consequence. The reason is that the US President announced a ceasefire between our two countries. Until now, neither the Indian Prime Minister nor any Indian diplomatic channel has ever said that the American President has no role or that we disregard his role. This is ruining India's honor.

Sir, through you, I request the Central Government, to preserve the India's heritage and create unity amongst the people of the country. Quit the propaganda of Hindutva and promote Indian-ness. Indian-ness is our only refuge. With this I conclude my speech. Thank You, Sir."

SHRI SUBHAS CHANDRA BOSE PILLI (Andhra Pradesh): Hon. Deputy Chairman, Sir, I am grateful to you for giving me the opportunity to express my views on matters vital to our national security. I would like to speak on a matter that has shaken the whole world, "The Pahalgam terror attack and the Indian response through Operation Sindoor." Twenty-six innocent lives were mercilessly killed. It was a deliberate blow to India's secular fabric, an attack on our unity, freedom, and identity. Our party, the YSR Congress Party, express heartfelt solidarity with the people of Jammu and Kashmir. The region's democratic revival, marked by peaceful elections in Jammu and Kashmir in late 2024, was not liked by Pakistan. Therefore, we strongly condemn Pakistan's continued attempts to disrupt peace and progress in Kashmir. Our party stands firmly behind the Indian Armed Forces and their duty to protect our nation.

India today faces not just physical threats but virtual ones too. Following the Pahalgam terror attack, a wave of cyber attacks, linked to Pakistan, targeted key Indian networks, including defence institutions and public utilities. Under the bold and dynamic leadership of Prime Minister Narendra Modi, Operation Sindoor was launched with the purpose of transforming our sorrow into strength and ensuring that those behind the act were met with justice. India succeeded in its mission. Operation Sindoor was India's *yuga dharma*. It showed the world that India does not act suddenly; it acts with conviction and resolve. And when India rises, the world takes

note. Sir, India acted quickly to reinforce cyber defences and protect sensitive systems. As cyber warfare becomes a defining feature of modern conflict, strengthening digital security is no longer optional; it is essential to safeguard national sovereignty and public trust. India's anti-terror diplomacy has gained strength through all-party parliamentary delegations sent to key partner nations across Asia, Africa, Europe and the America. The YSR Congress Party fully supports this initiative. It reflects rare political unity and a commitment to safeguarding India's global interests, countering Pakistan's misinformation and building broad-based diplomatic support.

Our Party reiterates its firm commitment to safeguarding the national security and, in this regard, we totally support the Prime Minister Shri Narendra Modi's directions and initiatives for strong successful and decisive Operation Sindoor in response to terrorist attack in Pahalgam. Let us reaffirm today that terror has no place in India and that those who harm our country and our innocent people will find no refuge, not only on this soil but even beyond it. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): Thank you. The next speaker is Dr. K. Laxman, you have 15 minutes.

DR. K. LAXMAN (Uttar Pradesh): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir, for allowing me to speak on this important issue, 'Operation Sindoor.' It stands as a live proof of India's military prowess and strategic clarity of Modi Government's zero tolerance towards terrorism. In fact, April 22 was a black day. When the incident took place, we were in Srinagar. As part of the PAC Committee Members, we visited Gulmarg and on the third day, we were in Srinagar. We were shocked to know that 26 innocent people had been killed by the so-called terrorists by asking their religion. In those three days, we witnessed how Kashmir and Srinagar got developed after the abrogation of the Article 370. मैं लगभग तीन दशक के बाद श्रीनगर पहुंचा। हमारे आदरणीय नेता, डा. मुरली मनोहर जोशी ने एकता यात्रा निकाली थी। लाल चौक पर हमारा तिरंगा झंडा लहराने के लिए पार्टी के माध्यम से जो प्रोग्राम दिया गया था, उस प्रोग्राम के संयोजक हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी थे। हम उस दिन श्रीनगर तो नहीं पहुंच सके, मगर उस दिन, 26 जनवरी 1992 को, हमारा तिरंगा झंडा लहराया गया था। उस सुखद घटना के वर्षों बाद, जब हम परसों वहां गए, तब बाकी दल के नेता भी हमारे साथ थे। वहाँ धारा 370 हटने के बाद जो विकास हुआ है, वह प्रशंसनीय है। चाहे रेलवे हो, रोड्स हों, हमारे फ्लाइओवर्स हों, उस दिन, वहां जाने के बाद हमें बहुत सुंदर कश्मीर दिखा, बहुत सुंदर गुलमर्ग दिखा।

महोदय, अब वहां पर स्कूल और कॉलेज चलने लगे हैं। हमारे इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से - चाहे ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज़ हो, रोड्स हों, हमारा रेलवेज़ हो,

फ्लाइओवर्स हों और the tallest bridge in the world, Chenab Bridge हो, वहाँ बहुत विकास हुआ है। महोदय, जब हमें दूसरी बार भी वहाँ जाने का अवसर मिला, तब हमने इसे देखा था। अब कश्मीर के लोग भी मुख्य धारा में आने लगे हैं। उन्हें रोजगार मिला, वे बच्चे पढ़ने लगे, बाकी लोग ऑफिस जाने लगे और पत्थरबाज़ी बंद हो गई। महोदय, पाकिस्तान ये सब चीज़ें सहन नहीं कर पाया। जम्मू कश्मीर के लोग, जो मुख्य धारा में आने लगे, वह उन्हें सहन नहीं कर पाया, इसलिए पाकिस्तान ने एक साज़िश रची। उन्होंने आतंकियों को बढ़ाकर, धर्म के नाम पर लोगों का बंटवारा करने की जो साज़िश की, उसकी वजह से, अप्रैल 22 को यह हादसा हुआ। वहाँ निर्दोष पर्यटकों

2.00 P.M.

को मारा गया, हमारी माँ, बहनों के सिन्दूर को मिटाया गया। हमारी सरकार, मोदी जी और हमारी सेना ने आतंकी अड्डों को मिटाने के लिए, it was a very precise, focused and targeted attack. And, we have seen people, throughout the country, witnessing it through TVs. जैसे रामायण सीरियल के समय लोग टीवी के सामने बैठे रहते थे, वैसे ही लोग लगभग एक हफ्ता टीवी से जुड़े हुए थे। About nine terror camps were destroyed -- the trainers, handlers of terror groups and air bases. How we have visually witnessed all these incidents! Hundred terrorists have been killed. That was the news. जिस तरह से बाद में पाकिस्तान ने हमारे सिविलियन्स, हमारे रिलीजियस प्लेसेस या हमारी प्रॉपर्टी को ड्रोन के माध्यम से नष्ट करने की साजिश की, मगर we are really feel proud to say that the technology which has been improved, वे ड्रोन्स हमारी एक भी मिसाइल को नष्ट नहीं कर सके। हमारी Government ने यह किया by taking all such steps because right from the day since Modiji has come to power, he has been very keen on strengthening the defence sector. Not only that, he has made the CDS for these three Forces, Chief बनाया, and trebled the defence budget. There is 250 per cent increase in defence productions and 30 per cent increase in defence exports. So, right from day one, हम चाहते थे कि 'Nation first and always first' policy रहे। We did not compromise on any issue. Nation is first to us. We strongly believe in the ideology of 'Nation first, party next and self last.' That is our ideology and that is our philosophy. We strongly believe in it. So, apart from the Operation Sindoor, this Government particularly declared a diplomatic war on Pakistan by announcing that इंडस ट्रीटी, जो पिछले जमाने में की गई थी, पिछली सरकार के द्वारा की गई थी, जिसके द्वारा हमारा हक छीन लिया गया था – यह हमारे विदेश मंत्री जी ने चर्चा में भी बताया था -- immediately that Treaty was kept in abeyance. ऑपरेशन सिंदूर के अलावा, जब इंडस ट्रीटी का जिक्र किया, तो वहाँ पर लोग तड़पने लगे। This is what people call -- this is Naya Bharat, New India. Not only New India, New Leadership, यह हमारे नये भारत का, नये नेतृत्व का ज़ीरो टॉलरेंस ऑन टेररिज्म है। As has been rightly pointed out by our Foreign Minister, the message was very clear and loud. The entire

Contents Page

globe came to know how India can tackle this global terrorism, the leadership can tackle this terrorism. कई सारे मुद्दे चर्चा में आए - चाहे लोक सभा हो या राज्य सभा - मैं उन्हें दो दिनों से सुन रहा था। लोग बार-बार अमेरिकी राष्ट्रपति, ट्रंप के बारे में सवाल उठा रहे थे और बाद में सीजफायर के बारे में अलग-अलग मुद्दे ला रहे थे। यह पहली बार नहीं हुआ है। काँग्रेस जमाने से डबल स्टैंडर्ड अपनाती रही है। Their policy has always been like, "न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी" - इस तरह काँग्रेस ने टेरिरिज्म के बारे में 'See no evil. Hear no evil. Speak no evil.' यह काँग्रेस का रवैया था । Whether it was honouring soldiers or taking decisions against terrorism, Congress always adopted appeasement policies and politically-motivated things on terrorism. A series of incidents took place in the past whether it is Mumbai or Hyderabad. Being a person from Hyderabad, we have seen how that Gokul Chat incident took place. Nothing has been done. The party which was in power in the State and Centre, even being the same party, they have done nothing to this incident. जब-जब भारत ने अपने दुश्मन को करारा जवाब दिया, तब-तब काँग्रेस ने हमारी सेना की बहादुरी पर सवाल उठाए। जिस तरह से 2016 में उरी अटैक के बाद सर्जिकल स्ट्राइक की गई, इस पर काँग्रेस ने कहा कि सबूत चाहिए। बाद में हमारी सेना ने किस तरह से अपनी वीरता और शौर्य दिखाया, इसको कांग्रेस ने कभी भी नहीं अपनाया। 2019 में बालाकोट में जो हादसा हुआ, उसके बाद एयर स्ट्राइक की गई। कांग्रेस ने पूछा कि कितने मारे? पुलवामा हमले के बाद शहादत को सियासत में घसीटने के जो कोशिश की गई है, वह कांग्रेस पार्टी ने की। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी कई सवाल उठाए जा रहे हैं, चाहे वह हमारे सीज़ फायर के बारे में हो। ये जितना अमेरिका के प्रेसिडेंट ट्रम्प पर विश्वास करते हैं, उतना हमारी सरकार पर नहीं करते हैं। मोदी जी ने तीन बार जीतकर, लोकतंत्र के माध्यम से लोगों का दिल जीतकर सरकार बनाई है, उनके ऊपर भी इनका विश्वास नहीं है, सरकार के ऊपर भी विश्वास नहीं है। हमारे विदेश मंत्री ने आंकड़ों द्वारा बताया, उसके बावजूद भी ये नहीं मानते हैं। इसलिए कांग्रेस जो बात करती है, तो लोग समझते हैं कि यह कांग्रेस की भाषा है या पाकिस्तान की भाषा है। हम टीवी में पाकिस्तान की डिबेट में जो भाषा देखते हैं, they have almost become spokespersons of Pakistan. ऐसी भाषा का वे उपयोग करते रहते हैं। आज कांग्रेस मोदी जी, बीजेपी और सरकार पर गुस्सा हो सकती है, वे बार-बार गुस्सा होंगे, उनको आक्रोश होगा, क्योंकि मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी एक बार नहीं, बल्कि तीन बार, they are winning consecutively. They are not allowing the Congress to come to power, not even allowing them to reach 100 or cross 100 seats. आप बीजेपी और मोदी जी पर गुस्सा हो सकते हैं, आक्रोश कर सकते हैं, [£] ...(**व्यवधान**)... राजनीति के माध्यम से, let us fight politically. We may have differences, but [£] ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): No, please. ...*(Interruptions)*... जब आपको मौका मिलेगा, तब आप बोल सकते हैं। ...(**व्यवधान**)...

[£] Exupnged as ordered by the Chair.

**डा. के. लक्ष्मण:** हमारी सेनाओं को और हमारे देश को कमजोर करना ठीक बात नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): Please do not disturb. ...*(Interruptions)*... आपको अपनी बात रखने के लिए चांस मिलेगा। ...(**व्यवधान**)...

**डा. के. लक्ष्मण:** प्रधान मंत्री जी ने कल लोक सभा में बताया था, no leader in the world asked India to stop its military operations. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): No, please. ...*(Interruptions)*... The Chair is on the legs. No, please. ...*(Interruptions)*...

**डा. के. लक्ष्मण:** ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए दुनिया के किसी देश के नेता ने नहीं कहा। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): Please do not disturb. ...*(Interruptions)*... You will get a chance. You may speak then. ...*(Interruptions)*...

DR. K. LAXMAN: We also told US Vice-President, Mr. JD Vance, on 9th May that if Pakistan fires bullets, India would respond with canon bursts. हम मुंह तोड़ जवाब जरूर देंगे। ...(**व्यवधान**)... यह हमारा रवैया था। Pakistan will have to pay a heavy price. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): No, please. ...*(Interruptions)*... No, please. Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... Only what Dr. Laxman speaks will go on record.

**डा. के. लक्ष्मण:** पाकिस्तान ने इंडिया में violence provoke करने के लिए conspiracy की, but India stood as one. ...(**व्यवधान**)... पाकिस्तान ने न्यूक्लियर के संबंध में जब ब्लैकमेल किया, तब भी हम नहीं झुके। ...(**व्यवधान**)... बार-बार यह सवाल किया जाता है कि पीओके को वापिस क्यों नहीं लिया। मैं यह पूछना चाहता हूं कि पीओके कैसे बना? यह कैसे हुआ? इसके जिम्मेदार कौन थे? ...(**व्यवधान**)... आज आप पीओके को वापिस लाने के लिए सवाल उठा रहे हैं! हमारा नेतृत्व सतर्क है और आने वाले दिनों में यह भी साबित करके दिखाएंगे। इसके लिए हमारा नेतृत्व कटिबद्ध है। ...(**व्यवधान**)... Indus Waters Treaty की बात भी की जा रही है। हमारा जो पानी है, आज 80 per cent of the water went to Pakistan. यह आपके जमाने का रवैया था। ...(**व्यवधान**)...

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): Keep silence, please. Let him complete his speech. Then, I would take it up. *...(Interruptions)...* You may continue, please.

**डा. के. लक्ष्मण:** मैं आपसे इस बात का जिक्र करता हूं कि हमारे जो भी सेनानी हैं, हमारी सरकार ने जो कदम उठाया, इसके बारे में ...(**व्यवधान**)... उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि देश हमें देख रहा है। इन दोनों सदनों में चर्चा हो रही है। लोग हमसे चाहते हैं कि सख्त कदम उठाए जाएं। Sir, this is not an era of war. This is an era of peace, prosperity and development. मोदी जी उसके लिए कटिबद्ध हैं। अगर हमें छेड़ेंगे, तो हम छोड़ेंगे नहीं। इसलिए अगर कोई टेररिज़्म को एस्केलेट करेगा, तो हम मुंह तोड़ जवाब जरूर देंगे। हम टेररिज़्म को नहीं सहेंगे। The entire world is with us. यह प्रधान मंत्री जी ने बताया। पाकिस्तान के साथ कौन था? सिर्फ दो-तीन राष्ट्र छोड़कर पूरी दुनिया हमारे साथ है। I feel really proud. हमारी सरकार द्वारा 13 Member-multi-party parliamentary delegation को 33 कंट्रीज में भेजा गया। They all stood as one. पाकिस्तान ने धर्म के नाम पर इस देश को तोड़ने की साजिश की। मगर चाहे श्रीनगर हो या कश्मीर हो, पूरा देश एकजुट है, क्योंकि वे विकास को अपनी आंखों से देख रहे हैं। वहां रोजगार मिल रहा है, लिविंग स्टैंडर्ड बढ़ गया है। इसलिए Indian Constitution के Article 370 के खत्म होने के बाद it has become part of India. पाकिस्तान की जो साजिश थी, आज हमारी सरकार के द्वारा उसको ठीक ढंग से जवाब दिया गया। आने वाले दिनों में चाहे पाकिस्तान हो या कोई और, उसको जवाब दिया जाएगा। यहाँ लोग बार-बार जो चीन का ज़िक्र कर रहे हैं, तो हमारे विदेश मंत्री ने चीन के बारे में बताया कि आप, आपकी सरकार और आपके समय में किस तरह क्या रवैया अख्तियार किया गया था, अब पूरा देश जानता है। इसलिए मैं ज्यादा नहीं बोलते हुए आपसे सिर्फ इतना कहना चाहता हूँ कि इस ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पूरा देश एक है। Irrespective of our caste, creed, region, religion and language, we all are one, that is, Indians. The message is very clear and loud to the entire world how India can attack terrorism, that is, Pakistan-sponsored terrorism. With these few words, I conclude. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): Thank you, Laxman *ji*. What is your point of order, Pramod Tiwari *ji*? Under which rule is it?

SHRI PRAMOD TIWARI (Rajasthan): Sir, kindly see rule 238A. "परंतु सभापति किसी समय किसी सदस्य को कोई ऐसा आरोप लगाने से मना कर सकेगा यदि उसकी राय में ऐसा आरोप राज्य सभा की गरिमा को घटाने वाला है या उस आरोप को लगाने से कोई लोकहित सिद्ध नहीं होता है।" ...(**व्यवधान**)...
THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): I will examine it and get back to you.

**श्री प्रमोद तिवारी** : मेरी बात सुन लें।

**उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर)** : अगर कुछ ऐसा हुआ तो हम उसको expunge कर देंगे।

**श्री प्रमोद तिवारी**: आप उसको एक्सपंज तो कर देंगे, बहुत-बहुत धन्यवाद, लेकिन इनसे माफी मंगवाइए। £ उनमें यह साहस नहीं है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): The next speaker is Shri Kartikeya Sharma. You have four minutes. ...*(Interruptions)*...

**श्री कार्तिकेय शर्मा** (हरियाणा): उपसभाध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। Today, I rise before this august House not merely as a parliamentarian, but as a proud citizen of a nation that has fundamentally redefined its place in a global strategic order. अपनी बात रखने से पहले मैं पहलगाम हमले में अपना जीवन गंवाने वाले निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और साथ में ईश्वर से कामना करता हूं कि उन पीड़ित परिवारों को शांति दें।

महोदय, इस चर्चा का उद्देश्य क्या है? What is the purpose of today's debate? इस चर्चा का उद्देश्य यह नहीं है कि सरकार विपक्ष के कुछ लोगों को इस बात का एहसास दिलाए कि ऑपरेशन सिंदूर कितना ग्रैंड सक्सेस रहा है। इस चर्चा का विषय यह है कि जो हमारे सैनिक हैं, हमारे वीर जवान हैं, उनके कार्यकौशल की जो गाथा है, हम उसकी बात देश के सामने रख सकें, देश को उनसे अवगत करा सकें और यह बात उन तक पहुंचा सकें। सर, हम एकमुश्त होकर, एक आवाज में पूरी दुनिया को इस बात का जवाब दे सकें कि चाहे पक्ष हो, चाहे विपक्ष हो, हम भारतीय हैं और हम भारत की बात पूरी दुनिया के पटल पर एक आवाज में एकमुश्त होकर रखेंगे। This debate is not between INDI and NDA. It is a debate between valour and terror. वीरता और कायरता के बीच की यह डिबेट है, भारत और पाकिस्तान के बीच की यह डिबेट है। हमने अपने पड़ोसियों की ओर बहुत बार हाथ बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हमेशा हमारा हाथ काटने का काम किया। हमारी सरकार ने पिछले 11 साल में भी ऐसा प्रयास किया, लेकिन हमेशा पाकिस्तान की तरफ से हमें धोखा और छल मिला। हमारे शास्त्रों में कहा गया है - अहिंसा परमो धर्मः धर्म हिंसा तथैव च। जब धर्म की रक्षा के लिए हिंसा आवश्यक हो, तो वह धर्म ही है।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य ऑपरेशन नहीं था, बल्कि यह एक सभ्य राष्ट्र की चेतावनी थी कि हमारे देश में भगवान बुद्ध का भी वास होता है और भगवान परशुराम जी का भी वास होता है। यह उनकी भूमि भी है और संयम ही हमारा संस्कार है। लेकिन अगर कोई हमारी शक्ति को चुनौती देगा, तो उसे इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, यह दर्शाया गया है। पाकिस्तान ने केवल पहलगाम की कायरता की कीमत नहीं चुकाई, बल्कि हमने सिर्फ 23 मिनट में पिछले कई दशकों में हुए आतंकवादी हमलों का बदला लिया है, वह भी सूद समेत। मैं कुछ उन चीजों का उल्लेख करना चाहूंगा। मरकज़-ए-तैयबा, लश्कर-ए-तैयबा के हेडक्वार्टर का प्रमुख मुदस्सर खदाइन खास उर्फ अबु जुंदैल, जो 2008 के मुंबई हमलों में शामिल था; मरकज़

£ Exupnged as ordered by the Chair.

सुभान अल्लाह का प्रमुख और जैश-ए-मुहम्मद का फंड रेजिंग करने वाला हाफिज़ मुहम्मद जमील; या फिर आईसी 814 हाइजैकिंग केस में शामिल जैश-ए-मुहम्मद का मोहम्मद यूसुफ अज़हर; ऐसे अनेक लोगों को टारगेट किया गया और उनको बताया गया कि भारत के ऊपर आक्रमण करने का क्या रिजल्ट होगा। सर, 23 मिनट में हमारे वीर सैनिकों ने वहाँ आग बरसाने का जो काम किया है, terrorism infrastructure and launching pads को खत्म करने का जो काम किया है, यह वाकई हमारे वीर सैनिकों का एक बहुत ही प्रशंसनीय कदम है। सिर्फ इतना ही नहीं, पाकिस्तान की तरफ से जो हमले आए, उन्होंने उनको 100 per cent accuracy से विफल करने का काम किया। यह नया भारत है और यह नये भारत की परिभाषा है। इस नये भारत में याचना नहीं होती, रण होता है; dossiers नहीं भेजे जाते, missiles भेजे जाते हैं, drones भेजे जाते हैं, bombs भेजे जाते हैं, jets भेजे जाते हैं और वह भी - 'Made in India'. 'Made in India, proven in Pakistan, guaranteed by Modi' — हमारे 'Made in India' technology की यह USP है। यह नये युग का भारत है। भारत की इस ताकत को अब पूरा विश्व जान चुका है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि those who are questioning the 'Operation Sindoor' and its success should really ask themselves what they had done when it was their time to act. What did they do when the country was reeling under terrorism? False narratives create किए गए हैं, जो तथ्यों से परे हैं। एक narrative यह है कि हमारी कूटनीतिक व्यवस्था सक्षम नहीं थी, जबकि fact यह है कि 193 nations में से सिर्फ चार देशों ने पाकिस्तान का सपोर्ट किया है। ऐसे कई fake narratives बनाए गए हैं। मैं सब में नहीं जाऊंगा, क्योंकि उनका वर्णन अच्छे से किया गया है, परन्तु उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका संरक्षण चाहूंगा, ताकि मैं अपनी बात पूरी कर सकूं। मैं एक इंडिपेंडेंट हूं। मेरे पास पार्टी से टाइम लेने का समय नहीं है, इसलिए मैं अपनी बात पूरी करना चाहूंगा। ...(**समय की घंटी**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर)**: आपका टाइम पूरा हो रहा है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री कार्तिकेय शर्मा**: सर, यह एक endless list है, परन्तु मैं यह बात जरूर रखना चाहूंगा, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में 8,000 से ज्यादा नक्सलियों को सरेंडर कराया गया है - पशुपतिनाथ से लेकर तिरुपति तक। आतंकवाद के हमलों में 78 परसेंट कमी आई है। सिर्फ इतना ही नहीं, हाल ही में हमारे गृह मंत्री जी ने 'ऑपरेशन महादेव' का उल्लेख किया, उसकी बात भी सदन के सामने रखी। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि चीन और तुर्की के शस्त्रों से.. अटल जी की एक poem है, मैं उसी का उल्लेख करना चाहता हूं: ...(**समय की घंटी**)...

*"चीन और तुर्की के शस्त्रों से*
*अपनी आजादी को दुनिया में कायम रख लोगे,*
*यह मत समझो।*
*आईएमएफ से एक बिलियन डॉलर लेकर*
*आने वाली बर्बादी से तुम बच लोगे*
*यह मत समझो।"*

**उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर)**: अब आप कृपया समाप्त कीजिए। ...(**व्यवधान**)... कृपया समाप्त कीजिए। ...(**व्यवधान**)... Please conclude.

**श्री कार्तिकेय शर्मा**: सर, मैं एक बार फिर से आपका आभार और धन्यवाद करना चाहता हूं और सेनाओं का धन्यवाद करना चाहता हूं, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): The next speaker is Shri Ghulam Ali.

**श्री गुलाम अली** (नामनिर्देशित): शुक्रिया, वाइस चेयरमैन सर। मैं जम्मू-कश्मीर से आता हूं। मैंने कल से बहुत कुछ सुना है, लेकिन किताब से ही पढ़ा है, क्योंकि मुझे प्रैक्टिकल तो कम ही दिख रहा है। मैं अपनी पार्टी का बहुत मशकूर हूं, जिन्होंने मुझे इस important issue पर बोलने का मौका दिया।

सर, पहलगाम का मंजर बहुत खौफनाक था। दुनिया का कोई मजहब किसी की जाति या मजहब पूछ कर उसको point-blank से गोली मारना allow नहीं करता है। मैं सबसे बड़ी बात यह कहना चाहूंगा कि जिन फैमिलीज के साथ यह हादसा हुआ, पूरा देश उनकी श्रद्धांजलि में, उनकी दुआ के लिए खड़ा है और जो injured हुए, उनके साथ खड़ा है। वाइस चेयरमैन साहब, पहली बार ऐसा हुआ कि पिछले 70 सालों में कश्मीर के नौजवानों ने, कश्मीर के youtubers ने, कश्मीर के media bloggers ने, कांग्रेस, वहां की नेशनल कांफ्रेंस तथा वहां की लोकल जमातों का narrative and vision change किया। ये pseudo secularism की पॉलिसी करते थे। पिछले 30 सालों में terrorists के साथ मुठभेड़ों में फोर्स के जिन लोगों ने जानें गवाईं, prominent लोगों की ethnic cleansing हुई, इन्होंने कभी उनको martyrs नहीं समझा या उनके नाम पर स्कूलों के नाम नहीं रखे। अभी लेफ्टिनेंट गवर्नर साहब ने उन स्कूलों के नाम, उनके नाम पर रखे हैं। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि आप clarify करिए। पिछले दिनों आपने उमर अब्दुल्ला साहब को देखा होगा कि वे martyrs के लिए छलांग लगा रहे थे। आप देश को clarity बताइए कि जिनको देश martyrs समझता है, आप उनको martyrs समझते हैं या जो देश के खिलाफ हैं, उनको आप martyrs समझते हैं। ...(**व्यवधान**)...

†**جناب غلام علی** (نامزد): شکریہ، وائس چئرمین سر۔ میں جموں وکشمیر سے آتا ہوں میں نے کل سے بہت کچھ سنا ہے لیکن کتاب سے ہی پڑھا ہے کیوں کہ مجھے پریکٹیکل تو بہت کم ہی دکھ رہا ہے۔ میں اپنی پارٹی کا بہت مشکور ہوں، جنہوں نے مجھے اس اہم ایشو پر بولنے کا موقع دیا۔

سر، پہلگام کا منظر بہت خوفناک تھا۔ دنیا کا کوئی مذہب الاؤ نہیں کرتا ہے کسی کی ذات یا مذہب پوچھ کر اس کو پوائنٹ بلینک سے گولی مارنا الاؤ نہیں کرتا ہے۔ میں سب بڑی بات یہ کہنا چاہوں گا کہ جن فیملیز کے ساتھ یہ حادثہ ہوا، پورا دیش ان کی شردھانجلی میں ان کی دعا کے لیے کھڑا ہے اور جو زخمی ہوئے، ان کے ساتھ کھڑا ہے وائس چئیرمین صاحب پہلی بار ایسا ہوا کہ پچھلے 70 سالوں میں کشمیر کے نوجوانوں نے کشمیر کے یوٹیوبرز نے کشمیر کے میڈیا بلاگرز نے کانگرس، وہاں کی نیشنل کانفرنس اور وہاں کی لوکل جماعتوں کا narrative and vision change چینج کیا یہ pseudo secularism کی پالیسی کرتے تھے۔ پچھلے 30 سال

† Transliteration in Urdu script.

میں terrorists کے ساتھ مڈبھیڑوں میں فورس کے جن لوگوں نے جانیں گنوائیں، prominentلوگوں کی ethnic cleansing ہوئی انہوں نے کبھی ان کو martyrs نہیں سمجھا یا ان کے نام پر اسکول کا نام نہیں رکھا ابھی لفٹیننٹ گورنر صاحب نے ان اسکولوں کے نام ان کے نام سے رکھیں ہیں۔ میں کانگرس سے پوچھنا چاہتا ہوں کہ آپ ہم clarify کرئیے پچھلے دنوں آپ نے عمر عبداللہ صاحب کو دیکھا ہوگا کہ وہ martyrs کے لیے چھلانگ لگا رہے تھے آپ دیش کو کلیرٹی بتائیے کہ جن کو دیش martyrs سمجھتا ہے اپ ان کو martyrs سمجھتے ہیں یا جو دیش کے خلاف ہیں، ان کو آپ martyrs سمجھتے ---(مداخلت)---

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): Jairam ji, please. ...(*Interruptions*)... No running commentary please. ...(*Interruptions*)... No running commentary please. ...(*Interruptions*)...

**श्री गुलाम अली :** सर, ये बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। **...(व्यवधान)...** हमें मीडिया वाले सवाल करते हैं। कांग्रेस के बड़े सीनियर लीडर, जिनकी हम इज्जत करते हैं, वे क्या बोलते हैं? **...(व्यवधान)...**

† **جناب غلام علی:** سر، یہ بڑی بڑی باتیں کرتے ہیں ---(مداخلت)--- ہم سے میڈیا والے سوال کرتے ہیں کانگریس کے بڑے سینئیر لیڈر، جن کی ہم عزت کرتے ہیں وہ کیا بولتے ہیں ---(مداخلت)---

**उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर):** जब आपकी पार्टी का समय आएगा, तब आप बोलिएगा। **...(व्यवधान)...**

**श्री गुलाम अली:** सर, तीन महीने बाद वे बोलते हैं कि वह नेटिव लोगों ने किया था। उसमें कंफ्यूजन है। अब आपको कंफ्यूजन! इसी कंफ्यूजन के कारण देश के लोगों ने आपको निकाला है। सर, क्या इन्होंने अटैक से पहले पाकिस्तानी जनरल की स्टेटमेंट को नहीं पढ़ा? क्या इन्होंने रेडियो, अखबार, टीवी पर नहीं सुना कि पाकिस्तान के जनरल ने क्या बोला। वे कहते हैं कि हमें अगली जेनरेशन को बताना है कि हमें उनके साथ लड़ना है और कश्मीर हमारा जुगल और हमारी शह-रग है। फिर भी आप सबूत माँगते हैं! यह बड़े अफसोस की बात है। हमारी सेनाओं ने जिनको नेस्तनाबूद किया, उनके funeral में कौन शामिल हुए? फिर भी आप सबूत माँगते हैं! अब तीन महीने बाद भी इनको कंफ्यूजन है। यह बड़े अफसोस की बात है।

सर, मैंने कल अपने कलीग से सुना। वे कहते हैं कि मोदी जी विज़िबल नहीं हैं, मोदी जी दिखते नहीं है। आप जम्मू-कश्मीर के लोगों से पूछिए। आपने पिछले 30 साल में वहाँ पर कब्रिस्तान आबाद किया है। 40,000 से ज्यादा लोगों को कब्रिस्तान में ढेर किया है। नरेन्द्र मोदी जी वहाँ स्कूल आबाद किए हैं। नरेन्द्र मोदी जी वहाँ खेल के मैदान आबाद किए हैं। नरेन्द्र मोदी जी वहाँ पर बाग़ात आबाद किए हैं। नरेन्द्र मोदी जी वहाँ ये सारी चीज़ें आबाद किए हैं। आपने क्या दिया? आपने कैलेंडर दिया? **...(व्यवधान)...** आप सुनने की ताकत रखिए। **...(व्यवधान)...** आपने गरीब के बच्चों को स्टोनिंग दिया। आपने यतीमखाने बनाए। आपने विडोज़ बनाए। हम वहाँ मरहम- पट्टी कर रहे हैं। हम वहाँ rehabilitation कर रहे हैं। **...(व्यवधान)...**

† Transliteration in Urdu script.

Contents Page

सर, इनको 70 साल तक ओबीसी नहीं दिखा, हमने उनको 8 परसेंट दिया। यह इनको नहीं दिखा। इनको 70 साल तक शेड्यूल ट्राइब को पॉलिटिकल रिजर्वेशन की बात नहीं दिखी। वह हमने दिया। इनको कश्मीरी पंडित, जिनको वहाँ से भगाए थे, उनको हमने पोलिटिकल राइट्स दिए। इनको यह नहीं दिखा। 70 साल पहले पीओजेके से, वेस्ट पाकिस्तान से रिफ्यूजी बेघर होकर अपनी-अपनी जमीनें छोड़ कर, इबादतगाहें छोड़ कर जम्मू में आए, वह इनको 70 साल तक नहीं दिखा। नरेन्द्र मोदी जी ने उनको compensation दिया और पॉलिटिकल राइट्स दिया। इनको मोदी जी विज़िबल ही नहीं दिखते। मोदीजी को देखने के लिए ऐनक चाहिए। आपके पास ऐनक नहीं है। हम क्या करें? मैं क्या करूं? आपने फॉरेस्ट राइट्स नहीं दिए। ...(**व्यवधान**)... 30 साल victim aggrieved, जो मिलिटेंसी से मुतास्सिर हुए, अभी लेफ्टिनेंट गवर्नर साहब उनके घर-घर जाकर उनको नौकरी दे रहे हैं और उनकी बात पूछ रहे हैं, लेकिन वे आपको नहीं दिखे। ...(**व्यवधान**)... मुझे लगता है कि अब इनको प्रधान मंत्री जी दिखेंगे। कल के पौने दो घंटे के भाषण के बाद इनको दिख गया।

सर, जिन्होंने पहलगाम में खूंखार, घिनौना, anti-religious, anti-ethical काम किया, उनको हमारी सेनाओं ने पिछले दिन ही ढेर किया है। यह इनको दिखता नहीं है। जो उनकी पुश्तपनाही करते थे, जो उनके आर्किटेक्चर थे, जो पिछले 30 साल से प्लानिंग बनाते थे, उनके नौ के नौ अड्डों को हमारी सेनाओं ने नेस्तनाबूत किया। अब इनको ऑपरेशन नहीं दिखता है, तो मैं क्या करूँ? ये अभी "मैं" में जीते हैं, "हम" में जीने के लिए इनको अभी टाइम लगेगा। मैं कल सुन रहा था। ये कहते हैं कि आपने पाकिस्तान को अटैक की इंफॉर्मेशन क्यों दी? मैंने यह मीडिया में सुना। हम टेररिस्ट के प्रॉक्सी वॉर से लड़ रहे हैं, हमने पाकिस्तान पर अटैक नहीं किया। हमने उसके अंदर जाकर उनकी सोच को नेस्तनाबूद किया। हमने उनको बताया, तुम्हें पता नहीं चला, जागो और जाकर देखो हमने वह नेस्तनाबूद कर दिया है, इसीलिए हमने उनको बताया था। उनकी सेना को मालूम नहीं हुआ। वे कह रहे थे कि कुपवाड़ा, उरी, पुंछ, राजौरी, जम्मू में और पंजाब से लेकर जैसलमेर तक नुकसान हुआ। बिल्कुल, जंग में नुकसान होता ही है। पाकिस्तान ने हमारे एस्टैब्लिशमेंट्स पर अटैक करने की कोशिश की, लेकिन हमारे जो इंडीजीनस, हमारी मिलिट्री के बनाए हुए हथियार थे, उन्होंने उनको हवा में ही डिफ्यूज कर दिया। मैं डिफेंस मिनिस्टर साहब को मुबारकबाद दूँगा कि पूरे इंटरनेशनल बॉर्डर और एलओसी पर जो बंकर बनाए गए हैं और हमारी गवर्नमेंट ने लोगों को सायरन और अनाउंसमेंट से जो पहले आगाह किया, उससे हमारे हजारों लोगों का नुकसान कम हुआ है। इस साइड भी आपकी नजर जानी चाहिए थी।

अभी हमारे एक स्पीकर बोल रहे थे कि नेहरू जी के बिना आपका काम चलता ही नहीं है। सुनिए जनाब, नेहरू जी ने जम्मू-कश्मीर के लोगों को प्लेबिससाइड की, रायशुमारी की पट्टी पढ़ाई। आपने जम्मू-कश्मीर के लोगों में दोहरी ज़हनियत खड़ी की। इस बात की दोहरी ज़हनियत कि हम हिंदुस्तानी हैं या नहीं हैं? लोगों ने इनको झोले भर-भर के वोट दिए, लेकिन उन लोगों के लिए इन्होंने क्या किया, क्या दिया? इन्होंने एक सुल्तान इंपोज़ किया। कौन? ये सुल्तान शेख अब्दुल्ला साहब को मुस्लिम कॉन्फ्रेंस से लेकर आए और अब सुल्तान साहब की तीसरी पीढ़ी चल रही है। सुल्तान साहब कहते हैं कि औरतों को प्रॉपर्टी पर राइट नहीं होना चाहिए। ठीक है, नहीं होना चाहिए। उन्होंने ऑटोनमी का पाठ पढ़ाया। इन्होंने जम्मू-कश्मीर का पारा-पारा होने दिया।

Contents Page

क्यों होने दिया? जो सुल्तान को सूट करता था, कांग्रेस ने उतना जम्मू-कश्मीर रखा। पीओजेके उनको सूट नहीं करता था, इसलिए यूनिलैटरल सीज़फायर किया। इसका जवाब कौन देगा? आपने लोगों में दोहरी ज़हनियत क्रिएट की। आपके प्राइम मिनिस्टर नरसिम्हा राव जी 1995 में साउथ अफ्रीका से क्या बोलते हैं? Burkina Faso, addressed by Doordarshan broadcast, he declared the sky is the limit. As far as autonomy is concerned, short form of azadi/independence, we are willing to discuss everything. यह बड़े अफसोस की बात है कि जब आप आज़ादी दे रहे थे, जब आप ऑटोनमी दे रहे थे, उस वक्त आपके मेंबर्स ने ऑब्जेक्शन किया, लेकिन आपको उनकी बात समझ में नहीं आई। आप यह पाठ पढ़ाते हैं! वाइस चेयरमैन साहब, बीजेपी ने उस वक्त भी अपोज़ किया। उस वक्त टूथ एंड नेल अपोज़ किया। इनको नहीं समझ आई। उसके बदले में हमने क्या दिया? हमने लोगों को भारत की ज़हनियत दी। हमने 370 एब्रोगेट करके उनका डबल माइंड खत्म किया। आज कश्मीर का नौजवान स्टार्टअप-स्टैंड अप के ज़रिए भारत की तरक़्क़ी में, जो दुनिया की बड़ी ताक़त बन रहा है, उसमें अपनी उम्मीद रखता है। आपने उसे डबल माइंड में छोड़ दिया था। बड़े अफ़सोस से ये बात कहनी पड़ती है। आज बड़ी बातें, इंसानी बातें हो रही थीं। हमारे बड़े क़रीबी दोस्त हैं, कह रहे थे कि पाकिस्तान का पानी बंद कर रहे हैं, उन्हें बड़ा अफ़सोस है! मेरे दोस्त, जितने क्विंटल टन उसने हमें ड्रग्स भेजे हैं, जो ड्रोन अटैक हुए हैं, जो इनफिल्ट्रेशन हुई है - हमने 80 प्रतिशत पानी उसे क्यों दे दिया! मैं कांग्रेस से पूछता हूं कि आपने जम्मू-कश्मीर के लोगों का पीने का पानी, खेती का पानी, बिजली पैदा करने वाला पानी क्यों दिया? आप कौन होते हैं देने वाले? आप देश को जवाब दीजिए। क्यों आपने जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ ज़ुल्म किया? जवाब दीजिए - देश जवाब चाहता है।

महोदय, हमारा 'गुडविल', अच्छे ताल्लुक़ात का रिलेशन था। क्या दिया उन्होंने बदले में? क्या दिया? क्या मिला हमें? ...(**व्यवधान**)... शोर करने से कुछ नहीं होने वाला। आपको अब कोई नहीं सुनेगा। उसके बाद क्लाइमेट चेंज हुआ। 50-60 साल पुराने प्रोजेक्ट्स हैं, उनमें सिल्टिंग है। हमारे यहां विंड एनर्जी का वो सिस्टम नहीं है। विंड एनर्जी के माफिक हवा नहीं है। वह सिर्फ़ लद्दाख के पास है। जम्मू-कश्मीर के लोग सिर्फ़ हाइड्रो पर हैं। हमारे किसान नहरों पर निर्भर हैं। जम्मू-कश्मीर के लोगों को पीने का पानी नहीं है। लेकिन बड़े अफ़सोस की बात है कि आज भी हम वेंटिलेटेड पाकिस्तान को लिए ऑक्सीजन का काम करते हैं! उसको ऑक्सीजन मत दो! आप देश के लोगों के लिए ऑक्सीजन की सोचिए। इंटरनेशनल फोरम्स पर हमें डाउन कर दिया गया। भारतीय जनता पार्टी ने मीडिएशन लिया। मीडिएशन हमें कब चाहिए था? जब हम घोटालों में फंसे थे, कॉमनवेल्थ के घोटालों में, टेलीकॉम के घोटालों में फंसे थे, तब मीडिएशन चाहिए था! आज भारत के नौजवानों के पास मोदी जी की स्टार्टअप-स्टैंड अप योजना है। आज नौजवानों के पास सशक्त भारत है। ...(**समय की घंटी**)... आज हमें किसी की राय लेने की ज़रूरत नहीं है। कौन-सा देश क्या बोलता है — इसकी चिंता हमें नहीं है। I am concluding. मैं यूरोप गया, मुझे यूरोप जाने का मौक़ा मिला। 23 देशों ने हमसे बिज़नेस करने की इच्छा जताई। हमारे हुनरमंद, स्किल्ड लोग वहां प्रेफर किए जाते हैं।

Contents Page

† **جناب غلام علی:** سر، تین مہینے بعد وہ بولتے ہیں کہ وہ نیٹیو لوگوں نے کیا تھا۔ اس میں کنفیوژن ہے۔ اب آپ کو کنفیوژن۔ اسی کنفیوژن کی وجہ سے دیش کے لوگوں نے آپ کو نکالا ہے۔ سر، کیا انہوں نے اٹیک سے پہلے پاکستانی جنرل کی اسٹیٹمینٹ کو نہیں پڑھا؟ کیا انہوں نے ریڈیو اخبار ٹی وی پر نہیں سنا کہ پاکستان کے جنرل نے کیا بولا۔ وہ کہتے ہیں کہ ہمیں اگلی جنریشن کو بتانا ہے کہ ہمیں ان کے ساتھ لڑنا ہے اور کشمیر ہمارا جگل اور ہماری شہہ رگ ہے پھر بھی آپ ثبوت مانگتے ہیں یہ بڑے افسوس کی بات ہے ہماری سیناؤں نے جن کو نیست و نابود کیا، ان کے funeral میں کون شامل ہوئے؟ پھر بھی آپ ثبوت مانگتے ہیں اب تین مہینے بعد بھی ان کو کنفیوزن ہے یہ بڑے افسوس کی بات ہے۔

किया, यह किसने किया? मैं हाउस के अंदर हमारे पूर्व रक्षा मंत्री का स्टेटमेंट पढ़ता हूँ। "India has a policy for many years that the best defence is not to have the borders. An undeveloped border is safer than the developed border. So, for many years, there was no construction of roads, air fields and other things in the border areas." इसे मैं अमावस्या न कहूँ तो और क्या कहूँ? एक गृह मंत्री का बयान है कि मुझे कश्मीर जाने में डर लगता है! आप देखिए कि यह देश घनघोर अमावस्या में जिया है। वे हमसे पहलगाम पर चर्चा माँग रहे हैं! हम तैयार हैं। अब आप 2014 का दूसरा फेज़ देखिए। तब अमावस्या घटने लगी, एकादशी आई, फिर द्वादशी आई और इस तरीके से हम पूर्णमासी की ओर बढ़े। मैं ऑन रिकॉर्ड बोलना चाहता हूँ। गृह मंत्री जी आएंगे, वे भी अपने बयान में सारी बातें डिटेल में रखेंगे। लेकिन अदर देन जम्मू कश्मीर, सारे देश में टेररिस्ट अटैक्स बंद हो गए हैं। हमें इस बात को समझ लेना चाहिए। Only in Jammu and Kashmir, it is there. नहीं तो कभी हैदराबाद, कभी मुंबई, कभी वाराणसी, कभी कोलकाता, कभी बेंगलुरु, कौन सा राज्य बचा था? हरेक जगह बम ब्लास्ट हो रहे थे। दस सालों के अंदर दिल्ली में एक नहीं, तीन-तीन बार बम ब्लास्ट हो गए। From 2004-14, it happened in Delhi three times. पुणे में बम ब्लास्ट हुआ। हरेक जगह बम ब्लास्ट हुए। From 2014-25, till date, except Jammu and Kashmir, no incident of terrorism has taken place. 2004 से 2014 तक 7,217 टेरर इंसीडेंट्स हुए और 2015 से 2025 तक 2,115 टेटर इंसीडेंट्स हुए। इनमें अस्सी प्रतिशत का रिडक्शन हुआ है। हम हिसाब दे रहे हैं। हम चर्चा कर रहे हैं। During 2004-14, the civilian deaths were 1770 while from 2015-25, this number was 357 - a reduction of 70 per cent. During 2004-14, the deaths of security personnel were 1060 while from 2015-25, this number was 542 - a reduction of 70 per cent. Deaths of terrorists increased by 123 per cent. टेररिस्ट की डेथ 123 प्रतिशत तक इंक्रीज हुई है।

महोदय, अब हम उरी सर्जिकल स्ट्राइक की बात करना चाहेंगे। हमारे उरी ब्रिगेड हेड क्वार्टर पर 2016 में जैश ए मोहम्मद के कमांडर्स आए और उन्होंने 19 सोल्जर्स को हताहत कर दिया। मैं इसे ऑन रिकॉर्ड लाना चाहता हूँ। इसीलिए मैं कह रहा हूँ कि आर्मी तब भी थी और आर्मी आज भी है। फौजी तब भी थे, आज भी है। लेकिन पोलिटिकल लीडरशिप अलग थी। It was for the first time after 1947 that the Indian Prime Minister came on record और एक प्राइम मिनिस्टर ने क्या कहा - उरी हमले के पीछे के लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। यह उन्होंने कोझिकोड में कहा था। 3 दिन के भीतर 28 और 29 सितम्बर को सर्जिकल स्ट्राइक्स हुईं, लॉन्चिंग पैड्स को ध्वस्त कर दिया गया और for the first time Pakistani military personnel कम से कम 30 से 40 मारे गए, साथ में टेररिस्टों का सफाया हुआ और लॉन्चिंग पैड्स समाप्त हुए। यह जवाब था। यह है पूर्णमासी, यह है बदलता भारत, यह है मोदी जी का नेतृत्व और यह है ट्रांसपेरेंसी। 1947 से आज तक कोई Prime Minister has not responded. आप कहते हैं कि पीएम बोलो, पीएम बोलो। पीएम जब बोलते हैं, देश को तो वे जवाब देते ही हैं, लेकिन तब वे दुनिया को भी जवाब देते हैं। बालाकोट एयर स्ट्राइक - जैश-ए-मोहम्मद ने उसकी जिम्मेवारी ली, explosives loaded in a vehicle, जिसमें हमारे सीआरपीएफ के 40 लोगों की जानें गईं। प्रधान मंत्री मोदी जी ने यहाँ पालम एयरपोर्ट पर सबको श्रद्धांजलि भी दी थी और उसके बाद एक वक्तव्य दिया था। वह वक्तव्य क्या था - पाकिस्तान ने एक बहुत बड़ी गलती कर दी है और उसको इसका खामियाजा

Contents Page

भुगतना पड़ेगा। See the political will. हम देखेंगे, हम सोचेंगे, हम विचार करेंगे, हम चर्चा करेंगे, हम बातचीत करेंगे, हम बिरयानी खिलाएंगे, हम dossier भेजेंगे, यह नहीं किया। यह कहा कि बहुत बड़ी गलती कर दी है और खामियाजा भुगतना पड़ेगा। See the political will . 'पड़ेगा' आप शब्द देखिए। नेताओं के मुख से शब्द ऐसे ही नहीं निकलते हैं। जब देश के प्रति कमिटमेंट होती है, तब ये निकलते हैं। 11 दिनों के अंदर भीतर बालाकोट का जवाब दिया गया है। 70 किलोमीटर अंदर घुसकर 5,000 किलोग्राम के ammunition को ड्रॉप किया गया और वहाँ उनके जो सारे ठिकाने थे, उनको हम लोगों ने ध्वस्त किया।

पहलगाम अटैक आपके सामने है और आप चर्चा करने के लिए कह रहे हैं। हम इस पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। हम उसकी भी डीटेल्स आपके सामने रखना चाहते हैं। हम सबको मालूम है 26 सिविलियन्स मारे गए। आदरणीय मोदी जी ने मधुबनी में - उसके बारे में चर्चा की गई कि बिहार में चुनाव प्रचार में गए थे - जी नहीं, आप भूल गए, भारत देश की मिट्टी से आपका संबंध नहीं है - वह पंचायती राज दिवस था और भारत के प्रधान मंत्री हर साल, इसी साल नहीं, बल्कि हर साल पंचायती राज दिवस अपने पंचायत से जुड़े हुए सदस्यों के साथ मनाते हैं। वे वहाँ गए थे और उन्होंने वहाँ पर कहा था और वे शब्द भी देखिए। देखिए, नेता के शब्दों में, How much conceptual clarity there was, कि तुमको कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी, जो तुमने सोचा भी नहीं होगा, वह सजा तुमको मिलेगी। आपको और हम सबको सबको मालूम है कि 13 दिनों के अंदर जवाब दिया गया - ऑपरेशन सिंदूर। हमने terror infrastructure को हिट किया, वह measured था, non-escalative था। हम 300 किलोमीटर अंदर गए। पाकिस्तान के एयर बेस में वहाँ पर precision के साथ अक्यूरेसी की। कोई सिविलियन हताहत नहीं हुआ और वहाँ पर मौजूद कोई टेररिस्ट बचा नहीं। जैसा कि हमारे विदेश मंत्री जी ने अपने वक्तव्य में बताया कि यूट्यूब खोल लीजिएगा, अगर आपको रात को समय मिलेगा, तो खोल लीजिएगा और उसमें देखिएगा कि किस तरीके से पाकिस्तान की आर्मी टेररिस्टों के जनाज़े में शामिल हुई है। यूट्यूब में कितने पोस्ट हैं और कितने लोग मारे गए हैं, उसका अंदाज आपको यूट्यूब से मिल जाएगा। उसी तरीके से सुरक्षा बलों ने नौ मिसाइल्स से आतंकी ठिकाने को नेस्तनाबूद किया, जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा के सेंटर को नेस्तनाबूद किया। उसी तरीके से जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज़बुल मुजाहिद्दीन, इन तीनों के ठिकानों को नष्ट किया गया। बहावलपुर, मरकज-ए-तैयबा, नारोवाल, सियालकोट, बरनाला कोटली, मुजफ्फराबाद, इन सबको ध्वस्त किया गया। 22 मिनट में हमने अप्रैल 22 का बदला ले लिया, इस बात को भी हमको समझना चाहिए। Never in the history, मैं on record बोल रहा हूं, कभी भी किसी भी सरकार ने इस तरीके से पाकिस्तान को जवाब नहीं दिया, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधान मंत्री जी ने दिया। 22 मिनट के अंदर! हम देखते हैं कि इस अटैक के बाद उन्होंने लगभग 1,000 के आसपास ड्रोन्स और मिसाइल्स हमारे ऊपर छोड़े। मैं भारत की फौज को सलाम करता हूं कि एक भी civilian हताहत नहीं हुआ और हमने सारे के सारे नेस्तनाबूद किए। हमने उनकी हवाई सुरक्षा प्रणालियों को निष्क्रिय कर दिया, सैन्य संपत्तियों को नष्ट किया और 11 एयर बेसेज़ को हम लोगों ने damage कर दिया। पसरूर, आरिफवाला, चकलाला, रफीकी, मुरीद एयरपोर्ट, सुक्कुर एयरपोर्ट, रहीम यार खान एयरपोर्ट, चुनियान एयरपोर्ट, सरगोधा एयरपोर्ट, भोलारी एयरपोर्ट को हमने damage किया। ये सब बॉर्डर से कोई 200 कि.मी. है, कोई 270 कि.मी. है, कोई 140 कि.मी. है, कोई 297 कि.मी. है। आप

देखिए, आज इंडिया की सैन्य शक्ति का सदुपयोग करते हुए, उनके जांबाज लोगों को पूरी छूट देने के कारण और यह political leadership नरेन्द्र मोदी जी ने दिया, जिसके कारण आज हमने उसके 11 बेसेज़ को ध्वस्त कर दिया और उसको एयरबेस में कम से कम 5 साल पीछे धकेल दिया। जकोबाबाद बॉर्डर से, एलओसी से पाकिस्तान के अंदर 300 कि.मी. है। इस तरीके से 9-10 मई की एक ऐतिहासिक रात को जो engagements किया गया, वह हम सबके सामने है। यही नहीं, एक तरफ आप उनके साथ treaty कर रहे थे, trade agreement कर रहे थे, लेकिन प्रधान मंत्री, मोदी जी ने क्या किया? Indus Waters Treaty of 1960 was held in abeyance. मुझे एक बात का बहुत दुख होता है कि इधर से प्रधान मंत्री जी कोई action लेते हैं और आप उधर से पूछने लगते हैं कि इसको लागू कैसे करेंगे? आपको लागू करने की चिंता ज्यादा होती है। आपको इसकी चिंता नहीं होती है कि political will देखो कि इसको करने का निर्णय लिया गया है। अब ऐसे कहना नहीं चाहिए, war को हम किसी शादी से नहीं जोड़ देते, लेकिन कई बार क्या होता है कि कोई अच्छा काम हो रहा हो, तो मामा रूस जाता है। मुझे कभी मामा खुश दिखा ही नहीं। अब मैं इतनी सारी बातें बोल रहा हूं। ये बातें बीजेपी की हैं कि भारत देश की हैं? बोलिए, ये भारत देश की हैं कि बीजेपी की हैं? इधर से भी बोलिए कि किसकी हैं? अगर भारत देश की हैं, तो आप ऐसे-ऐसे थपथपा क्यों नहीं देते हैं? हमसे ही उदाहरण मांग लीजिए, हम ही दे देंगे आपको। मैं कई बार बोलता हूं। देखिए, हम लोग बार-बार कहते हैं दल से बड़ा देश। लेकिन हम दल को बचाने के पीछे देश की खुशी में भी शामिल नहीं हो पाते हैं। यह मैंने लोक सभा की तस्वीर देखी। मंत्री होने के नाते मुझे लोक सभा में जाने की इजाजत है, मैं वहां बैठा था। चेहरे उतरे हुए थे, सूखे हुए थे, उसमें पानी नहीं था, रौनक नहीं थी। मैं यह इशारा इसलिए कर रहा हूं कि यहां थोड़ा सा बदलाव आ जाए।

हमने 1960 के Indus Waters Treaty को abeyance में डाल दिया; Integrated Check Post, Attari बंद कर दिया; Pakistan nationals को permission to travel in India, SAARC Visa Exemption Scheme बंद कर दिया; Defence/Military, Air and Naval Advisors को यहां persona non grata घोषित करके उनको पाकिस्तान वापस भेजा और international community को हम लोगों ने पूरा का पूरा inform किया और हमने साफ कहा कि cross-border terrorism बर्दाश्त नहीं होगा। Terror is to disrupt J&K economy. हमने Right to defend किया। इस तरीके से पुलवामा के बाद भारत सरकार ने measures against Pakistan लिए। Closed means closed; chapter is closed. अभी विदेश मंत्री जी ने बताया कि पानी और खून एक साथ नहीं बहेंगे, Terror और talk एक साथ नहीं होंगे। आज तक किसी प्रधान मंत्री ने नहीं कहा है। प्रधान मंत्री मोदी जी ने कहा कि nuclear power की धमकी देना, गीदड़भभकी देना बंद करो। ...**(व्यवधान)**... मैं आज आपको बता रहा हूं। आप प्रधान मंत्री मोदी जी के के बयान को, शब्दों को उन बहुत गौर से देखिए। उन्होंने दुनिया को स्पष्ट कर दिया है कि terror करने वाला और terror को संरक्षण देने वाला, दोनों में कोई अंतर नहीं रहने वाला है, हम अंतर नहीं मानेंगे। अब अगर मैं कश्मीर के ऊपर आ जाऊं कि कश्मीर में धारा 370 समाप्त होने के बाद क्या बदलाव आया, तो 2010 से 2014 के बीच, चार साल में वहां stone pelting के incidents 2,654 थे, जो आज zero है। In the last three years, zero है। उसी तरीके से valley साल में लगभग 132 दिन बंद रहती थी, लेकिन पिछले तीन सालों से एक भी दिन valley बंद नहीं हुई है। ...**(व्यवधान)**...

Contents Page

एक भी दिन valley बंद नहीं हुई है। अब आपको परिवर्तन नहीं दिखे, तो मैं क्या करूं? अगर मामा रूठ जाए, तो मैं क्या करूं? आपको परिवर्तन दिख नहीं रहा है। उसी तरीके से आज local terrorism समाप्त हो गया है, अब ये foreign-invaded terrorists ही रहे हैं। यह कोई छोटी घटना नहीं है। यह मैं on record कह रहा हूं। उसी तरीके से अब average life of a terrorist is seven days. सात दिन के अंदर terrorist नेस्तनाबूद हो रहा है। यह zero tolerance का नतीजा है। मैंने आप लोगों से अभी तक सुना नहीं। आपकी जुबान उस बारे में कल से चुप है। नहीं तो आप एक बहुत गलत बात कहते थे और हमारे आदरणीय Leader of the Opposition, मल्लिकार्जुन खरगे जी ने 21 तारीख को कहा कि जिन लोगों ने अटैक किया, वे कहां हैं, उनका क्या हुआ? ...(**व्यवधान**)... वे जमींदोज हो गए। ...(**व्यवधान**)... वे समाप्त हो गए। ऑपरेशन महादेव अपने आप में एक बड़ी बात है।

महोदय, मैं 'टीम इंडिया' के बारे में प्रधान मंत्री मोदी जी को बधाई दूंगा और सभी पार्टियों को धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने सहयोग करके 'टीम इंडिया' के रूप में 32 देशों में अपना delegation गया। देश के सामने अपनी बात बहुत अच्छे तरीके से रखी गई और देश के सामने यह स्पष्ट हुआ कि हम terror को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। एक voice में यह संदेश गया। मैं विपक्ष के सभी दलों का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं कि हम सब लोगों ने इसे एक team spirit में सोचा। लेकिन, एक narrative set किया जा रहा है कि कोई देश साथ नहीं आया, कोई देश साथ नहीं आया। Heads of States of different Governments, President or Vice-President के 61 messages हैं, जिनमें उन्होंने कहा है कि we condemn the attack of Pahalgam. Foreign Ministers के 35 messages हैं, former Heads के 38 messages हैं और diplomatic missions के 43 messages हैं। United Nations Security Council ने पहलगाम के terror attack को condemn किया है, QUAD ने condemn किया है, BRICS ने condemn किया है, Central Asian countries ने condemn किया है, Indian Ocean Rim Association ने condemn किया है, President of Paraguay ने condemn किया है। ...(**व्यवधान**)... The European Union, France और Germany ने condemn किया है।

महोदय, मैं सिर्फ एक यह बात बताना चाहूंगा कि हमारे जो Chair of Urban Warfare Studies, John Spencer हैं, उन्होंने Modern War Institute में भारत की तारीफ करते हुए कहा - "India's growing Defence self-reliance from 32 per cent of the Army's ammunition needs met domestically in 2014 is now being met by 88 per cent in 2024, from missiles like BrahMos and Pinaka to radars and artillery systems, Indian-made equipment proved itself in live combat. That's not just a national achievement — it's a model of military readiness for any nation." यह आज बदलते भारत की तस्वीर है। विश्व ने देश के अदम्य साहस को स्वीकार भी किया है। विश्व के लोगों ने इस बात को बड़े स्पष्ट शब्दों में कहा है, लेकिन हमारे यहाँ फिर भी कुछ लोग सरेंडर कर गए, सरेंडर कर गए - ऐसी बात और ऐसी भाषा बोलते हैं। पूछता कौन है? यह वे पूछते हैं, जो Pakistan Occupied Kashmir के क्रिएटर्स हैं, वे हमसे पूछते हैं कि सरेंडर क्या किया। जो बर्मा को Kabaw Valley - 22,210 square kilometre गिफ्ट करते हैं। वह हमसे पूछते हैं कि सरेंडर क्या किया। जो लोग India's rights in Tibet and accepting China's annexation किए, वे हमसे पूछते हैं कि सरेंडर क्या हुआ?...(**व्यवधान**)...

**श्री जयराम रमेश :** सर, ये Kabaw Valley का authenticate करें। **...(व्यवधान)...**

**श्री जगत प्रकाश नड्डा :** हम इसको authenticate कर देंगे। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. *...(Interruptions)...* Jairam*ji*, please. *...(Interruptions)...*

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: I will authenticate it. *...(Interruptions)...* हम authenticate करेंगे। **...(व्यवधान)...**

**श्री उपसभापति :** कृपया आप बोलें। **...(व्यवधान)...**

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: I will authenticate and I will put it on record. *...(Interruptions)...* Whatever I have said and whatever you have asked to authenticate, I will authenticate it. It is on the Table of House. *...(Interruptions)...* It is a record of the....*(Interruptions)...* September, 1958; Berubari, a small region in Jalpaiguri District, West Bengal, transferred to East Pakistan. Jawaharlal Nehru and Feroze Khan! Nehru-Noon agreement handed over the Indian land. *...(Interruptions)...* This is called surrender.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. *...(Interruptions)...* John Brittas*ji*, no comments.

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: Aksai Chin...

**श्री उपसभापति :** कृपया बैठ कर comment न करें।

**श्री जगत प्रकाश नड्डा :** हमारे उस समय के प्राइम मिनिस्टर नेहरू जी ने कहा, not even a blade of grass grows there और महावीर त्यागी जी ने कहा कि on my head, there is not even a single blade of hair. Does that mean that it is of no use, Mr. Nehru, yours and mine? यह ऑन रिकॉर्ड है, लेकिन सरेंडर **...(व्यवधान)...** देखिए, सबसे मजेदार बात यह है कि हमने इस सदन में 1971 वॉर में पाकिस्तान के विभाजन के लिए एक स्वर से श्रीमती इंदिरा गांधी, the then Prime Minister को बधाई दी थी और एक बहुत बड़ा काम हुआ था। यह हमने कहा था। लेकिन 1972 का शिमला एग्रीमेंट में क्या हुआ? 93,000 प्रिजनर्स छोड़ दिए और उसके साथ-साथ, I do not remember, लेकिन 15,000 square kilometres की जमीन, जो हमारे कब्जे में थी, वह भी दे दी और हमसे पूछते हैं सरेंडर! मैं एक ही बात कहना चाहूँगा कि यह इंफॉर्मेशन वॉर का हवाला देकर फॉरेन से जो peddled narrative है, उसका इस हाउस को एक

स्वर से विरोध करना चाहिए और देश ने जिस तरीके से सबके सहयोग से मोदी जी ने जो दुनिया में संदेश दिया है, उसको आगे बढ़ाना चाहिए - यह मैं कहना चाहूँगा।

उपसभापति महोदय, मैं आपका ज्यादा समय न लेते हुए अंत में एक ही बात कहूँगा कि यह देश का सवाल है, विपक्ष को भी इसमें अपने आपको शामिल करना चाहिए और हँसते-हँसते करना चाहिए। थोड़ी-सी हँसी कम हो, तो मुझसे उधार ले लेनी चाहिए, लेकिन हँसते-हँसते, खुशी-खुशी इसका हमको एक स्वर से स्वागत करना चाहिए। आज देश मोदी जी के नेतृत्व में सक्षम है, सुदृढ़ है, सिक्योर्ड है और आगे बढ़ने के लिए तैयार है, छलांग लगाने के लिए तैयार है, बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री उपसभापति :** धन्यवाद। माननीय सतनाम सिंह संधू।

**श्री सतनाम सिंह संधू** (नामनिर्देशित): आदरणीय उपसभापति जी, आपने मुझे इस बहुत ही संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं अपनी पार्टी के लीडरशिप का भी धन्यवाद करना चाहूँगा, जिन्होंने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया।

उपसभापति महोदय, मैं सबसे पहले पहलगाम हत्याकांड में अपने प्राण गंवाने वाले, अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी भारतीयों और एक विदेशी नागरिक को श्रद्धा अर्पित करना चाहता हूँ।

[**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता)** *पीठासीन हुए।*]

वाइस चेयरमैन साहब, ऑपरेशन सिंदूर से तिलमिलाए, छटपटाए और घबराए हुए पाकिस्तान ने जो कायराना हरकत की, उसमें कश्मीर बॉर्डर से लगे पुंछ में गुरुद्वारा सिंह सभा के ऊपर shelling की गई। गुरुद्वारा साहब पर की गई उस शेलिंग के दौरान शहीद हुए सेवादार, जो गुरुद्वारा में सेवा कर रहे थे, भाई अमरीक सिंह, भाई अमरजीत सिंह, भाई रंजीत सिंह को भी मैं श्रद्धा सुमन अर्पित करना चाहता हूँ। मैं अकालपुरख वाहेगुरु के आगे अरदास करता हूँ कि परमात्मा उनको अपने चरणों में निवास बख्शीश करें।

वाइस चेयरमैन साहब, मैं भारत की बेमिसाल फौजों की बेमिसाल बहादुरी को भी नमन करता हूं। अभी-अभी आदरणीय नड्डा जी ने बताया कि इतिहास में पहली बार केवल 22 मिनट में भारत ने दुश्मन को तबाह किया, आतंकवाद के अड्डों को तबाह किया। वाइस चेयरमैन साहब, मैं महसूस करता हूं कि यह सिर्फ देश का रिकॉर्ड नहीं, मुझे ऐसी मिसाल पूरे विश्व में नहीं मिलती है। ऐसा ही हमला अमेरिका की sovereignty पर हुआ था। 9/11 के हमले के बाद अमेरिका को अपना दुश्मन ढूंढ़ने में लगभग 10 साल लगे और 40 मिनट के ऑपरेशन के दौरान इसी पाकिस्तान में अमेरिका ने 10 साल बाद अपना बदला लिया। मैं भारत की फौज को और देश की लीडरशिप को नमन करता हूं, जिन्होंने केवल 300 घंटों के भीतर ही दुश्मन के घर में घुसकर अपना बदला लिया।

वाइस चेयरमैन साहब, ऑपरेशन सिंदूर के ऊपर इस डिस्कशन में हमारी पार्टी के सीनियर नेता बोल चुके हैं। देश के आदरणीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी बोल चुके हैं, देश के गृह मंत्री बोल चुके हैं। आज हमने विदेश मंत्री जी को भी सुना, हमने आदरणीय नड्डा जी को भी सुना। मैं ऐसा महसूस करता हूं कि इतनी vast deliberation होने के बाद बहुत सारे मुद्दे इस डिस्कशन में आ चुके हैं। हमारे पंजाब में एक saying है - बिल्ली थैले से बाहर आना। इसका मतलब यह है कि किसी बात से पर्दा उठ जाना। मैं सचमुच हैरान हूं कि इस डिस्कशन में जो फैक्ट्स हमने अपने आजाद भारत में सुने, समझे, सचमुच में एक बिल्ली नहीं, बहुत सारी बिल्लियां थैले से बाहर आ गई हैं और बहुत कुछ देश के सामने आ गया, देश ने देख लिया।

वाइस चेयरमैन साहब, मैं देश के प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति भी आभार व्यक्त करना चाहूंगा, क्योंकि मुझे यह सौभाग्य मिला कि मुझे international delegation में जाने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं जिस डेलीगेशन में गया, मुझे यह बताते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि वह एक All-Party delegation था और उसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख और बौद्ध सहित सभी धर्मों के लोग - अभी यहां से श्रृंगला जी बोलकर गए हैं - हम सभी उसमें शामिल थे और हमने दुनिया के सामने जाकर भारत की सही तस्वीर रखने का अपना दायित्व निभाया। हमें गर्व है कि हमें यह मौका दिया गया। ऐसे ही बहुत सारे और डेलीगेशंस दुनिया भर में भेजे गए। मैं जब इन डेलीगेशंस की फॉरमेशन को देखता हूं, तो मुझे आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एक statesman का धर्म निभाते हुए नजर आते हैं, क्योंकि All-Party delegations में सभी धर्म के लोगों और सभी भाषाएँ बोलने वाले लोगों को देश की बात रखने के लिए दुनिया भर के देशों में भेजा गया। आज मेरे जैसे एक जूनियर सदस्य को भी अपनी बात रखने का बहुत खुला अवसर, 15 मिनट का समय मिला है। इसके लिए मैं देश के नेतृत्व का धन्यवाद करना चाहता हूं। वाइस चेयरमैन साहब, मुझे कहना है कि जितने भी डेलीगेशंस गए, उन डेलीगेशंस में अपोजिशन के बहुत सारे distinguished leaders भी शामिल थे। उन्होंने दुनिया के अन्य देशों में जाकर इस देश को बहुत अच्छे तरीके से defend किया। मुझे यह बताते हुए भी गर्व महसूस हो रहा है कि जिस भी देश में हम गए, हमारी

4.00 P.M.

एक ही पार्टी थी - भारत। हमारा एक ही धर्म था - भारत और हमारा एक ही नेता था, वे नेता भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी थे। सबने मोदी जी का new normal पूरी दुनिया के सामने एक ही आवाज़ में रखा, चाहे वह किसी भी पार्टी का था। लेकिन मुझे दुख इस बात का है कि एक बहुत काबिल नेता, जो Opposition के नेता थे, अगर वे भी सदन में बोलते, तो देश के लोगों को उनकी बात और अच्छे से सुनने में मजा आता, अच्छा लगता और उनका संदर्भ भी लोगों के सामने आता। क्योंकि इस दौरे के दौरान हमने विदेश में जाकर जो महसूस किया, वह देश की जनता के सामने रखना भी जरूरी समझता हूं।

आदरणीय वाइस चेयरमैन साहब, जब हम बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब, अल्जीरिया के दौरे पर गए, तो हमने वहां देश का जाह-ओ-जलाल महसूस किया। हमारे देश के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, जो इनमें से बहुत सारे देशों का दौरा कर चुके थे, उनके नेतृत्व का प्रभाव हमने

वहां महसूस किया कि लोग, पूरी दुनिया के लीडर्स, उनका कितना सम्मान करते हैं और मैं समझता हूं कि जितने भी मेम्बर्स वहां गए थे, वे अपना-अपना नज़रिया सदन में आकर रखते, तो और भी अच्छा होता।

महोदय, ऑपरेशन सिंदूर पर जितनी भी चर्चा हो चुकी है, मेरी कोशिश है कि मैं उसमें कुछ भी repeat न करूं और मैं अपना संदर्भ और कुछ suggestions सदन के सामने रखूं। महोदय, मैं history का student हूं और जब मैं ऑपरेशन सिंदूर को और पहलगाम की घटना को history के prism से देखता हूं, तो मुझे औरंगजेब का समय याद आता है। औरंगजेब के समय भी, इसी कश्मीर की धरती पर तलवार की नोक पर कहा गया था कि कलमा पढ़ लो या अपना सिर कलम करवा लो। उस समय, नौवें बादशाह, श्री गुरु तेग बहादुर जी, धर्म की रक्षा के लिए आगे आए थे। उन्होंने यह शब्द कहे थेः

*"भय काहू को देत नहीं, ना भय मानत आन।*
*कहो नानक सुन रे मना, ज्ञानी ताहि बखान॥"*

यह भारत है, यह हिंदुस्तान है। इस धरती पर न तलवार की नोक पर, न बंदूक की नोक पर किसी से कलमा पढ़वाया जा सकता है। इस बात पर गुरु तेग बहादुर जी को हिरासत में लेकर दिल्ली लाया गया। उन्हें लालच दिए गए, डराया गया, धमकाया गया। गुरु साहब को तोड़ने के लिए, कि वह कलमा पढ़ लें, उनके साथ जो तीन सिख थे, जो उनके हृदय के बहुत करीब थे, उन्हें गुरू साहब की आंखों के सामने शहीद करने का कायराना काम औरंगज़ेब ने किया। सबसे पहले, भाई मतीदास जी को आरे के नीचे कटवाने को कहा गया। उन्होंने कहा, "मैं अपना सिद्दिक पक्का कर लेता हूं, आप अपना आरा तीखा कर लीजिए।"आरा उनके सिर पर चला, लेकिन उन्होंने कलमा नहीं पढ़ा, केवल "वाहेगुरु, वाहेगुरु" जपते रहे। इसी तरह भाई दयाला जी को उबाल दिया गया और भाई मणी सिंह जी को भी शहीद कर दिया गया। लेकिन इस देश के लोगों ने अपना धर्म नहीं छोड़ा, अपना सिद्दिक नहीं छोड़ा। यह हमारा इतिहास है।

मेरा नज़रिया यही है कि इस पहलगाम हमले में भी, हमारे देश को तोड़ने के लिए, हमारी प्रगति को रोकने के लिए और विशेष रूप से कश्मीर में 370 हटने के बाद आई विकास की लहर से दुखी ताकतों ने हमारे देश की communal harmony को disturb करने और देश को destabilize करने के लिए इस घटना को अंजाम दिया।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) :** आपके बोलने का समय समाप्त हो गया।

**श्री सतनाम सिंह संधू :** मैं दो मिनट और बोलना चाहता हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) :** आपके बोलने का समय समाप्त हो गया।

**श्री सतनाम सिंह संधू :** बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Now Dr. Fauzia Khan. You have four minutes. Dr. Fauzia Khan, you have been allotted four minutes time to speak.

**डा. फौजिया खान** (महाराष्ट्र): सर, ऑपरेशन सिंदूर की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि हम कुछ आदर्श संदेश देश, दुनिया और दुश्मन देश को दे सकें। पहला संदेश देश की जनता ने दिया। रास्तों पर उतरकर दिया, सरकार के साथ खड़े रहकर दिया और एकता का संदेश दिया कि देश से बढ़कर कुछ नहीं है। इस एकता को सलाम।

सर, ऑपरेशन सिंदूर का चेहरा दो महिलाएं Col. Sophia Qureshi and Wing Commander Vyomika Singh बनीं। इतिहास में महिलाओं की मिलिट्री में सहभाग का narrative फिर एक बार लिखा गया। इतिहास में पहली बार यह नरेटिव लिखा गया था, जब हमारे नेता शरद पवार जी Defence Minister थे और उन्होंने महिलाओं को डिफेंस में आरक्षण दिया था। इस progressive सोच को भी सलाम। प्रश्न यह है कि क्या सिंदूर को न्याय मिल गया? यह प्रश्न है। देश को यह गारंटी कब मिलेगी कि यह दोबारा नहीं होगा। हम इस सरकार से यह गारंटी चाहते हैं कि यह दोबारा नहीं होगा। रक्षा मंत्री जी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक practical Defence Expo था। उन्होंने कहा कि हमारे पास drones हैं, surveillance cameras हैं, alert systems हैं, satellite surveillance है, सेंसर्स हैं, advanced technology है और भी बहुत कुछ है। अगर हमारे पास ये सब हैं, तो पहलगाम हमले में ये सब काम क्यों नहीं आए, यह मेरा प्रश्न है। जो जवान अपना पूरा जीवन उस जगह बिताता है, तो इस भरोसे के साथ बिताता है कि उसको intelligence input आएगा। वह क्यों नहीं आया? क्यों इतनी जानें गईं, यह हमारा सवाल है। क्या उस जवान का यह अधिकार नहीं है। हमारे गृह मंत्री जी ने कहा कि तीन concentric layers हैं। राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन है, सीआरपीएफ है, जम्मू-कश्मीर पुलिस है और उनको इस यूनाइटेड कमांड स्ट्रक्चर पर फ़ख़्र है। पहलगाम में यह स्ट्रक्चर कहां गया था? मेरा यह सवाल है कि इनका क्या coordination था? 40 राउंड्स फायर हुए, जिससे वह पूरा इलाका गूंज गया, लेकिन वहां कोई ड्रोन नहीं पहुंचा, कोई टेक्नोलॉजी नहीं पहुंची। उसके लिए कौन अकाउंटेबल होल्ड हुआ है? किसको कोर्ट मार्शल किया गया, किसको बरखास्त किया गया? हमें इसके बारे में जानने का अधिकार है।

सर, मैं यह कहना चाहूंगी कि, one life saved is more important than one thousand lives taken. हम दूसरों की जिंदगी लेकर क्या करेंगे! सत्यपाल मलिक जी, जो हमारे राज्यपाल थे, उन्होंने कुछ टिप्पणी की थी कि इंटेलिजेंस इनपुट्स मिले थे, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं हुई। क्यों उस पर ध्यान नहीं दिया गया? आज इंटेलिजेंस इनपुट्स मिले हैं क्या? कहा जाता है कि इनपुट्स हमारे पास थे, लेकिन फिर भी करने दिया गया। इस तरह की बातें भी जनता के मन में हैं। आतंकी समाप्त हो गए, ऐसा आप लोगों ने कहा। आपने कहा कि इनके अड्डे समाप्त हो गए। हम नेस्तनाबूद करने के लिए निकले हैं। भविष्य की संभावना क्यों, यह मेरा सवाल है। रक्षा मंत्री जी ने कहा कि कोमा है, फुलस्टॉप नहीं है। फुलस्टॉप कब लगेगा? आप ही के एक मुख्य मंत्री ने कहा था कि अगर हम सरकार में आएंगे, तो छह महीने के अंदर हम पीओके ले लेंगे। आप ले लीजिए, हम आपके साथ हैं, भारत का हर घर, हर नागरिक आपके साथ लड़ने को तैयार है। मेरे

Contents Page

घर से चार लोग आकर देश के लिए बलिदान होने के लिए तैयार हैं। आप पीओके ले लो, आप फुलस्टॉप क्यों नहीं लगाते हैं। क्यों आप कोमा पर चल रहे है? यह हमारा सवाल है।

**ڈاکٹر فوزیہ خان (مہاراشٹر):**[†] سر، آپریشن سندور کی سب سے بڑی حصولیابی یہ ہے کہ ہم کچھ آدرش سندیش دیش، دنیا اور دشمن دیش کو دے سکیں۔ پہلا سندیش دیش کی جنتا نے دیا۔ راستوں پر اترکر دیا، سرکار کے ساتھ کھڑے رہ کر دیا اور ایکتا کا سندیش دیا کہ دیش سے بڑھ کر کچھ نہیں ہے۔ اس ایکتا کو سلام۔

سر، آپریشن سندور کا چہرہ دو مہیلائیں، کرنل صوفیہ قریشی اور وِنگ کمانڈر وائیومیکا سنگھ بنیں۔ تاریخ میں مہیلاؤں کی ملٹری میں سہبھاگ کا narrative پھر ایک بار لکھا گیا۔ تاریخ میں پہلی بار یہ narrative لکھا گیا تھا، جب ہمارے نیتا شرد پوار جی ڈفینس منسٹر تھے اور انہوں نے مہیلاؤں کو ڈفینس میں آرکشن دیا تھا۔ اس پروگریسیو سوچ کو بھی سلام۔ سوال یہ ہے کہ کیا سندور کو انصاف مل گیا؟ یہ سوال ہے۔ دیش کو یہ گارنٹی کب ملے گی کہ یہ دوبارہ نہیں ہوگا۔ ہم اس سرکار سے یہ گارنٹی چاہتے ہیں کہ یہ دوبارہ نہیں ہوگا۔ ڈفینس منسٹر جی نے کہا کہ آپریشن سندور ایک پریکٹیکل ڈفینس ایکسپو تھا۔ انہوں نے کہا کہ ہمارے پاس dronesہیں، surveillance cameras ہیں، alert systems ہیں، satellite surveillance ہے، advanced technology ہیں، ہے اور بھی بہت کچھ ہے۔ اگر ہمارے پاس یہ سب ہیں، تو پہلگام حملے میں یہ سب کام کیوں نہیں آئے، یہ میرا سوال ہے۔ جو جوان اپنا پورا جیون اس جگہ بتاتا ہے، تو اس بھروسے کے ساتھ بتاتا ہے کہ اس کوintelligence input آئے گا۔ وہ کیوں نہیں آیا؟ کیوں اتنی جانیں گئیں، یہ ہمارا سوال ہے۔ کیا اس جوان کا یہ ادھیکار نہیں ہے۔ ہمارے گرہ منتری جی نے کہا کہ تین concentric layers ہیں۔ راشٹریہ رائفلس بٹالین ہے، سی آر پی ایف ہے، جموں کشمیر پولیس ہے اور ان کو اس یونائیٹڈ کمانڈ اسٹراکچر پر فخر ہے۔ پہلگام میں یہ اسٹرکچر کہاں گیا تھا؟ میرا یہ سوال ہے کہ ان کا کیا coordination تھا؟ چالیس راؤنڈ فائر ہوئے، جس سے وہ پورا علاقہ گونج گیا، لیکن وہاں کوئی ڈرون نہیں پہنچا، کوئی ٹیکنالوجی نہیں پہنچی۔ اس کے لیے کون اکاؤنٹیبل ہولڈ ہوا ہے؟ کس کو کورٹ مارشل کیا گیا، کس کو برخاست کیا گیا؟ ہمیں اس کے بارے میں جاننے کا اختیار ہے۔

سر، میں یہ کہنا چاہونگی کہ one life saved is more important than one thousand lives taken. ہم دوسروں کی زندگی لیکر کیا کریں گے۔ ستیہ پال ملک جی، جو ہمارے راجیہ پال تھے، انہوں نے کچھ ٹپنّی کی تھی کہ انٹیلی جنس امپٹ ملے تھے، لیکن ان پر کارروائی نہیں ہوئی۔ لیکن اس پر دھیان نہیں دیا گیا؟ آج انٹیلی جنس امپٹ ملے ہیں کیا؟ کہا جاتا ہے کہ امپٹ ہمارے پاس تھے، لیکن پھر بھی کرنے دیا گیا۔ اس طرح کی باتیں بھی جنتا کے من میں ہیں۔ آتنکی سماپت ہوگئے، ایسا آپ لوگوں نے کہا۔ آپ نے کہا کہ ان کے اڈے سماپت ہوگئے۔ ہم نیست و نابود کرنے کے لیے نکلے ہیں۔ مستقبل کی سمبھاؤنا کیوں، یہ میرا سوال ہے۔ رکشا منتری جی نے کہا کہ کومہ ہے، فل اسٹاپ نہیں ہے۔ فل اسٹاپ کب لگے گا؟ آپ ہی کے ایک مکھیہ منتری نے کہا تھا کہ اگر ہم سرکار میں آئیں گے، تو چھ مہینے کے اندر ہم پی او کے لے لیں گے۔ آپ اسے لےلیجیئے، ہم آپ کے ساتھ ہیں، بھارت کا ہرگھر، ہر ناگرک آپ کے ساتھ لڑنے کو تیار ہے۔ میرے گھر سے چار لوگ آکر دیش کے لیے بلیدان ہونے کے لیے تیار ہیں۔ آپ پی او کے لے لو، آپ فل اسٹاپ کیوں نہیں لگاتے ہیں۔ کیوں آپ کومہ پر چل رہے ہیں؟ یہ ہمارا سوال ہے۔

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) :** आप समाप्त कीजिए।

**डा. फौजिया खान:** नड्डा जी, मेरा आपसे यह प्रश्न है कि आपने 2004 से सारा बयान सुनाया। आपने 1999 से क्यों नहीं सुनाया? मसूद अजहर का क्या हुआ, यह मैं पूछना चाहती हूं। अमावस्या, सिर्फ 2004 से ही क्यों, उसके पहले से क्यों नहीं? यह भी बताना होगा। विदेश मंत्री जी ने डिप्लोमेसी की बात की। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या डिप्लोमेसी की अलग-अलग सिचुएशन्स नहीं होती हैं। वह देश ravaged country था ...**(व्यवधान)**...

---
† Transliteration in Urdu script.

†ڈاکٹر فوزیہ خان: نڈّا جی، میرا آپ سے یہ سوال ہے کہ آپ نے 2004 سے سارا بیان سنایا۔ آپ نے 1999 سے کیوں نہیں سنایا؟ مسعود اظہر کا کیا ہوا، یہ میں پوچھنا چاہتی ہوں۔ اماوسیہ، صرف 2004 سے ہی کیوں، اس کے پہلے سے کیوں نہیں؟ یہ بھی بتانا ہوگا۔ وزیر خارجہ صاحب نے ڈپلومیسی کی بات کی۔ میں پوچھنا چاہتی ہوں کہ کیا ڈپلومیسی کی الگ الگ سچوایشن نہیں ہوتی ہیں۔ وہ دیش ravaged country تھا۔۔(مداخلت)۔۔۔

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** धन्यवाद, धन्यवाद।

**डा. फौजिया खान:** जिसको ब्रिटिशर्स ने तबाह कर दिया था, रूलर्स ने तबाह कर दिया था और आहिस्ता-आहिस्ता military mighty nation बना। वह mighty nation आपको इन-हैरिटेंस में मिला। नेवल माइट, एयरफोर्स माइट, आर्मी माइट। ...(**व्यवधान**)... तब जाकर इस पर पहुँचे हैं। ...(**व्यवधान**)...

†ڈاکٹر فوزیہ خان: جس کو برٹشرز نے تباہ کردیا تھا، رولرز نے تباہ کردیا تھا اور آہستہ آہستہ ملٹری مائٹی نیشن بنا۔ وہ مائٹی نیشن آپ کو ان ہیریٹینس میں ملا۔ نیول مائٹ، ائیرفورس مائیٹ، آرمی مائیٹ۔۔(مداخلت)۔۔۔ تب جاکر اس پر پہنچے ہیں۔۔۔(مداخلت)۔۔۔

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** धन्यवाद। ...(**व्यवधान**)... अब आप समाप्त कीजिए। आपका समय समाप्त हो चुका है। ...(**व्यवधान**)... Your time is over; your time is over. *...(Interruptions)...* आप ऑलरेडी एक मिनट बोल चुकी हैं।

**डा. फौजिया खान:** आपको यह माइटी नेशन देने के लिए जो मेहनत हुई, जो प्रॉडक्शन हुआ...(**व्यवधान**)...

†**ڈاکٹر فوزیہ خان:** دیش کو یہ مائٹی نیشن دینے کے لیے جو پراڈکشن ہوا ۔۔(مداخلت)۔۔۔

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** आप अपने अलॉटेड टाइम के हिस्से का बोल चुकी हैं। मैं नेक्स्ट स्पीकर बुलाऊँ, उससे पहले I want to take the sense of the House. *...(Interruptions)...* Shri Kapil Sibal wants to speak ahead of his turn. *...(Interruptions)...* Is there a sense of the House to allow him? *...(Interruptions)...*

DR. FAUZIA KHAN: Sir, one last sentence. *...(Interruptions)...* Sir, one last sentence. *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): It looks like that the House is divided. *...(Interruptions)...* The House is divided. *...(Interruptions)...*

† Transliteration in Urdu script.

Contents Page

**डा. फौजिया खान**: सर, विदेश मंत्री जी ने कहा...(**व्यवधान**)... यूएन सिक्युरिटी काउंसिल ने कहा कि पर्पेट्रेटर्स, ऑर्गेनाइजर्स, मैनेज़र्स, हम इन सभी को कंडेम्न करते हैं। ...(**व्यवधान**)...

†**ڈاکٹر فوزیہ خان:** سر ودیش منتر جی نے کہا--(مداخلت)-- یو این سکیورٹی کاؤنسل نے کہا کہ پرپیٹریٹرس، آرگنائزرس، مینیزرس، ہم ان سبھی کو کنڈیمن کرتے ہیں--(مداخلت)--

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): The House is divided. ...*(Interruptions)*... There is no sense of the House. ...*(Interruptions)*... The House is divided. ...*(Interruptions)*...

**डा. फौजिया खान**: महोदय, उस देश को क्यों नहीं, जो सपोर्ट कर रहा है?...(**व्यवधान**)... क्या हम उनसे यह पूछेंगे नहीं उस देश को क्यों नहीं कंडेम्न किया गया? सर, हमें उनसे यह पूछना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... मैं इतना कहकर अपनी बात समाप्त करती हूं और आपको धन्यवाद कहती हूं।

†**ڈاکٹر فوزیہ خان:** مہودے، اس دیش کو کیوں نہیں، جو سپورٹ کررہا ہے؟--(مداخلت)-- کیا ہم ان سے یہ پوچھیں گے نہیں؟ سر، ہمیں ان سے یہ پوچھنا چاہیئے---(مداخلت)-- میں اتنا کہہ کر اپنی بات ختم کرتی ہوں اور آپ کو دھنیواد کہتی ہوں۔

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): The House is divided; there is no sense of the House. So, we will go by the List of Speakers. The next speaker is Dr. Kavita Patidar

**डा. कविता पाटीदार** (मध्य प्रदेश): धन्यवाद माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय कि आपने मुझे इतने महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया है।

महोदय, आज मैं एक ऐसे अविस्मरणीय क्षणों के बारे में बात करने के लिए खड़ी हुई हूं, जिसने भारत की रणनीतिक और सामरिक चेतना को नए युग में प्रवेश कराया है। महोदय, 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ हमारी सैनिक कार्रवाई नहीं थी, बल्कि भारत के आत्मसम्मान और निर्णायक इच्छाशक्ति का एक प्रचंड उदाहरण भी था। इस 'ऑपरेशन सिंदूर' की अद्वितीय जीत ने हमारे दुश्मनों के हौंसले तो तोड़े ही, इसके साथ ही विश्व पटल पर एक स्पष्ट संदेश भी दिया कि माननीय प्रधान मंत्री, आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में अब भारत कष्टों को सहन करने वाला राष्ट्र नहीं है, बल्कि अपने घावों का हिसाब चुकता करने वाला एक शक्तिशाली राष्ट्र बन गया है। महोदय, आज हम दुश्मनों के धरातल पर जाकर जवाब देने की ताकत रखते हैं, आज हम डरने वाला भारत नहीं हैं, बल्कि न्याय करने वाला भारत है और वह भी पूरी सटीकता और आत्मसम्मान के साथ।

† Transliteration in Urdu script.

Contents Page

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, भारत ने वे दिन भी देखे हैं, जब हमारे सैनिकों के सिर काटे जाते थे, जब हमारे नगर के नगर आतंक की दहशत में जीते थे, जब हमारे जो नेतृत्वकर्ता थे, वे सिर्फ विरोध पत्र भेजते थे, डोज़ियर्स भेजकर अपना काम खत्म कर देते थे। महोदय, इस भारत ने वह समय भी देखा है, लेकिन अब जो 2014 का भारत है, वह माननीय मोदी जी के सशक्त नेतृत्व वाला भारत है, जिसने यह बता दिया है कि आज अगर कोई हमारे भारत की तरफ बुरी नज़र से देखेगा, तो उसके घर में घुसकर जवाब देने की ताकत भी हमारा भारत रखता है। आज माननीय मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व को यह बता दिया गया है कि युद्धभूमि में गीता की गुंजार जरूरी है और इन दुष्ट आतंकवादियों का संहार जरूरी है। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी कांग्रेस के बहुत सारे लोग सरेंडर, सरेंडर बोल रहे थे। अभी हमारे सदन के माननीय नेता नड्डा जी ने बहुत ही अच्छे तरीके से उनके सामने बहुत से उदारहण प्रस्तुत किए। मैं भी कुछ बातें कहना चाहूंगी।

महोदय, रेलवे सीरियल बम ब्लास्ट 2006 में हुआ था। उस समय क्या हुआ था? उस समय सरेंडर हुआ था। महोदय, हैदराबाद मॉल की घटना में क्या हुआ था - सरेंडर हुआ था, पूना जर्मन बेकरी की घटना में क्या हुआ था - सरेंडर हुआ था, कर्णाटक-बेंगलुरु के मॉल में जो बम ब्लास्ट हुआ था, उसमें क्या हुआ था - सरेंडर हुआ था और 26/11 की ताज की घटना में क्या हुआ था - सरेंडर हुआ था। महोदय, यह दुनिया देख रही है कि सरेंडर कौन कर रहा है और एक्शन कौन ले रहा है। 2014 के बाद माननीय मोदी जी के द्वारा जब सर्जिकल स्ट्राइक की गई, तो हमने उनके सारे अड्डों को उड़ा दिया। महोदय, इसको कहते हैं एक्शन। हमने बालाकोट एयर स्ट्राइक करके उनकी रीढ़ की हड्डी को तोड़ा, इसको कहते हैं — एक्शन और पहलगाम की घटना का बदला लेते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से उनके जिन नौ के नौ आतंकी ठिकानों को खत्म कर दिया, इसे कहते हैं - एक्शन। यह सारी दुनिया जान रही है कि सरेंडर कौन कर रहा है और एक्शन कौन ले रहा है।

महोदय, अब मैं इनसे एक सवाल पूछना चाहती हूं। मैं सदन को बताना चाहूंगी कि जब ताज होटल में बम ब्लास्ट हुआ था और उस घटना से पूरा देश बहुत दुखी था, तब उस समय तात्कालिक कांग्रेस के सदस्य, जो महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री थे, वे घटना वाले दिन एक डायरेक्टर निर्माता को लेकर उस घटना स्थल पर जाते हैं। मैं इन लोगों से पूछना चाहती हूं कि क्या वे संवेदना व्यक्त करने के लिए वहाँ जाते हैं या फिल्म की स्क्रिप्ट लिखने के लिए जाते हैं? देश की 140 करोड़ जनता इनसे जवाब पूछना चाहती है कि उस दिन वे फिल्म निर्माता को ताज होटल में लेकर क्या करने के लिए गए थे। यह आज सवाल पूछते हैं, इन्हें शर्म आनी चाहिए। यह मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार है, जो रक्षा करना भी जानती है।

आज बहुत लोगों ने पूछा कि इस मिशन का नाम सिंदूर क्यों रखा गया। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देती हूँ कि उन्होंने इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखा, क्योंकि सिंदूर का एक भावनात्मक महत्व है, एक सांस्कृतिक महत्व है। इस घटना के बाद इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखकर, माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस सैन्य कार्रवाई को भावनात्मक प्रतिज्ञा से जोड़ने का काम किया है। मैं इसके लिए साधुवाद देती हूँ। हम पहलगाम की उस घटना को भूले नहीं हैं, जब आतंकवादियों ने हमारी बहनों के सिंदूर को पोछा था। हम जानते हैं कि क्या वेदना हुई होगीः

*"उन आंखों के दो आंसुओं से सारा समुद्र हारा है,*
*जब मेहंदी वाले हाथों ने मंगलसूत्र उतारा है।"*

माननीय महोदय, इस ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से उनकी आंखों के एक-एक आंसू का, उनकी सूनी मांग का बदला भारत ने लिया है, माननीय प्रधान मंत्री जी ने लिया है। इस ऐतिहासिक ऑपरेशन में हमारे सशस्त्र बलों ने भी जो समन्वय, पराक्रम दिखाया है, वह विश्व के लिए एक उदाहरण है। हम उसके लिए हमारी सेना का बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं। हमने उन 22 मिनट में 22 अप्रैल की उस घटना का जो बदला लिया है, उसके लिए हम सभी लोग हमारी सैन्य ताकत को साधुवाद करते हैं। बिना किसी भारतीय हताहत के जो अचूक प्रहार किए गए, सौ प्रतिशत लक्ष्य सिद्धि ली गई, यह संकल्प, साहस और योजना की त्रिवेणी है, जो माननीय मोदी जी के नेतृत्व में केवल संगठित और आत्मनिर्भर भारत ही कर सकता है। आज हमारी सेनाएं ब्रह्मोस, आकाश, रूद्रम जैसे स्वदेशी मिसाइल से सुसज्जित हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया कि विदेशी हत्यारों की आड़ में छिपे हमारे पड़ोसी अब हमारे सामने टिक नहीं सकते। पाकिस्तान की चीनी ताकतें इस ऑपरेशन में असफल रहीं। उनके रडार, रक्षा प्रणाली और लड़ाकू विमानों ने घुटने टेक दिए, जबकि भारत की मेक इन इंडिया शक्ति ने पूरे विश्व को चकित करके रख दिया।

माननीय महोदय, ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय स्वदेशी प्रौद्योगिकी और चीनी निर्यातित हथियारों के बीच एक शानदार वास्तविक विश्व तुलना प्रदान की है। मुझे यह बोलते हुए बहुत गर्व है कि आज हमारे शस्त्र टेस्टेड भी हैं और वर्ल्ड स्टेज पर ट्रस्टेड भी हैं। आज हमारे स्वदेशी हथियारों ने सारे विश्व को बता दिया कि अब भारत का नेतृत्व भारत के लोगों की रक्षा करना बहुत अच्छे से जानता है।

माननीय महोदय, मैं अपनी सेना की उन कार्रवाइयों के साथ यह भी बताना चाहती हूँ कि ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा जिन ठिकानों पर प्रहार किया गया, उनमें पाकिस्तान में जो आतंक की यूनिवर्सिटी चल रही थीं, उन्हें तबाह करने का काम किया। जैसे हमारी दुनिया में बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटीज़ के फॉरेन कैम्पस भी होते हैं, वैसे ही आजकल पाकिस्तान भी हमारे दूसरे पड़ोसी देश में ओवरसीज कैम्पस खोलने का प्रयास कर रहा है। लेकिन वे भी किसी धोखे में न रहें। ...(**समय की घंटी**)... माननीय प्रधान मंत्री जी ने बता दिया कि कोई भी हो, आतंक कहीं से भी आए, उसका भी वही हाल होगा, जो पाकिस्तान का हुआ है, क्योंकि अब भारत झुकेगा नहीं, डरेगा नहीं, आतंकवाद को खत्म करके रहेगा। आतंकवाद को खत्म करते हुए, माननीय मोदी जी और हमारी विकसित भारत की यात्रा शुरू होती है। मैं पूरे सदन से यह कहना चाहती हूँ कि इस यात्रा में हम सभी सहभागी बनें। भारत की इस विजय के प्रति आप सबको उत्साहित होना चाहिए। इस सदन से दुनिया को एक संदेश जाना चाहिए कि भारत अब सशक्त राष्ट्र है। माननीय मोदी जी के नेतृत्व में अब भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करके रहेगा। बहुत-बहुत धन्यवाद, जय हिंद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you. The next speaker is Shrimati Renuka Chowdhury.

Contents Page

**श्रीमती रेणुका चौधरी** (तेलंगाना): सर, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैं सामने वालों को समझा रही हूँ कि अगर सुनने का हौसला है तो सम्मान से सुन लीजिएगा।

सर, मैं जया जी से एक सवाल पूछना चाहती हूँ। मैडम, वह कौन सा डायलॉग था, किस सिनेमा का डायलॉग था, जिसमें कहा गया था कि "एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो"। मैं यह नरेंद्र मोदी जी से बोल रही हूँ, वे मेरे भाई हैं, कि इस चुटकी सिंदूर की कीमत आप क्या जानो। कल शाम देश के टेलीविजन पर हमारे शुभम द्विवेदी की बेवा, जिनका सिंदूर मिट गया, लुट गया, उन्होंने कहा - "The Prime Minister said everything in detail. But one thing that hurt me the most was that the Prime Minister made no mention of those 26 people. *I thank them for that. I was expecting the Prime Minister to make a mention of those 26 people but he didn't." तो फिर आप सिंदूर की अहमियत क्या जानते हो! डेढ़ घंटे के भाषण में एक लफ्ज़ नहीं बोल सके! इन लोगों को याद नहीं ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए, I am not yielding. ...*(Interruptions)*... I am not yielding. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): One minute. He has a point. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: I am not yielding. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): No. It is a point of order. You have to yield. ...*(Interruptions)*..

**श्रीमती रेणुका चौधरी**: आप क्यों बोल रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... I am not yielding. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): It is a point of order. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: I don't want to yield to him. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Mr. Nagar, under what rule, are you raising it?

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: आप लोक सभा की कार्यवाही का जिक्र यहां पर नहीं कर सकते हैं, क्योंकि वह लोक सभा का है। इसलिए इसको expunge किया जाए। ...(**व्यवधान**)...

---

* Not recorded.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): This will not go on record. ...*(Interruptions)*... This will go on record then. ...*(Interruptions)*... Please carry on. I will check it. ...*(Interruptions)*... I will check it. I will check it. ...*(Interruptions)*...

**श्रीमती रेणुका चौधरी**: प्रधान मंत्री जी कितने देशों में घूम रहे हैं? अभी शायद 8 देश घूमकर आए हैं। * वे मुलाकात नहीं करेंगे, न ही पार्लियामेंट में आएंगे और न ही किसी को सच समझाएंगे। I was watching Naddaji speak ... ...*(Interruptions)*... Sir, I am asking only for one thing. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Shrimati Chowdhury, first you check the facts whether these are correct or not. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: These are the facts. ...*(Interruptions)*... Those are not facts. That is fiction, what they have told. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Because you are making some charges. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: This is fiction. This is known as ... ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): You are making some charges on the highest authority of this country. ...*(Interruptions)*...

**श्रीमती रेणुका चौधरी**: सर, इन लोगों की यह साइकोलॉजिकल बीमारी है। It is known as 'selective recall amensia' ...*(Interruptions)*... and they have delusions of grandeur. ...*(Interruptions)*... आप यह कह रहे हैं कि इतना बड़ा पोलिटिकल विल देखो, तो मैं रिकॉल कर रही हूं, जो ये rewind-replay करते रहते हैं, तो बताइए कि गुरदासपुर, उधमपुर, पठानकोट, उरी, रेड फोर्ट टेरर अटैक में इनकी पोलिटिकल विल क्या हो गई थी! ...(**व्यवधान**)... पार्लियामेंट में मैं इकलौती मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट थी, जो मैदान में खड़ी हुई थी और आतंकवादी घूम रहे थे। हमारे वॉच एंड वार्ड स्टाफ, जिनके पास बंदूक तक नहीं थी, उन्होंने अपनी जान कुरबान करके, दरवाजा बंद करके वाइस-प्रेसिडेंट की जान बचाई थी। मैं वहां थी, लेकिन ये लोग कहां थे? ...(**व्यवधान**)... उस समय पोलिटिकल विल का क्या हुआ! ...(**व्यवधान**)...

---

* Not recorded.

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** अब आप समाप्त कीजिए। आपका समय समाप्त हो चुका है। **...(व्यवधान)...**

**श्रीमती रेणुका चौधरी:** कोई पोलिटिकल विल नहीं **...(व्यवधान)...** रघुनाथ मंदिर टेरर अटैक, वह क्या अमावस्या थी या चांदनी रात? **...(समय की घंटी)...** जे एंड के असेम्बली अटैक पर कहां कि पोलिटिकल विल थी? हम ये सवाल कर रहे हैं। You have been played. ...*(Interruptions)*... इनको समझ में नहीं आ रहा है। This amateur politics embarrassingly servile a lot who are sitting across there who have no comprehension.

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** अब समाप्त कीजिए। आपका समय समाप्त हो चुका है।

**श्रीमती रेणुका चौधरी:** सर, मेरा समय कैसे समाप्त हो गया? **...(व्यवधान)...**

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** हमने एक-दो मिनट एक्सट्रा भी दिए हैं, लेकिन अब समय हो गया है। **...(व्यवधान)...**

**श्रीमती रेणुका चौधरी:** इनको सुनने का हौसला नहीं है और समझने का दिमाग भी नहीं है। **...(व्यवधान)...**

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** आप अपनी पार्टी को कहें कि आपको ज्यादा समय दे। आपको बहुत कम समय दिया है। **...(व्यवधान)...**

**श्रीमती रेणुका चौधरी:** मुम्बई के टेरर अटैक्स **...(व्यवधान)...** मसूद अजहर को हमने गिरफ्तार किया और इन्होंने छुड़वाया **...(व्यवधान)...** पोलिटिकल विल क्या हुई? **...(व्यवधान)...**

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** आपको बहुत कम समय दिया है। **...(व्यवधान)...**

**श्रीमती रेणुका चौधरी:** कंधार में मंत्री जी का एस्कॉर्ट देकर, प्लेन में चढ़ाकर भिजवा दिया। ...**(व्यवधान)**... वह पोलिटिकल विल क्या था? ...**(व्यवधान)...**

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** आप अपनी पार्टी को कहें कि आपको आगे से ज्यादा समय दें। धन्यवाद। **...(व्यवधान)...** I am calling the next speaker. ...*(Interruptions)*... Please. समाप्त कीजिए।

**श्रीमती रेणुका चौधरी:** आप सुनते नहीं हैं। मैं कह रही हूं, आप सुनिए। **...(व्यवधान)...**

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Next speaker is, Ms. Sushmita Dev. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... Ms. Sushmita Dev. ...*(Interruptions)*...

MS. SUSHMITA DEV (West Bengal): Sir, get the House in order. ...*(Interruptions)*... सर, यह क्या हो रहा है?

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता)**: सुष्मिता जी, आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... वह रिकॉर्ड में नहीं जा रहा है। ...(**व्यवधान**)... आप जो बोलेंगी, वह रिकॉर्ड में जाएगा। ...(**व्यवधान**)...

Ms. SUSHMITA DEV: Sir, please pause my time or bring the House in order. ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता)**: आप बोलिए, मैं सुन रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)...

Ms. SUSHMITA DEV: Sir, the House is not in order. ...*(Interruptions)*...

SHRI SAKET GOKHALE (West Bengal): Sir, the House is not in order. Bring the House in order first. ...*(Interruptions)*...

Ms. SUSHMITA DEV: Sir, please sort this out. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): It is sorted out. ...*(Interruptions)*... It will never be sorted out like this. Only when you speak, will this be sorted out. ...*(Interruptions)*... Do you want to speak?

MS. SUSHMITA DEV: [&] "Hon'ble Chairperson Sir, I begin by thanking my party for giving me the opportunity to speak on an important issue. But I deeply regret that I will not be thanking the Government of India. It should have convened a special session in the House regarding Operation Sindoor, where all Members could have been given the chance to speak and learn about the steps taken by the country's Prime Minister. Secondly, Sir, ever since the speeches on Operation Sindoor began from the Government of India's side, I have noticed that they are trying to send a message that questioning Prime Minister Modi, the Foreign Minister or the Home Minister means speaking against the country's interests. Today, I want to clearly tell the people of the

[&] English translation of the original speech delivered in Bengali.

Contents Page

nation that we have expressed pride in the Indian Army regarding Operation Sindoor. Under the leadership of our leader Mamata Banerjee, we have marched in every district of Bengal, in Assam, Tripura, Meghalaya, Goa, and Kerala, to thank the Indian Army. But questioning is our right. India is a democratic country. We are not Pakistan. Today, even in Pakistan's Parliament, is there anyone with the courage to question their leaders like Munir or Sharif? We are living in a democratic country, and so we can question our Government. We never said Operation Sindoor was unsuccessful. I believe Operation Sindoor was successful. But our discussion and our criticism are about what the Government was doing before Operation Sindoor and what it did after it.

Today, 26 unarmed, innocent people were shot dead by four terrorists in Pahalgam. There was no intelligence information. There were no security arrangements or preparations to protect the citizens. Who will be responsible for this? The Government of India, the Home Minister must answer for it. * But even after so many killings, the Chief of our Intelligence Bureau was not removed by the Government of India. We demand answers for this.

हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री अपने आपको ईश्वर का अवतार मानते हैं, उनके भक्त उनको ईश्वर का अवतार मानते हैं। उनका कहना है कि मैं समय से पहले समय को भांप लेता हूं, यह ईश्वर की कृपा है, तो क्या ये आतंकवादी पहलगाम में घुसकर 26 लोगों को मारने के लिए आने वाले हैं, यह आपने क्यों नहीं भांप लिया? यह हमारे सामने और देश के सामने सबसे बड़ा सवाल है। कांग्रेस के जो हमारे नेता हैं, उनसे मैं कहना चाहता हूँ, ...(**व्यवधान**)... वे मेरे बाजू में बैठे हैं। यहां कल से मैं जो बड़े-बड़े भाषण सुन रहा हूं, चाहे वह राजनाथ सिंह जी हों, चाहे हमारे विदेश मंत्री हों, चाहे नड्डा जी हों, सबको पंडित नेहरू की बहुत याद आती है। पंडित नेहरू हों, सरदार पटेल हों, आप लोग भूतकाल में बहुत घूमते हैं। उन्हें पंडित नेहरू सोने भी नहीं देते और जीने भी नहीं देते। उन्हें सरदार पटेल की भी याद आती है। मेरा यह कहना है कि नेहरू जी तो महान थे, लेकिन सरदार पटेल को प्रधान मंत्री न बनाकर हमने एक ऐतिहासिक भूल की है। बात ऐसी है कि नेहरू साहब बहुत ही democratic व्यक्ति थे। सरदार पटेल लौह पुरुष थे। सरदार पटेल ऐसे नेता थे, जिन्होंने पहली बार RSS पर प्रतिबंध लगाया था। अगर सरदार पटेल और 10 साल जीवित रहते, तो ये लोग आज सामने दिखाई नहीं देते। आरएसएस पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया जाता।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) :** आपके बोलने का समय समाप्त हो रहा है, विषय पर बोलिए।

**श्री संजय राउत:** वे उनकी जड़ें उखाड़ कर फेंक देते। आपको तो पंडित नेहरू का आभार मानना चाहिए कि पंडित नेहरू की वजह से आप यहां बैठे हैं। आप राज कर रहे हैं, यह पंडित नेहरू की मेहरबानी है। अगर सरदार पटेल प्रधान मंत्री होते, तो आज आप हमारे सामने सत्ता तो दूर की बात

Contents Page

है, बल्कि देश में भी नहीं दिखते। वे आपको उखाड़ कर फेंक देते। ...(**समय की घंटी**)... सर, सरकार ने सीज़फायर कर लिया।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता)**: आपके बोलने का समय समाप्त हो गया, मैंने आपको बोला था, लेकिन आप उलझे हुए थे, मैंने आपको बोला था। अब आपके बोलने का समय समाप्त हो गया है, अब मैं नेक्स्ट स्पीकर को अनुमति दूंगा।

**श्री संजय राउत**: सरकार बोल रही है कि पाकिस्तान हमारे सामने गिड़गिड़ा रहा था। हमसे हाथ जोड़ कर रिक्वेस्ट कर रहा था कि सीज़फायर कर लीजिए, युद्ध विराम कर लीजिए। अगर युद्ध विराम किया है, तो युद्ध विराम के बदले में हमें क्या मिला? आप मुझे बताएं, क्योंकि बात तो PoK पर होनी थी।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता)**: अब आप समाप्त कीजिए।

**श्री संजय राउत**: कम से कम जो भारत का कुलभूषण जाधव 15 साल से वहां जेल में तड़प रहा है, उसको तो छुड़ा लाना चाहिए था।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता)**: मैं नेक्स्ट स्पीकर को बुला रहा हूं। संजय राउत जी, आप सीनियर मेम्बर हैं। श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण।

**श्री संजय राउत**: हमारा कुलभूषण जाधव पाकिस्तान की जेल में 15 साल से तड़प रहा है, उसकी तो मांग होती।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Nothing will go on record except Ashokrao Chavanji's speech.

**श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण** (महाराष्ट्र): उपसभापति महोदय, इस सदन में कई घंटों से पहलगाम के इस विषय पर चर्चा बड़ी गंभीरता से हो रही है। मैं खास तौर पर इस बात को दोहराना चाहूंगा कि इस चर्चा को पूरे विश्व में देखा जा रहा है। हमारी उम्मीद हमारे साथियों से, खासकर हमारे विपक्षी भाइयों से यही है कि हमारी लड़ाई पाकिस्तान से है और जो भी घटनाएं हुई हैं, उन्हें पूरे विश्व ने condemn किया है कि आतंकवाद को कोई भी समर्थन नहीं देगा, जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करेगा, उसे कोई भी साथ नहीं देगा। जब ऐसी गंभीर घटनाओं पर चर्चा होती है और तब सरकार की आलोचना की जाती है, तो वह बेहद दुखद होती है। क्योंकि यह वह समय होता है जब पूरे देश को एकजुट होकर दुनिया को यह सख्त संदेश देना चाहिए कि हम पाकिस्तान को किसी भी हालत में आतंकवाद का समर्थन नहीं करने देंगे और उन्हें करारा जवाब देंगे। यह हमारा फर्ज बनता है, लेकिन बदकिस्मती से जब यह चर्चा होती है, तब हम उसके माध्यम से क्या मैसेज देना चाहते हैं? क्या हमारा देश विभाजित है? यह एक सोचने वाली बात है।

Contents Page

उपसभापति महोदय, आज जिन 26 लोगों की जानें गई हैं, उनके दुख में हम सब शामिल हैं। हम सब उनके परिवारों के साथ खड़े हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है। साथ ही, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना इस वक्त होनी चाहिए। हमारी पुलिस, हमारी डिफेंस फोर्सेस - आर्मी, नेवी और एयरफोर्स को हम सैल्यूट करते हैं। उन्होंने जिस समर्पण और सटीकता के साथ इस पूरे ऑपरेशन को संभाला और अंजाम दिया - hats off to our Defence Forces — जिनकी वजह से आज देश को एक बड़ी ताकत मिली है। 'मेक इन इंडिया' का वास्तविक असर अब दिख रहा है, चाहे वह ब्रह्मोस मिसाइल हो या अन्य रक्षा उत्पाद हों। कुछ साथियों ने डिफेंस से संबंधित कुछ कमियों की बात की, हो सकता है कि कुछ खामियाँ हों, लेकिन इसके साथ ही हमें यह भी देखना होगा कि आज भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट कितना बड़ा हो गया है, डिफेंस प्रोडक्शन कितनी तेजी से बढ़ा है। यह वे सकारात्मक बातें हैं जिन्हें प्रधानमंत्री जी और अन्य माननीय नेताओं ने सदन के समक्ष रखा है। सवाल यह है कि जब भी कुछ अच्छा होता है, तो उसकी प्रशंसा होनी चाहिए। विश्व भर में आज इस ताकत को समझा जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर को जो अंजाम दिया गया है, उस पर सवाल उठाए जाते हैं कि आतंकवादी मारे गए या नहीं मारे गए, उनका क्या हुआ? आज यह स्पष्ट हुआ है कि तीन दिन पहले सोमवार था, सावन महीने के पहले सोमवार के दिन ही तीनों आतंकवादियों को मारा गया है। यह हमारी सही उपलब्धि है। मुझे ताज्जुब इस बात का होता है कि एक माननीय सदस्य, जो इस सभा के सदस्य नहीं हैं, पर मुबंई में हमारे विपक्ष के कुछ नेताओं का बयान जारी हुआ है कि श्रावण मास के दिन ऑपरेशन महादेव किया गया है, वह एक polarization साजिश के तहत किया गया है। ऑपरेशन महादेव की success story को दोहराना जरूरी है। इस ऑपरेशन में तीनों आतंकवादी मारे जाते हैं, इसकी प्रशंसा करने के बजाय ऑपरेशन महादेव पर criticism किया जाता है। यह बहुत शर्मनाक बात है।

सर, पाकिस्तान कभी इन गलतियों को नहीं मानेगा। मुझे एक बात याद आती है कि मुबंई में 26/11 का वाकया महसूस किया, उसको बड़े करीब से देखा था, उस समय कसाब के बारे में यह कहा गया था कि वह हमारा आदमी नहीं है, हमारा कोई संबंध नहीं है। जब हमारी डिफेंस फोर्स ने, हमारी इंटेलिजेंस ने खोजकर निकाला कि वह पाकिस्तान का निवासी है, पाकिस्तान का रहने वाला है, तब उसके बाद पाकिस्तान ने चुप्पी साधी थी। पाकिस्तान कभी भी इस बात को नहीं मानेगा। हमारे देश के बहादुर जवानों ने यह प्रयत्न करके बताया है। यह जो ऑपरेशन कंडक्ट किया गया है, उसके कंडक्ट करने से इसका फायदा यह हुआ है कि पहली बार हमारे देश ने यह महसूस किया है, उसके तहत हमने पाकिस्तान में घुसकर हमारे जो ड्रोन्स, मिसाइल्स, और weapons के जरिए हमला किया है। यह हमारे मेड इन इंडिया weapons की कामयाबी है, यह उससे सिद्ध होती है। हमारा ब्रह्मोस एक तरीके से गेम चेंजर रहा है, जिसकी वजह से काफी फायदा हुआ है और पाकिस्तान के एयर डिफेंस को हमने नाकामयाब किया है। हम सक्सेसफुल रहे कि हमने indigenous weapons की तरफ से यह किया है। इसके साथ ही पाकिस्तान ने हमारे ऊपर जो ड्रोन्स फायर किए थे, उन सभी को नाकामयाब करके हमारी ताकत सिद्ध की है। यह बात सच है कि हमारे सामने बहुत बड़ी चुनौती खड़ी की गई थी। यह बात सही है कि बहादुरी हमारी सेना की है, डिफेंस फोर्सेज़ की है, जिन्होंने precision के साथ इस स्ट्राइक को कंडक्ट किया। इसके पीछे जो पोलिटिकल विल है, हमारे प्रधान मंत्री जी, जिन्होंने बिल्कुल सूक्ष्म तरीके से हमारी फोर्सेज़ को पूरी आज़ादी दे दी, जिसकी वजह यह ऑपरेशन कामयाब हो पाया। हमारी

Contents Page

सरकार का कहीं पर भी interference नहीं रहा। कोई पोलिटिकल इंटरफेयरेंस नहीं रहा, जिसकी वजह से पूरी आज़ादी के साथ में यह काम हुआ है। यह हमारी वीरता का प्रतीक है। दूसरी तरफ पाकिस्तान की कायरता सामने आई है कि कुछ दिनों के बाद उन्होंने उनके सीडीएमओ के द्वारा विनती की गई। यहां बार-बार सवाल उठाया जा रहा है कि ट्रंप ने क्या कहा, ट्रंप ने कहा कि उन्होंने युद्ध विराम किया, उनकी वजह से करना पड़ रहा है। यह बड़े ताज्जुब की बात है कि हमारे देश के प्रधान मंत्री के बयान को अहमियत नहीं दी जाती है, हमारी डिफेंस फोर्सेज़ को अहमियत नहीं दी जाती है। प्रधान मंत्री जी के पोलिटिकल सिस्टम को बाजू में रखेंगे, पर हमारे डिफेंस फोर्सेज़ के अफसरों ने जो ब्रीफिंग दी है, उस पर विश्वास नहीं है। ट्रंप क्या कहता है, उस पर विश्वास है, हमारा सिस्टम क्या कहता है, उस पर विश्वास नहीं है। यह बड़े दुख की बात है। मैं समझ सकता हूं कि जब तक इस देश में डेमोक्रेसी है, अपोजिशन भी रहेगा, सत्ताधारी पार्टी भी रहेगी। यह वक्त नहीं है कि हम इस इश्यू को पोलिटिसाइस करें और एक-दूसरे पर लांछन लगाएं। यह बिल्कुल ठीक नहीं है। गवर्नमेंट ने जो बयान दिया है, हमारे आर्मी, नेवी और एयर फोर्स ने जो ब्रीफिंग दी है, उसकी सच्चाई को कहीं भी डायल्यूट करने का प्रयास बिल्कुल नहीं होना चाहिए। दूसरी बात यह है कि कुछ हमारे विपक्ष के नेताओं ने इस लड़ाई को छुटपुट का युद्ध कहा है। यह मामूली सा युद्ध था, छोटा-सा युद्ध था, छुटमुट की लड़ाई थी। बदकिस्मती से ऐसा बयान सामने आया है। आप देखेंगे कि यह पहली बार है कि ब्रह्मोस जैसी मिसाइल्स का यूज़ हुआ है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। महोदय, इसमें स्कल्प क्रूज़ को इस्तेमाल किया गया है। चाहे पिचोरा हो, क्रिस्टल मेज़ हो, रुद्राम हो, आकाश हो - इसमें ऐसी-ऐसी वेपेनरी उपयोग की गई हैं, जो आज तक युटिलाइज़ नहीं की गई थीं। वे इनको युटिलाइज करके लश्कर-ए-तैयबा का मुरीदके में जो बेस कैंप था, जैश-ए-मुहम्मद का बहावलपुर में हेड क्वार्टर था, हिज्बुल-मुजाहिदीन का मुज़फ्फाराबाद में बेस कैंप था। महोदय, कोटली, गुलपुर, शक्करगढ़, सियालकोट जैसे और भी जितने टेरेरिस्ट्स कैंप्स थे, जब उनको ध्वस्त किया जाता है, तो क्या इस लड़ाई को छुट-पुट का युद्ध कहा जा सकता है? इस बात को गंभीरता से लेने की आवश्यकता थी। अगर उसका यहाँ पर मज़ाक उड़ाया जाता है, तो हमारे जितने भी सोल्जर्स हैं, हमारी जितनी डिफेंस फोर्सेस हैं, उनकी जो मेहनत है, वे जिस ताकत से वहाँ पर लड़े हैं, क्या ऐसा कहकर हम उनके काम का भी मज़ाक उड़ा रहे हैं? मैं समझता हूं कि इस चीज़ को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है, इस चर्चा को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है और उनकी जो वीरता है, उसकी इस सभा गृह में प्रशंसा करने की आवश्यकता है, जिसकी वजह से हमारे देश की कामयाबी पर आज हम लोग यहाँ पर खड़े हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जो दूसरी बात कही जाती है, वह यह कही जाती है कि हमारे इस एफर्ट का कहीं पर भी इंटरनेशनल सपोर्ट दिखाई नहीं दे रहा है। उपसभाध्यक्ष जी, मैं समझता हूं कि अगर इस बात को ठीक से समझा जाए, अगर इसकी डिटेल्स ठीक से निकाली जाएं, तो हमारा देश आज विश्व भर में मोदी जी के नेतृत्व में टेरेरिस्ट्स और टेरेरिज्म के खिलाफ जो भी प्रयास कर रहा है, पूरे विश्व में उसकी प्रशंसा हो रही है और लोगों ने उसे समर्थन दिया है। महोदय, यह बात रिकॉर्ड पर है। उपसभाध्यक्ष महोदय, यूएसए, यूके, इस्रायल, फ्रांस, सउदी अरेबिया, कतर, यूएई, इस सभी देशों ने हमारी मेहनत और हमारे इस एफर्ट की प्रशंसा की है।

Contents Page

यूरोपियन यूनियन और 27 मैम्बर्स स्टेट्स ने भी अपने बयान देकर इस प्रयास को समर्थन देने की कोशिश की है। ..(**व्यवधान**)..

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** कृपया समाप्त कीजिए, आपका समय खत्म हो चुका है।

SHRI ASHOKRAO SHANKARRAO CHAVAN: I am just finishing in a few minutes.

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** कृपया समाप्त कीजिए, आपका समय खत्म हो चुका है।

SHRI ASHOKRAO SHANKARRAO CHAVAN: The Foreign Minister of UK, Mr. David Lammy, former Prime Minister of UK, Rishi Sunak and also Russia, इन सभी लोगों ने इस टेरेरिज्म को कंडेम्न किया है और हमें समर्थन दिया है। यूनाइटेड नेशन्स सिक्युरिटी काउंसिल के 15 मेम्बर्स में से 5 परमानेंट मेम्बर्स हैं और 10 नॉन परमानेंट मेम्बर्स हैं। सिर्फ तीन देशों ने पाकिस्तान के फेवर में समर्थन किया है। पाकिस्तान, चाइना और टर्की ने समर्थन किया है, बाकी सभी देशों ने भारतवर्ष का समर्थन किया है। कहने का मतलब यही है कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारी fight against terrorism जारी है और जारी रहेगी। इसको पूरे विश्व का समर्थन मिल रहा है।

महोदय, इसके बाद यह एक और बात है। यह बात कही जाती है कि अमरीकी राष्ट्रपति के व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के कुछ लोगों को, पाकिस्तानी सेना प्रमुख को वहाँ बुलाकर खाना खिलाया जा रहा है। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह समझने की बात है कि हर देश की अपनी अंतर्राष्ट्रीय पॉलिसी है, इसलिए अमरीका क्या करता है, क्या नहीं करता है, किस वक्त कौन-से पैंतरे खेलता है, इससे हमें कुछ लेना-देना नहीं है। वह किसको बिरयानी खिलाते हैं या किसको नहीं खिलाते हैं, इसमें उनका मकसद है, लेकिन यह बात जरूरी है कि strategic और safe होने की दृष्टि से आज जो भारत emerge हो रहा है, वह कुछ लोगों को अच्छा नहीं दिखाई दे रहा है, इसीलिए ये सब पैंतरे खेले जा रहे हैं – यह एक सच्चाई है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण:** मेरा यही कहना है कि इस चीज़ को गंभीरता से लिया जाए। ट्रंप क्या कहते हैं या कौन क्या कहता है, हमें उससे मतलब नहीं है। मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारा देश एक मजबूत देश है और विकास के रास्ते पर उभर रहा है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। श्री जावेद अली खान, आपके पास चार मिनट हैं।

**श्री जावेद अली खान** (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यहाँ पर बहुत-सी बातें हो चुकी हैं और बहुत विस्तार से कहने के लिए अब कुछ बचा नहीं है। मैं बहुत ही संक्षेप में अपनी बात रखूंगा, क्योंकि समय भी कम है।

महोदय, सबसे पहले तो मैं पहलगाम में हमारे देश के जो निर्दोष नागरिक शहीद हुए हैं, उनके परिवारों के प्रति हमदर्दी अर्पित करता हूं और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं। दूसरी बात यह है कि हमारी सेना ने जो शौर्य दिखाया है, जो पराक्रम दिखाया है, उसके लिए सेना को बार-बार सलाम करता हूं। सर, शुरू में मेरी राय यह थी कि बहस पहलगाम पर होनी चाहिए थी, क्योंकि सेना का शौर्य, सेना का पराक्रम और ऑपरेशन सिंदूर निर्विवाद मसला था। पूरे देश के अंदर किसी पार्टी ने, किसा व्यक्ति ने, किसी भी दल के नेता ने या किसी भी समूह ने न तो इस एक्शन पर सवाल उठाया, न इस एक्शन का विरोध किया और न ही सेना पर किसी तरीके का सवाल उठाया। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होने का कोई मतलब ही नहीं था। सैन्य कार्रवाई पर कुछ नहीं होना चाहिए था। हम पहलगाम में क्यों नाकाम हुए, हम अपने निर्दोष लोगों को क्यों नहीं बचा पाए, सिर्फ इस बात पर विचार-विमर्श होना चाहिए था, चर्चा होनी चाहिए थी। हमारे देश के अंदर आगे आतंकवाद न पनपे, इसके लिए पुख्ता इंतजाम करने चाहिए थे। कल रक्षा मंत्री जी बोल रहे थे। उन्होंने विपक्ष को बहुत बड़ा क्वेश्चनायर दिया कि विपक्ष को ये सवाल पूछने चाहिए थे, यह नहीं पूछना चाहिए था, यह पूछना चाहिए था। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपकी जानकारी के लिए बता दूँ कि हमारे सदन के अंदर रक्षा मंत्रालय के जवाब देने का दिन सोमवार होता है। इस सत्र को शुरू हुए दो सोमवार गुजर चुके हैं। रक्षा मंत्रालय ने इन दोनों दिनों में न तारांकित, न अतारांकित - एक सवाल भी स्वीकार नहीं किया है। मेरा खुद का सवाल डिसएलाउ हुआ है। जवाब देना नहीं चाहते, सिर्फ भाषण करना चाहते हैं। माननीय रक्षा मंत्री जी ने भाषण करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के यूएनएससी में पाकिस्तान को काउंटर टेररिज्म कमिटी का उपाध्यक्ष बनाया गया है, यह हैरानी की बात है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बिल्ली से दूध की रखवाली करवाने वाली बात है। लेकिन विदेश मंत्रालय क्या कहता है? मेरे सवाल के जवाब में 24 तारीख को विदेश मंत्रालय कहता है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इस समिति का चुनाव नियमित वार्षिक प्रक्रिया है। वह इसे बहुत डायल्यूट करके कहता है। रक्षा मंत्रालय क्या कहता है, रक्षा मंत्री क्या कहते हैं, जबकि विदेश मंत्रालय का ऑफिशियल स्टैंड यह है कि यह नियमित प्रक्रिया है, यह रूटीन प्रक्रिया है। कम-से-कम सरकार के दोनों मंत्रालयों को आपस में सलाह-मशविरा करके कोई बात कहनी चाहिए।

अंत में, मैं एक बात कहना चाहता हूँ। मेरे पूर्व में जो वक्ता बोल रहे थे - चव्हाण साहब - वे बड़े अनुभवी नेता हैं। इन्होंने कई देशों का नाम लिया - यूके, रशिया, इजरायल, यूएसए, फ्रांस, नीदरलैंड, जापान, सऊदी अरब, यूएई, इरान, कतर, फिलिस्तीन, पनामा, श्रीलंका, मालदीव और ईयू के 27 देशों का नाम लिया कि सबने हमारा समर्थन किया है। इसके अलावा, कई वक्ताओं ने ब्रिक्स, क्वाड, एफएटीएफ का नाम लिया। इन्होंने हमारा समर्थन किया है, आतंकवाद पर चिंता व्यक्त की है, लेकिन इनमें से एक भी देश ने पाकिस्तान का नाम नहीं लिया है और पाकिस्तान को दोषी करार नहीं दिया है। यह वह जगह है, जहाँ आपकी डिप्लोमेसी भी फेल होती है। यह वह जगह है, जहाँ आपकी विदेश नीति भी फेल होती है। ऐसे सवाल, जो राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हुए हैं, उन पर पूरा दिल खोलकर बात करनी चाहिए। पक्ष-विपक्ष नहीं करना चाहिए। विपक्ष को

दोषारोपित नहीं करना चाहिए। मैं समझता हूँ कि सरकार भविष्य में इस बात का ध्यान रखेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद।

[†]**جناب جاوید علی خان (اترپردیش):** اُپ سبھا ادھیکش جی، آپ کا بہت بہت شکریہ۔ یہاں پر بہت سی باتیں ہوچکی ہیں اور بہت وِستار سے کہنے کے لیے اب کچھ بچا نہیں ہے۔ میں بہت ہی سنکشیپ میں اپنی بات رکھونگا، کیوں کہ وقت بھی کم ہے۔

مہودے، سب سے پہلے تو میں پہلگام میں ہمارے دیش کے جو بے قصور شہری شہید ہوئے ہیں، ان کے پریواروں کے پرتی ہمدردری کا اظہار کرتا ہوں اور انہیں وِنمر شردھانجلی دیتا ہوں۔ دوسری بات یہ ہے کہ ہماری سینا نے جو شوریہ دکھایا ہے، جو پراکرم دکھایا ہے، اس کے لیے سینا کو بار بار سلام کرتا ہوں۔ سر، شروع میں میری رائے یہ تھی کہ بحث پہلگام پر ہونی چاہئیے تھی، کیوں کہ سینا کا شوریہ، سینا کا پراکرم آپریشن سندور نرویواد مسئلہ تھا۔

پورے دیش کے اندر کسی پارٹی نے، کسی شخص نے، کسی بھی دل کے نیتا نے یا کسی بھی سموہ نے نہ تو اس ایکشن پر سوال اٹھایا، نہ اس ایکشن کا وِرودھ کیا اور نہ ہی سینا پر کسی طریقے کا سوال اٹھایا۔ اس لیے آپریشن سندور پر چرچہ ہونے کا کوئی مطلب ہی نہیں تھا۔ سینئے کارروائی پر کچھ نہیں ہونا چاہئیے تھا۔ ہم پہلگام میں کیوں ناکام ہوئے، ہم اپنے نردوش لوگوں کو کیوں نہیں بچا پائے، صرف اس بات پر وچار وِمرش ہونا چاہئیے تھا، چرچہ ہونے چاہئیے تھی۔ ہمارے دیش کے اندر آگے آتنک واد نہ پنپے، اس کے لیے پختہ انتظام کرنے چاہیے تھے۔ کل رکشا منتری جی بول رہے تھے، یہ نہیں پوچھنا چاہئیے تھا، یہ پوچھنا چاہئیے تھا۔ مانیئے اُپ سبھاادھیکش جی، میں آپ کی جانکاری کے لیے بتادوں کہ ہمارے سدن کے اندر رکشا منترالیہ کے جواب دینے کا دن سوموار ہوتا ہے۔ اس اجلاس کو شروع ہوئے دو سوموار گزرچکے ہیں۔ رکشامنترلیہ نے ان دونوں دنوں میں نہ تارانکِت، نہ اتارانکِت، ایک سوال بھی قبول نہیں کیا۔ میرا خود کا سوال ڈِس الاؤ ہوا ہے۔ جواب دینا نہیں چاہتے، صرف بھاشن کرنا چاہتے ہیں۔ مانیہ رکشا منتری جی نے بھاشن کرتے ہوئے کہا کہ سنیکت راشٹرسنگھ کے یون این ایس سی میں پاکستان کو کاؤنٹر ٹیررزم کمیٹی کا اپادھیکش بنایا گیا ہے، یہ حیرانی کی بات ہے، یہ بدقسمتی ہے۔ یہ بلّی سے دودھ کی حفاظت کرنے والی بات ہے۔ لیکن وزارت خارجہ کیا کہتا ہے؟ میرے سوال کے جواب میں 24 تاریخ کو وزارت خارجہ کہتی ہے کہ سنیکت راشٹرسرکشا کی اس سمیتی کا چناؤ نِیامت وارشک پرکریہ ہے۔ وہ اسے بہت ڈائلیوٹ کرکے کہتا ہے۔ رکشا منترالیہ کیا کہتا ہے، رکشا منتری کیا کہتے ہیں، جب کہ وزارت خارجہ کا آفیشیل اسٹینڈ یہ ہے کہ یہ نیامت پرکریا ہے، یہ روٹین پرکریا ہے۔ کم سے کم سرکار کے دونوں منترالیوں کو آپس میں صلاح مشورہ کرکے کوئی بات کہنی چاہیئے۔

آخر میں، میں ایک بات کہنا چاہتا ہوں۔ مجھ سے پہلے جو اسپیکر بول رہے تھے، چوہان صاحب، وہ بڑے تجربہ کار نیتا ہیں۔ انہوں نے کئی دیشوں کا نام لیا۔ یو کے، رشیا، اسرائیل، یو ایس، فرانس، نیدرلینڈ، جاپان، سعودی عرب، یو اے ای، ایران، قطر، فلسطین، پناما، سری لنکا، مالدیپ اور ای یو کے 27 ممالک کا نام لیا کہ سب نے ہمارا سمرتھن کیا ہے۔ اس کے علاوہ، کئی اسپیکرس نے برکس، کواڈ، ایف اے ٹی ایف کا نام لیا۔ انہوں نے ہمارا سمرتھن کیا ہے، آتنک واد پر اپنی فکر کا اظہار کیا ہے، لیکن ان میں سے ایک بھی دیش نے پاکستان کا نام نہیں لیا ہے اور پاکستان کا دوشی قرار نہیں دیا ہے۔ یہ وہ جگہ ہے، جہاں آپ کی ڈپلومیسی بھی فیل ہوتی ہے۔ یہ وہ جگہ ہے، جہاں آپ کی ودیش نیتی بھی فیل یوتی ہے۔ ایسے سوال، جو راشٹریہ سرکشا سے جڑے ہوئے ہیں، ان پر پورا دل کھول کر بات کرنی چاہیئے۔ پکش وِپکش نہیں کرنا چاہیئے۔ وِپکش کو دوشروپِت نہیں کرنا چاہئیے۔ میں سمجھتا ہوں کہ سرکار بھوشیہ میں اس بات کا دھیان رکھے گی۔ بہت بہت شکریہ۔

**डा. दिनेश शर्मा** (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने एक अति महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। हम सब जानते हैं कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई उस भयावह घटना ने हमें पूरी दुनिया में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को खुले रूप में प्रस्तुत करने का समय दिया। जब निरीह लोगों की हत्या की गई, वह राज्य प्रायोजित आतंकवाद का स्वरूप था। मान्यवर, हम बहुत देर से सारी चर्चाएं सुन रहे थे। 22 अप्रैल की घटना से लेकर सात-आठ मई को भारत ने उनके विभिन्न आतंकी क्षेत्रों पर जो सटीक हमले किए, मैं इसके बीच के

† Transliteration in Urdu script.

Contents Page

घटनाक्रम का वर्णन कर रहा था। कम्युनिस्ट पार्टी के वक्ता चले गए। वे कह रहे थे कि युद्ध एक विकल्प नहीं है। काँग्रेस के एक सदस्य कह रहे थे कि आर-पार की लड़ाई करनी चाहिए। एक और माननीय सदस्य कह रहे थे कि हमारे पास और विकल्प भी हैं। भारतवर्ष ने सारे विकल्पों को अपनाया और सारे विकल्पों को अपनाने के बाद जब वे नहीं माने, तो उनके जो 11 आतंकी अड्डे थे, प्रशिक्षण शिविर थे, उन पर सटीक हमले हुए। उनके सैन्य या नागरिक क्षेत्रों को नहीं चुना गया, लेकिन पाकिस्तान के द्वारा प्रतिक्रिया में भारत के धार्मिक क्षेत्रों, स्कूलों और अन्य नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाने के उद्देश्य से जब ड्रोन छोड़े गए, मिसाइलें छोड़ी गईं, तो उसकी प्रतिक्रिया स्वरूप भारत ने जवाब दिया। उस जवाब में अगर हम देखें, तो उनका लाहौर, पसरूर, चुनियान, आरिफवाला तमाम, जो राडार के स्टेशन थे, वे नष्ट हुए। वायुसेना के चकलाला, सरगोधा, रहीम यार खान और तमाम उनके लड़ाकू विमान, अवाक्स विमान नष्ट हुए। आतंकी जैश व लश्कर के ठिकाने तबाह हुए। दूसरी ओर मरकज-ए-तैयबा, मुरीदके को निशाना बनाया गया। पाक एयरफोर्स क्षमता 5 साल पीछे हुई, यह हम नहीं कह रहे। यह पाकिस्तान के तमाम लोगों का कहना है। मान्यवर, मेरा इस संदर्भ में कथन यही था कि विरोधाभास वाले लोग माननीय प्रधान मंत्री जी को चुनौती देते हुए बोलते थे कि प्रधान मंत्री जी मौन हैं। कोई यह बोलता था कि प्रधान मंत्री जी एक्शन क्यों नहीं लेते हैं? जब एक्शन लिया, तो एक कड़ा एक्शन क्यों लिया? मुझे एक प्रसंग याद आता है कि एक गधे के साथ में दो लोग जा रहे थे। वह खाली जा रहा था, तो लोगों ने कहा यह खाली जा रहा है और ये पैदल चल रहे हैं। उन्होंने बेटे को बैठा दिया और पिता पैदल चलने लगा। लोगों ने कहा बेटा गधे के ऊपर बैठकर चल रहा है और बाप नीचे चल रहा है। उन्होंने पिता को बैठाया और बेटा नीचे चलने लगा। लोगों ने फिर जब छींटाकशी की, तो दोनों लोग उस पर बैठ गए और चलने लगे, तो लोगों ने कहा कि बेचारे गधे की चिंता नहीं है और दोनों उस पर बैठकर चल रहे हैं। आज विपक्ष की स्थिति ऐसी हो गई कि आप करोगे तो भी आलोचना और नहीं करोगे, तो भी आलोचना।

मान्यवर, मुझे तो सुनकर ताज्जुब हुआ जब एक विद्वत व्यक्ति का उद्बोधन यहां पर हो रहा था, वे विधिवेत्ता हैं और ऐसा लग रहा था जैसे पाकिस्तान का लाइव टेलीविजन का प्रसारण हो और उसके लिए वे भारत की कमजोरियों का वर्णन कर रहे हों। मुझे ताज्जुब तो तब होता है कि जब सामने पड़ी खाली हुई सीटें उस समय भरी हुई थीं और भरी हुई सीटों के लोग जोर-जोर से तालियां बजा रहे थे और ऐसा लग रहा था कि भारत कमजोर है। उसका जो वे वर्णन कर रहे थे, उस वर्णन का जैसे वे समर्थन कर रहे हों। भारत कमजोर नहीं है। भारत अब वह भारत नहीं है। 2014 से पहले वाली जो सरकारें थीं, जब पाकिस्तान गोली फेंकता था, तो भारत के प्रधान मंत्री के हाथ में सफेद रंग का कबूतर होता था, शांति का प्रतीक। उधर से गोली, इधर से कबूतर, उधर से गोला, इधर से कबूतर। 2014 के बाद मोदी जी आए। उन्होंने कहा, उधर से गोली तो इधर से गोला, उधर से गोला तो इधर से बम और अगर उधर से बम तो घर में घुस के मारेंगे हम और घर में घुस के मारने की वह प्रक्रिया चली। मैं यह कहना चाहता हूं कि यह बदला हुआ नया भारत है। यह प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में एक सशक्त भारत है। आप पाकिस्तान की मजबूती का वर्णन करते हैं कि पाकिस्तान चाइना के साथ भारत का नुकसान कर लेगा। वे कहते हैं कि हमारे सहयोगी देश कहां हैं? आज पूरे विश्व में हमें अप्रत्यक्ष समर्थन मिला है। लोगों ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को उसका अधिकार बताया है। हमारे यहां के लोग बहुत बड़े-बड़े विद्वान हैं।

बहुत से लोगों को अहंकार है और अहंकार की सीमा पार करके लोग वर्तमान में अपने आप को प्रधान मंत्री के स्वरूप में पाते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि ज्ञानी और अज्ञानी दोनों को समझाया जा सकता है, लेकिन जो अभिमानी हो, उसको कोई नहीं समझा सकता है और यहां अभिमानी को समझाने का जो उपक्रम है, उसमें मैंने देखा कि आज यहां पर तमाम तरीके की बातें हुईं। बहुत से ऐसे लोग थे, जो ऐसे आतंकवादियों की विचारधाराओं का प्रवाह अपने में लाए होंगे। जब प्रश्न आता है कि मोदी जी की नीयत क्या है, तो जिसने उनका कल का उद्बोधन सुना होगा - मोदी जी की नीयत पाक साफ है। जब हम पाक साफ नीयत कहते हैं, तो हमारे विपक्षी दल के लोग एक प्रकार से व्यंग्य बनाकर और तरह-तरह की चीजों को आज हमारे सामने प्रस्तुत करते हैं।

मान्यवर, ऑपरेशन महादेव की चर्चा हो रही थी। श्रावण का माह है और महादेव की चर्चा होना स्वाभाविक है। वहां पर आतंकवादी सुलेमान, फैज़ल और जिब्रान जब मरे हुए पाए गए, तो ऑपरेशन सिंदूर का बदला हो गया, तब लोग बोलने लगे कि इनकी पहचान क्या है? जब उनका वोटर कार्ड से मिलान हो गया। जब उनकी राइफल की गोलियां चलाकर, उससे साइंटिफिक मिलान हो गया... मान्यवर, सारा मिलान हो गया, तब भी उनके पास की एक चीज का मिलान नहीं हुआ। उनके द्वारा लाई हुई जो टॉफी थी, उस टॉफी का मिलान नहीं हुआ। मान्यवर, मुझको लगता है कि वे ऑटोमेटिक राइफल लाए थे, तो जाहिर सी बात है कि आतंक करने के लिए लाए थे। उनका वोटर लिस्ट था, तो जाहिर सी बात है कि वे अपने को पाकिस्तानी दर्शाने के लिए लाए थे। लेकिन वे टॉफी क्यों लाए थे, यह रहस्य अभी तक नहीं खुला है। मुझको लगता है कि उनके समर्थन में इस प्रकार का जो वर्णन करने वाले लोग थे, शायद उनका मुंह मीठा कराने के लिए वे इसे लाए होंगे। लेकिन इतना निश्चित है कि आज कसाब को भाई कहने वाला, इशरत जहां को बेटी कहने वाला, हाफिज को साहब कहने वाला, लादेन को लादेन जी के नाम से संबोधित करने वाला देश नहीं है। अब यह सेर पर सवा सेर वाला देश है। यह सच का प्रस्तुतीकरण करने वाला देश है। सच शेर की तरह होता है। आप हमारे प्रधान मंत्री जी को बोलते थे कि सच कबूलो, सच कबूलो। यह जो सच है, वह शेर की तरह होता है और इसे बचाने की जरूरत नहीं होती है। इसे खुला छोड़ दीजिए, यह अपना बचाव खुद कर लेता है। अपने देश का बचाव करने के लिए हमें चीन की जरूरत नहीं है, हमें अमेरिका की जरूरत नहीं है। भारत आत्मनिर्भर है, भारत एक स्वाभिमानी देश है, भारत एक समन्वयवादी देश है। हम हाथ में माला लेकर पूजा करते हैं, लेकिन जरूरत पड़ती है, तो हाथ में भाला लेकर हम युद्ध के लिए भी तैयार रहते हैं। इसलिए इस भारत की भूमि को चुनौती देने वाली जो आतंकी घटनाएं थीं, हमने उनका मुंहतोड़ जवाब दिया है। यह जवाब ऐसे नहीं हुआ है, यह जवाब इसलिए भी हुआ है कि हमने समय-समय पर आतंकी घटनाओं को समाप्त करने का भी काम किया है।

मान्यवर, हम लोग एक किस्सा सुनते थे। एक बाटला कांड हुआ था। वहां आतंकवादी मारे गए थे। पता चला, उनके नेता एक बड़ी नेत्री के घर का किस्सा बताते थे कि रात भर रोते हुए उनकी वह रात बीती थी। यह रात आतंकवादियों के मरने पर रोने वाली नहीं है। अब आतंकवादियों के मरने पर यहां पर प्रसन्न होने वाले लोगों का यह देश बना है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि इस देश में आज यह समझने की जरूरत है। हमारी सरकार यह बताती है कि इस देश में जो अंतर है, वह कलाम और कसाब का अंतर है। कलामवादी जो सोच है, वह देश की हमारी प्राथमिकताओं में है। जो कसाब के संरक्षण वाली सोच बनती जा रही है, वह देश के हित

Contents Page

चिंतन की नहीं है। इसलिए मैं आप सबको यह कहता हूं। अभी हमारी एक माननीया सांसद बता रही थीं कि यहां पर आतंकवादी घूम रहे थे, आतंकवादी हाथ में स्टेन गन लिए घूम रहे थे, वे भी टहल रही थीं और टहलते-टहलते उन्होंने कुछ नहीं किया। मैंने सुना था कि "बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी।" आज तो हमने सुना कि सांसद के मुख सुनी हमने कहानी थी, कि वह आतंकवादी के सामने भी टहलीं, लेकिन कुछ नहीं हुआ। यह जो असत्य का आवरण है, यह दर्शाने से आतंकवाद का संरक्षण नहीं होता है। मान्यवर, मैं इसलिए कहना चाहता हूं कि युद्ध समाधान नहीं है, लेकिन अगर युद्ध आ जाए, तो युद्ध का जो अंतिम विकल्प बचता है, वह प्रतिकार बचता है और वह प्रतिकार हमारे देश के प्रधान मंत्री जी ने लिया है और उस प्रतिकार में केवल यही नहीं है।

मैं अंत में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कह कर अपनी बात समाप्त करता हूं। कई लोग यहां पर ऑपरेशन सिंदूर का अर्थ बोल रहे थे, कोई फिल्म का बता रहे थे कि सिंदूर का अर्थ क्या है। एक बार माता सीता ने प्रभु राम का वर्णन किया। बजरंग बली ने उनसे पूछा कि माते, आप यह छोटा सा सिंदूर क्यों लगा रही हो, तो उन्होंने कहा कि यह सिंदूर पति के जीवन के संरक्षण का, सुख शांति और संवर्धन का प्रतीक है। इसलिए वह सिंदूर, जो माताओं के मस्तिष्क पर लगा हुआ सिंदूर है, अगर उसको कोई छेड़ने की कोशिश करता है, तो निश्चित रूप से हमारे भारत का एक सशक्त प्रशासन है, वह उसको मुंहतोड़ जवाब देने की क्षमता रखता है। उसे किसी सहायता की जरूरत नहीं है कि विश्व का कौन देश आएगा। हम कभी याची हुआ करते थे। सड़ा हुआ लाल रंग का गेहूं भारत में आता था और राशन कार्ड से बंटता था। आज 10 किलो का राशन बांटने वाला यह भारत है। हम याची नहीं हैं। यह 120 देशों में फ्री की वैक्सीन भेजने वाला भारत है। यह दाता है, यह याची नहीं है। अब यह दाता देश बन चुका है। यह सशक्त भारत है, यह सशक्त भारत युवा भारत है और युवा भारत आज जवाब देने की स्थिति में है। इसलिए मैं अपनी वाणी को विराम देते हुए यही कहूंगा कि ऑपरेशन सिंदूर इस भारत की अस्मिता का, भारत के सम्मान का, यहां की हमारी बहनों के भाव के रक्षण का प्रतीक बन चुका है। इस ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए हमारी सेनाओं को जहां हम साधुवाद देते हैं, वहीं एक सशक्त नेतृत्वकर्ता के रूप में हम प्रधान मंत्री जी का भी स्तुति गान इसलिए करते हैं कि उनके सफल नेतृत्व में इस प्रकार की प्रक्रियाओं का संपादन हुआ। धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता)** : धन्यवाद। श्री हारिस बीरान।

6.00 P.M.

SHRI HARIS BEERAN (Kerala): Sir, on behalf of my party, the Indian Union Muslim League, I condemn the Pahalgam incident in the strongest possible terms and salute the armed forces for keeping our sovereignty intact. A victim of this Pahalgam terror attack, 65-year-old N. Ramachandran, was from Ernakulam. I went to visit his house. When I was visiting his House, his daughter Aarti Menon was giving a press interview. She was sobbing. She was heartbroken. She told the reporters, "I got two

brothers from Kashmir -- Musafir and Sameer. They stood by me at the time of crisis." This is the spirit of the nation. But what happened next? She was brutally trolled in the social media. We know the story of Colonel Sofiya Qureshi. She was a heroine. She was also attacked by a BJP Minister, but no action was taken. This was an insult to the womanhood; this was an insult to the armed forces; and it was an insult to the nation itself. As a nation, it is our primary duty to secure justice for those people who lost their lives in Pahalgam. We have to examine how this Pahalgam

[THE VICE-CHAIRMAN (DR. DINESH SHARMA) *in the Chair*.]

Incident happened. I was part of the all-party meeting just two days after the Pahalgam attack. The officer, who was briefing us at that point in time, said that normally the Baisaran Valley opens in mid-June for the purpose of Amarnath pilgrims and the tourists. But this time it opened on April 20 and this was not known to the security forces which was a very surprising statement. That means there was no security in the Baisaran Valley at that point in time. Our forces did not know that the tourists were actually going to this particular place from April 20. So, for three days, our security forces did not know this.Two things are very clear. There has been an intelligence failure and there have been security lapses. These two things have been admitted. What is next? There has to be some accountability. Somebody has to fix the issue. What have you done for the accountability issue in the last three months? It has been almost 100 days. Have you made anybody accountable? Have you made any officer accountable? Have you made any Minister accountable? I think the Home Minister has to reply on this issue. Our response was Operation Sindoor. I do not know why they waited for 15 days. We waited for 15 days and told the entire world that we are going to retaliate. This is like an advanced warning to the terrorists that you please go and hide anywhere. I think we should not have given this kind of an advanced warning that we are going to retaliate. We are projecting this particular Operation Sindoor as a flawless military and diplomatic victory. We want to believe that. We actually want to believe that. But there are a lot of sources which have actually challenged that particular claim of ours.

There is a chart which I have prepared. This particular chart says that we know what President Trump said. I am just quoting him. He said, "I think five jets were shot down." The US officials via Reuters say, "Highly confident that the Pakistani Air Force had used Chinese-made J-10C fighter jets shooting down at least two." Then the Pakistan ISPR says, "Down three Rafales, one MiG-29, one Mirage-2000 and Su-30MKI." Our CDS General Chauhan says, "Some fighter jets were lost. Numbers are

not important." The Indian Government's PIB says, "Zero assets lost; without loss of any Indian assets." Now who is telling the truth? We don't know. Who is misleading us? We don't know. The Government has to make it very clear that whatever Trump has said is wrong, whatever CDS Chauhan has said is wrong and whether PIB is correct or not. This has to be answered in the House.

On the diplomatic front, according to me, it is not a very happy situation. How many countries supported us? The key partners followed a predictable pattern using words like 'restraint' and 'de-escalation'. There was no joint statement condemning Pakistan. The IMF approved one billion dollar loan to Pakistan at this time of crisis despite our dissent and extensive diplomatic reach. I want to know whether it failed to convince our partners. We told them, 'Please don't give the money.' Trump invited Asim Munir who is the chief architect of all these things. What is the shift in the foreign policy? I am unable to understand the shift in the foreign policy. Lakhs of people are dying in Gaza. We are the epitome of human rights. We were supposed to be the epitome of human rights. But there is no word from us. Lakhs of people are dying in Gaza. But still we will not give any help to the victims in Gaza. We are committed to it. But how does the Government reconcile its claim of isolating Pakistan with these events? Let the Minister show a single instance of a comprehensive strategic partner providing material support to India, especially when contrasted with the support given to Pakistan by China. Now, this was fought not only on the ground, but also on social media and online. Following Operation Sindoor, we witnessed a wave of disinformation, videos, images and false claims to discredit our forces. We saw what was happening in social media. One young lady, who lost her husband in Pahalgam, appealed for peace. She was brutally trolled. Now, we know how the war reporting in the media was. It leaves much to be desired. Now, we must, therefore, empower our Ministry of Information Technology. We should empower our cyber security systems, MEA, PIB, etc., to act swiftly in these cases. Now, we are all with the Government on this issue. However, the Government is answerable to the questions, which the Parliament raises. Now, the hon. Leader of Opposition in the Lok Sabha, Shri Rahul Gandhi, who himself is a victim of terror attacks, having lost his father and his grandmother, raised questions. When questions are asked, the answer should not be that you are speaking the language of Pakistan. That means that you don't have any answer. We will be forced to believe that you don't have any answer.

Sir, I am concluding; I am concluding with this particular quote. Now, this operation brought the Government, the Opposition, the Armed Forces and the people forward and united them. Let us carry this forward. But, while we carry this forward,

Contents Page

we have to remind ourselves that national honour is not just an idea, but a promise. And to keep that promise, we must always be willing to act and to learn.

Sir, I have just one request. We are actually debating the terror victims of Pahalgam, our brothers who were killed in Pahalgam. I think it will be appropriate that the House actually stands in one minute silence for these victims. We have not done that. We have to do that. It is for our own brethren. I think we should actually stand in silence as a mark of respect for these brethren who have been killed in Pahalgam. *Jai Hind!*

**उपसभाध्यक्ष (डा. दिनेश शर्मा)**: धन्यवाद। श्रीमती किरण चौधरी।

**श्रीमती किरण चौधरी** (हरियाणा): सर, मैं श्री आर. जे. कार्तिक की चौपाइयों से अपनी बात शुरू करती हूँ:

"पल न गँवाया सेना ने बहनों को न्याय दिलाने में,
घुस कर मिसाइल छोड़ दी आतंकी ठिकानों में,
दरिंदों, असुरों के घमंड को चूर-चूर कर दिया,
जब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर किया।"

महोदय, हमें गौरव होता है कि हमारे पास प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के रूप में एक ऐसा सशक्त नेतृत्व है, जिनके दृढ़ संकल्प के कारण हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को ऐसा मुँहतोड़ जवाब 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से दिया। हमें इस बात को मानना चाहिए कि यह जो आतंकी हमला हमारे ऊपर हुआ, यह हमारी भारतीयता के ऊपर एक बहुत बड़ा प्रहार था। वे चाहते थे कि जम्मू-कश्मीर के अंदर पर्यटन का जो काम शुरू हो गया था, लोगों की जिंदगियाँ समन्वय तरीके से चल पड़ी थीं, उनको तहस-नहस किया जाए। वे चाहते थे कि धर्मिक सांप्रदायिकता फैलाई जाए। महोदय, उन्होंने इस तरह की घिनौनी हरकत करके, हमारी राष्ट्रीय अस्मिता के ऊपर हमला करके एक नफरत फैलाने की कार्रवाई करने की कोशिश की, जिसके ऊपर हमारी सेनाओं ने, हमारे नेतृत्व ने उसको मुँहतोड़ जवाब दिया।

महोदय, बहुत सारे युद्ध हुए हैं। मैं एक फौजी की बेटी हूँ और मेरे पिताजी ब्रिगेडियर आत्मा सिंह एक war veteran थे। मैंने हमेशा उनके मुँह से यह बात सुनी कि हर युद्ध के बाद पता नहीं क्या हो जाता है कि जो एडवांटेज हमें लेना चाहिए, जो हम पाकिस्तान को बार-बार खदेड़ते हैं, लेकिन वह एडवांटेज हम लोग क्यों नहीं ले पाते? ऐसा इसलिए कि उस समय हमारे यहाँ जो नेतृत्व था, वह एक passive नेतृत्व था। जिसने आगे कभी सोचा नहीं। मैं एक फौजी के घर की बात बता रही हूँ। हमने अपनी सारी उम्र नॉन-फैमिली स्टेशन्स में बिताई। हम जानते हैं कि क्या हालात होते हैं। इसके साथ-साथ, मुझे तब बड़ा दुःख होता है, जब Opposition Benches से हमारे विपक्षी भाई और बहनें इस तरह के शब्द यूज़ करते हैं कि किसी तरह की कोई political will नहीं थी। जब ये political will की बात करते हैं, तो मैं इनसे पूछना चाहती हूं कि अगर आपकी political will होती, तो उस समय जब इस तरह के हमले हुए, इस तरह की वारदातें हुईं, युद्ध

हुए, पाकिस्तान के खिलाफ हमारा युद्ध हुआ और हम जीत के निकले, तब आपने Indus Waters Treaty को रद्द क्यों नहीं किया? हमारा जो 80% पानी पूरा का पूरा पाकिस्तान के अंदर जाता है, ये उसके ऊपर बैठे रह गए। आज अगर वह पानी हमें मिला होता, तो हमारे किसान भाइयों की आंखों के अंदर खून नहीं होता, आंसू नहीं होते, बल्कि उनके खेतों के अंदर पानी होता। आज उनकी आंखों के अंदर आंसू हैं। चाहे पंजाब हो, हरियाणा हो, राजस्थान हो, दिल्ली हो या जम्मू-कश्मीर हो, जिस पानी पर हमारा अधिकार था, उस अधिकार को इन्होंने उठाकर दे दिया गया। उपसभाध्यक्ष जी, आप बताइए कि हम क्या कर सकते हैं?

हमारे एक माननीय सदस्य ने अपनी बात कही और इस तरफ जो लोग बैठे हैं, उनके लिए उन्होंने "servile" शब्द यूज़ किया। Do they even understand what "servile" means? If anybody is "servile", it is those people who are sitting on the opposite side, I would like to say. हमारे एक भाई, माननीय सदस्य ने कहा, war is no solution. उन्होंने इतनी बड़ी बात कही, war is no solution! They do not understand that if you want peace, you have to be prepared for war. That is the mantra and that is what our hon. Prime Minister, Modi*ji* is doing at the present.

**उपसभाध्यक्ष (डा. दिनेश शर्मा)** : अब आप समाप्त कीजिए।

**श्रीमती किरण चौधरी:** उपसभाध्यक्ष जी, ये हमारे प्रधान मंत्री जी के पीछे पड़े रहते हैं, उनके पीछे सारी बातें करते रहते हैं, कभी कुछ, कभी कुछ, कभी कुछ! यह केवल इसलिए, क्योंकि इन्होंने जो करतूतें की हैं, उनके ऊपर पूरी तरह से ये पर्दा डालना चाहते हैं। आज हिंदुस्तान के अंदर और पूरे विश्व के अंदर यह नजर आ गया है कि हिंदुस्तान कम नहीं है और अगर हमारी तरफ किसी ने आंख उठाकर भी देखा, तो हम उसको मुंहतोड़ जवाब देंगे। ...(**समय की घंटी**)...

उपसभाध्यक्ष जी, ये प्रधान मंत्री के खिलाफ जरूर बोलते हैं, लेकिन नेशनल सिक्योरिटी के बारे में इनकी तरफ से कोई भी पॉजिटिव बात नहीं आती। अगर ये कोई बात करें, कोई अच्छी बात हो, तो उसको हम उठाएं, लेकिन इनका केवल एक काम है- rabble-rousing. It is nothing but rabble-rousing.

**उपसभाध्यक्ष (डा. दिनेश शर्मा)**: अब आप समाप्त कीजिए।

**श्रीमती किरण चौधरी:** उपसभाध्यक्ष जी, मैं इसके साथ-साथ एक और बात कहना चाहूँगी। Operation Sindoor has opened a new chapter in India's destiny. ये बहुत important points हैं। हमारी जो indigenous defense technology है, उसकी हमने शुरुआत की। मेरे पिताजी उस समय बताया करते थे कि किस तरह से युद्ध लड़े जाते थे और युद्ध के अंदर जो सारे के सारे ammunitions or arms होते थे, वे पूरे नहीं होते थे।

**उपसभाध्यक्ष (डा. दिनेश शर्मा)**: आपका समय समाप्त हो गया है।

Contents Page

**श्रीमती किरण चौधरी:** साथ ही साथ, हमारे प्रधान मंत्री जी ने एक military doctrine establish की और वह doctrine, doctrine of restraint है।

**उपसभाध्यक्ष (डा. दिनेश शर्मा):** आपकी बात आ गई।

SHRIMATI KIRAN CHOUDHRY: Indian military will start with restraint but we will retaliate and we will retaliate very hard so that our enemies know that we mean business.

**उपसभाध्यक्ष (डा. दिनेश शर्मा)** : आपका धन्यवाद।

**श्रीमती किरण चौधरी:** सर, दो मिनट। हमारे प्रधान मंत्री जी ने three pillars of deterrence establish किए हैं।

**उपसभाध्यक्ष (डा. दिनेश शर्मा):** आप आधे मिनट में अपनी बात पूरी कीजिए।

SHRIMATI KIRAN CHOUDHRY: First is, any threat to Indian sovereignty will be retaliated and retaliated very, very strongly. Second is that the bluff which used to be called of the nuclear blackmail, that is not going to hold any good.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. DINESH SHARMA): Thank you. Next is Shri Rwngwra Narzary. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI KIRAN CHOUDHRY: I mean, they used to talk. ...*(Interruptions)*... Sir, just one minute. Third is, no difference between the terrorists and the Governments that harbour them.

**उपसभाध्यक्ष (डा. दिनेश शर्मा):** आपकी बात आ गई, अब उसका repetition है।

**श्रीमती किरण चौधरी:** सर, यह मेरा लास्ट प्वाइंट है। हमारी सरकार ने सिखा दिया है कि the lesson in restraint and in calibrated defence. इसके साथ-साथ, India has come into a new awakening.

**उपसभाध्यक्ष (डा. दिनेश शर्मा):** आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्रीमती किरण चौधरी:** सर, अब मैं एक चौपाई के साथ अपनी बात समाप्त करती हूँ। ...(व्यवधान)... सर, मैं एक चौपाई बोल रही हूँ।

**उपसभाध्यक्ष (डा. दिनेश शर्मा):** धन्यवाद, आपका भाषण पूरा हुआ। Shri Rwngwra Narzary.

SHRI RWNGWRA NARZARY (Assam): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to take part on the Special Discussion on 'Operation Sindoor' in Response to Pahalgam Attack on 22nd April, 2025. Before saying some words on Pahalgam terror attack, first of all, I, on behalf of my party, the United People's Party Liberal and my party leader Shri Promod Boro, pay homage to the departed souls of the victims. As soon as we received the news of terror attack in Baisaran Valley, our party officially condemned and stood with the Government of India and supported the retaliation action that the Government has taken.

India will never forget the 26 lives lost in the terror attack in Pahalgam sponsored by Pakistan. The Pahalgam attack was a pin-point act of madness to destabilize India's peaceful region of Jammu & Kashmir. Pakistan has always been trying to destabilize India's peace and progress by sponsoring terrorists several times on Indian soil. Pakistan has always sponsored terrorists to attack our pilgrims, our civilians, our famous hotels and our Defence personnel. Pakistan has no courage to attack India face-to-face. Instead, Pakistan has always been trying to attack India under the cover of terrorists. Pahalgam Terror Attack once again proves that Pakistan always sponsored the act of terrorism. But, let Pakistan know that India has adopted zero tolerance policy in terrorist activities and any act of terrorism will be treated as an act of war. Our nation is united in handling terrorists, irrespective of differences between parties.

Enough is enough, this is new India, led by the dynamic world leader, hon. Shri Narendra Modi, and India will not sit back anymore. I appreciate the determined leadership of hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi*ji*, in handling the Baisaran Valley terror attack and taking strong, decisive but smooth sailing of action on Pakistan in response to the terror attack in Pahalgam. I appreciate the leadership of the Prime Minister Shri Narendra Modi*ji* for his successful diplomatic exercise from preparation of counter measures to action on terrorist and also by sending All-Party high-level delegation to various nations to explain Pakistan's involvement in Pahalgam attack.

I salute and stand with the Indian Armed Forces for the successful Operation Sindoor launched on 7th May 2025 in retaliation to the Pahalgam attack where precise and targeted terrorist training camps at nine different locations within Pakistan and Pakistan-Occupied Kashmir were destroyed. This is a strong message to Pakistan and rest of the world that India is always ready to tackle any situation that threaten our national security.

Once again, I acknowledge and admit Operation Sindoor as a strong and decisive retaliation to Pahalgam attack by Indian Armed Forces under the leadership of hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi. My salute to all the heroes who fought strongly on the border and made Operation Sindoor a grand success and made India a proud nation. I consider Operation Sindoor has fashioned three important values of understanding. (1) India's military capability and self confidence in our indigenously developed weaponry power to counter any act of war. (2) Defensive and offensive capability of India to protect our nation from external threat. (3) India's capability to grow up one of the largest economic powers in the world. सर, मैं इसके साथ एक छोटी सी बात जोड़ना चाहता हूं। मैं असम के बोडोलैंड क्षेत्र से आता हूं। ...(**समय की घंटी**)... सर, 30 सेकंड का समय दे दीजिए।

**उपसभाध्यक्ष (श्री दिनेश शर्मा):** आधे मिनट में अपनी बात पूरी कीजिए।

**श्री रवंगवरा नारजारी:** आज 30 जुलाई के दिन हमारे बोडोलैंड में Anti-Terrorism Day मनाया जाता है। हम बोडोलैंड में 28 सालों से Anti-Terrorism Day का पालन करते आ रहे हैं। 30 जुलाई को ही हमारे All Bodo Students Union के former president आतंकवाद का शिकार हुए थे। इसके विरोध में आज हमारे एरिया में टेररिज़्म को खत्म करने के लिए हम काम करते आए हैं। हमें भारत के प्रधान मंत्री की नीयत और उनके decision अच्छे लगे। हमने उनको सपोर्ट किया कि जहां भी टेररिज़्म और टेररिस्ट्स हों, उसको खत्म करना है। पाकिस्तान टेररिस्ट का पालन करने वाला देश है। हमें टेररिज़्म और टेररिस्ट को खत्म करना है। मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री दिनेश शर्मा):** आपके अच्छे कार्य की सफलता के लिए आपको शुभकामनाएं। Next is, Shri K.R. Suresh Reddy; you have sixteen minutes.

**श्री के. आर. सुरेश रेड्डी** (तेलंगाना): सर, मैं BRS Party की तरफ से, हमारे नेता KCR जी की तरफ से और तेलंगाना की प्रजा की तरफ से पहलगाम में शहीद हुए टूरिस्टों को श्रृद्धांजलि अर्पित करता हूं। इसके साथ-साथ पहलगाम के बाद पुंछ और दूसरे एरियाज़ में जो लोग शहीद हुए, उनको भी श्रृद्धांजलि अर्पित करता हूं। इसके साथ ही हमने Indian Army का experience war में देखा है, जो spirit हमने देखी है, तो party की तरफ से हम उन्हें भी salute करते हैं। We also condemn Pakistan's action in the whole Pahalgam area. Pahalgam attack was a moment of deep sorrow. उस समय पूरा देश दुख में था। उसके बाद जिस तरीके से the country had awakened, एक आवाज़ में, एक spirit में शहीद हुए लोगों की families और लड़ रहे जवानों का साथ दिया है, तो हिंदुस्तान की यह spirit शायद कई सालों के बाद हमें देखने को मिली। इसमें देश की प्रजा के साथ-साथ देश की opposition parties सरकार के साथ थीं। सबने सरकार को unquestionable support दिया है और सरकार ने भी उसी अंदाज में reciprocate

Contents Page

दिया है, जो all-party meetings बुलाई और जो issues आ रहे थे, उन पर all-party meeting में आपने opposition को confidence में लिया। इसके साथ-साथ प्रधान मंत्री जी का जो बयान था, it was still reassuring. आप बिहार से हों या दिल्ली से हों, प्रधान मंत्री जी का जो बयान था, it instilled a lot of confidence in our countrymen that we will reach the end of the Earth, but we will catch you and gun you down. जो बात आई है, bringing to justice, जो बात करें, वह देशवासियों के लिए हिम्मत वाली बात है। In those moments, nobody questioned the other aspects. किसी ने यह नहीं कहा कि intelligence का failure था या कुछ और था। There was no post-morteming of things. The country stood with the Government, with the Army, with the armed forces in one voice. That was clearly exhibited and we have seen that. What happened? When Operation Sindoor started, what Prime Minister said, प्रधान मंत्री जी ने जो बात की है, वह clearly reflect हुई। जब आपने हमला किया on the terrorist sites, seven or nine terrorist sites पर हमला किया, करीब 100 and above terrorists को जब उड़ा दिया गया, everybody was confident, happy. हर रोज़ momentum बढ़ रही थी that Pakistan is being taught a lesson कि पाकिस्तान को घुटनों पर लाएंगे। दो-तीन दिन first class चला। फिर President Trump का tweet आया। President Trump के tweet की चर्चा और बात है। अगर दो countries के बीच में लड़ाई चल रही है, तो एक superpower nation के अध्यक्ष ने आकर mediate किया, तो मैं समझता हूं कि उसमें कोई गलती नहीं है। मगर वह sovereignty में interfere करेंगे और वे हमारी तरफ से decision लेंगे, this is questionable. But, at that point of time, when he tweeted and said that both the countries have agreed for peace and हम peace-loving देश हैं, we love peace and, keeping that in mind, everybody welcomed it. But what really baffled everyone was कि एक-दो दिन के बाद President Trump का एक और tweet आया, Saying "I was the one who did it. हमने बताया कि stop the war or no trade." Now this was something which did not go well with us. अगर आप कहते हैं कि 'Stop the war; no terror', yes, that would have been appreciated. But when you said, 'Stop the war; no trade', at that point of time, questions started coming up. When you look at it, when the whole country was united, a spirited India, suddenly when we got to see that, we were really deeply saddened by those comments, with not much of response coming from the Government side.

सर, जब हम नेशनल स्पिरिट की बात करते हैं, तो मैं वॉर के लिए यह कहूंगा कि यह पहली वॉर नहीं है। इससे पहले भी कई युद्ध हुए हैं और every war has created financial burden on the Government. हम देखते हैं कि इससे पहले भी जब युद्ध हुए, तो हम किसी देश के पास नहीं गए। मुझे याद है कि 1965 की war के बाद, जब उस वक्त के प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने देशवासियों से अपील की थी कि हम युद्ध लड़ रहे हैं, हमें fund की जरूरत है, gold bonds दीजिए, सरकार आपको वापस दे देगी, उस वक्त national spirit इतनी गंभीरता से दिखाई दी थी कि गाँव-गाँव में उसकी लहर थी। सर, उस वक्त कोई social media नहीं था, कुछ नहीं था। मैं खुद जानता हूं, मैं उस वक्त दो साल का बच्चा था और अपनी माँ की गोद में था। सर, मैं

middle-class family से हूं। मेरी माँ के पास तीन, चार, पाँच तोले तक जितना भी सोना था, उन्होंने सब निकाल कर दे दिया था। उससे भी बड़ी बात यह है कि newly-wed, जिनकी नई-नई शादी हुई थीं, उन बच्चों के पास जितना भी गोल्ड था, उन्होंने वह सरकार को दे दिया था। So, this reflects the national spirit. What is ingrained in us, Sir? हमने कभी धंधे के लिए, ट्रेड के लिए इतनी बड़ी spirited बात नहीं सोची। हमने सोचा कि अगर एकाध दिन और जंग चली, तो यह हो सकता था कि पाकिस्तान would have never looked back at India, would have never dared looked at India, क्योंकि जिस तरीके से हिंदुस्तान की सेना के द्वारा उन पर हमले पर हमले हो रहे थे, वह उनके लिए चिंतनीय था। मगर, पता नहीं, जब ceasefire हुआ, और ऑपरेशन सिंदूर सीज़फायर के बाद जब मैं Indian spirit को देखता हूं, तो मुझे एक इश्यू याद आता है। इंडियन स्पिरिट की जो exhibition होती है – आप देखिए कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज India versus England cricket match चल रहा है, मैं Fourth Test की बात कर रहा हूं, Fourth Test में इंग्लैंड ने पहली innings में 300-350 की lead ली है और जब हिंदुस्तान अपनी second innings की batting start करता है, तो zero for two हो जाता है। हमने पूरा सोचा कि शायद inning defeat हो जाएगी, मगर जब वे स्पिरिट से खेलते गए, खेलते गए, तो उन्होंने इस स्कोर तक भी reach किया कि इंग्लैंड के कैप्टन ने आकर बोला कि अभी तो कुछ नहीं है, मैच draw कर देते हैं। अगर हम उस वक्त मैच ड्रॉ करते, तो पूरे हिंदुस्तान के लोग सोचते कि हम बच गए, वरना हार जाते। मगर हमारे बैट्समेन Jadeja, Washington ने बोला कि नहीं, हम खेलते रहेंगे और जैसा खेलते गए, वैसे Century बनाईं। मैं इसके माध्यम से यह बात कहना चाह रहा हूं कि आज इंडियन्स यह सोच रहे हैं कि अगर उनके पास, Indian team के पास दो दिन और होते, तो हारे हुए मैच को जिता सकते थे। मेन बात यह है कि वहाँ शुभमन गिल के पास वक्त नहीं था, समय नहीं था, मगर आपके पास समय था। If you had continued for a day or two, probably, the result would have been much better, Sir. Mr. Vice-Chairman, Sir, of course, इसका जवाब तो गवर्नमेंट की तरफ से आएगा कि सीज़फायर के क्या कारण हैं, यह abruptly क्यों रुक गया। मैं ट्रेड के लिए समझता हूं, I understand, yes, trade is important. I will not dispute it. But, trade at what cost is the question. So, that is what I would expect the Government to get back on this.

Sir, now the Government mentioned ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। अगर ऑपरेशन सिंदूर जारी है, तो मेरे एक, दो suggestions हैं। मेरा पहला सजेशन तो यह है कि आर्म फोर्सेस में अभी तक जो कमियाँ दिखी हैं, उनकी internal assessment तो हो गई है, मगर आप उस पर ज़ोरदार तरीके से एक कार्यक्रम स्टार्ट कीजिए। Not in an *ad hoc* way, because we have seen Army Chief, we have seen the retired Army Chiefs, we have heard the hon. Members कि जितनी भी कमियाँ हैं, वे हमें बताते चलें। यह वक्त उसके लिए है, you have to fulfill it. जितना भी budget हो, जितनी भी technology advancement हो, जितनी भी चीज़ें हों, इसको business as usual से नहीं, बल्कि एक mission mode में लीजिए। सारा देश आपके साथ है, everybody is with you. Please take this opportunity and pursue, Sir.

Sir, second बात यह है कि Pakistan is a failed State. पाकिस्तान और हिंदुस्तान के comparison का कोई मतलब नहीं है। वह failed State है और वहाँ की जो लीडरशिप है, चाहे

political हो या military की हो, वह highly corrupt है और वे खुद के लिए सोचते हैं। अगर आप Indus Water, जो बंद किया है, उस treaty को abeyance में रखा है, इसके लिए मैं समझता हूं कि इससे पाकिस्तानी लीडरशिप को कुछ फर्क नहीं पड़ता है, क्योंकि वे अपने देशवासियों की तरफ देखते ही नहीं हैं। वहाँ से जितना भी poverty ratio, unemployment ratio दिखाई देता है, वह यहाँ से भी साफ दिखाई दे रहा है। सर, उनके लिए पानी क्या है? पानी तो उनके प्रधान मंत्री के swimming pool को भरे, तो बस है। कल हमारे प्रधानमंत्री जी बता रहे थे कि जब वे स्विमिंग पूल में तैर रहे थे, तब उन्हें मालूम पड़ा कि Pakistan is drowning. आप उन्हें वहां तक लेकर गए! सर, आज पाकिस्तान हमारे साथ एक ही खेल खेल रहा है और वह खेल है कश्मीर। सिंस इंडिपेंडेंस, हमने कश्मीर के लिए काफी चीजें की हैं। मैं यह नहीं कह रहा हूँ कि यह सरकार कम है या वह सरकार कम है। सभी ने कोशिश की है। आपने एडमिनिस्ट्रेटिव कनेक्ट क्रिएट किए, आपने फाइनेंशियल कनेक्ट ट्रैक किए, आपने इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्ट करने की कोशिश की, मगर इमोशनल कनेक्ट की कुछ कमी महसूस होती है। आज हमारे पास से लाखों लोग कश्मीर जा रहे हैं, यह खुशी की बात है, मगर कितने लोग कश्मीर से बाहर आ रहे हैं? उन्हें कश्मीर से बाहर लाने के लिए आप क्या-क्या कार्यक्रम कर रहे हैं? आप युवाओं के लिए कोई प्रोग्राम बना रहे हैं? But that target is not enough. आपने कश्मीरी पंडितों को दूसरे एरियाज़ में रिजर्वेशन दिया, यह बहुत अच्छी बात है। मैं समझता हूँ कि वह कोटा बढ़ाइए। कश्मीरी पंडितों के साथ-साथ दूसरे बच्चों के लिए भी - चाहे वे हैदराबाद में पढ़ें, चेन्नई में पढ़ें या और कहीं पढ़ें - आप सुविधा दीजिए, रिजर्वेशन्स बढ़ाइए। हमें इससे कोई ऑब्जेक्शन नहीं है। मैं समझता हूँ कि अगर हम तेलंगाना से दिल्ली के लिए सौ रुपये भेजते हैं तो सिर्फ 40 रुपये वापस आ रहे हैं और जो 60 रुपये दिल्ली में जमा होते हैं, उसमें से काफी कश्मीर चला जाता है। वह कश्मीर में सिर्फ लॉ एंड ऑर्डर पर खर्च हो रहा है, लेकिन हमें यह महसूस होता है कि वहाँ की तरक्की, लोगों की तालीम, लोगों की भलाई के लिए कुछ कम खर्च हो रहा है।

चूंकि मैं तेलंगाना से आता हूँ, इसलिए मैं यह बात बड़ी गहराई से कह रहा हूँ। कश्मीर उत्तर में है और तेलंगाना दक्षिण में है, मगर सेम एक्सपीरियंस है। तेलंगाना का भी यही हाल था। तेलंगाना में भी एक्सट्रीमिज्म था, तेलंगाना में भी बेरोजगारी थी, तेलंगाना में भी सूखा था, तेलंगाना में भी माइग्रेशन था। मैं चार टर्म एमएलए रह चुका हूँ। मैं बहुत दुख से कह सकता हूँ कि मैं दो टर्म तो लोगों से मिलने के लिए किसी गांव में भी जा नहीं सका, क्योंकि वहाँ पर एक्सट्रीमिज्म की गरिमा ही इतनी थी। मगर हम लोग रिफॉर्म्स लेकर आए। मैं कह सकता हूँ कि यह केसीआर का फार्मूला था, तो वहाँ पर एक टर्नअराउंड हुआ। मैं समझता हूँ कि जो इनोवेशन, जो क्रिएटिविटी तेलंगाना में क्रिएट की गई, वही सिमिलर सिचुएशन कश्मीर में है, तो Why don't you experiment the KCR Formula? अगर आपको केसीआर का नाम पसंद नहीं है, तो तेलंगाना फार्मूला नाम रख लीजिए।

सर, मैं फाइनल बात कहना चाहता हूँ। मैंने यह नोटिस किया है कि डिप्लोमेसी तो ठीक है, वह चल रही है। What is lacking is parliamentary diplomacy. I can quote one small example. पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर को कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन की मेम्बरशिप दिलाने के लिए पाकिस्तान ने एक खेल खेला था। उस समय यहाँ के स्पीकर साहब सोमनाथ चटर्जी जी थे। उन्होंने हमारा एक डेलिगेशन भेजा। वह डेलिगेशन पूरे अफ्रीका में गया, हर देश में गए और

Contents Page

उन्हें कहा कि यह पाकिस्तान की साजिश है। वह पीओके को एक रीजन बताकर सीपीए में मेम्बरशिप ले रहा है। अगर आप एग्री करेंगे तो हिंदुस्तान इसमें से निकल जाएगा। We will leave the CPA. इस धमकी से सारे अफ्रीका ने कहा कि India is CPA and CPA is India. सर, इस तरीके से पॉलिटिकल डिप्लोमेसी चलती है। सर, मैंने देखा कि लोगों का परसेप्शन ऐसा है। जब यह युद्ध चल रहा था तो युद्ध खत्म होने के बाद हमने प्रेसिडेंट ट्रंप के तीन ट्वीट टेलीविजन पर देखे। वह पहले बोले कि यह टिट फॉर टैट है, इंडिया ने यह किया, पाकिस्तान ने वह किया और यह कहकर उन्होंने बात निकाल दी। दूसरी बात यह है कही कि यह तो डिकेड्स का स्ट्रगल है। तीसरी बात यह कही कि यह तो सेंचुरीज़ से चल रहा है। उनके द्वारा इसे यह कलर किया जा रहा है कि एक हिंदू स्टेट एक मुस्लिम स्टेट से लड़ रहा है। यह गलत बात है। यह बताना चाहिए था कि एक सेक्युलर स्टेट एक टेरर स्टेट से लड़ रहा है और यह हकीकत है। सर, मैंने देखा है, मेरा खुद का एक्सपीरियंस है कि हर जगह यह परसेप्शन बना हुआ है।

सर, पाकिस्तान का एक डेलिगेशन हैदराबाद आया था, वह सीपीए का प्रोग्राम था। मैं आपको पंद्रह साल पुरानी बात बता रहा हूँ। जब वे हैदराबाद आए तो उन्होंने मेरे पास आकर रिक्वेस्ट की, क्योंकि उस समय मैं हाउस का स्पीकर था। उन्होंने बोला कि सर, आज फ्राइडे है, तो क्या हमें फ्राइडे प्रेयर्स के लिए कोई मौका मिल सकता है? यहाँ बाजू में एक छोटी सी मस्जिद है, क्या हम वहाँ जा सकते हैं? तो हमने कहा कि आप वेट करिए, हम बिल्कुल सुविधा कराएंगे। मैंने उस वक्त हमारे हैदराबाद के एमपी असदुद्दीन ओवैसी से रिक्वेस्ट की कि यह हमारी सीपीए की

(**श्री उपसभापति** *पीठासीन हुए।*)

डेलिगेशन है, आप इन्हें मक्का मस्जिद लेकर जाइए। जब मक्का मस्जिद में पाकिस्तान, मलेशिया और दूसरे डेलिगेशन्स ने एक लाख लोगों के साथ नमाज पढ़ी, तो उनका परसेप्शन ही बदल गया। उनका परसेप्शन यह था कि हिंदुस्तान में आप नमाज ही पढ़ने नहीं देते हैं। उन्होंने करीबन 1 लाख लोगों के साथ नमाज पढ़ी, तो यह बहुत बड़ी बात है। पॉलिटिकल डिप्लोमेसी इस तरीके से काम आती है। डिप्लोमेट की एक लिमिटेशन होती है, मगर पॉलिटिकल डिप्लोमेसी को आप देखिए और उसको बढ़ाइए। यह आपके हाथ में है। जब पार्लियामेंट का मेम्बर बनता है, तो आप बोलते हैं कि आप कौन से फ्रेंड देश की मेंबरशिप लेंगे। बस उसी दिन बोलते हैं कि मैं अमेरिका का हूं, कोई बोलता है कि मैं चाइना का हूं, कोई कहता है कि मैं कहीं और का हूं। बस उसके बाद एक मीटिंग भी नहीं होती, एक इंटरेक्शन भी नहीं होता है, तो ऐसे वक्त पर इसकी कमी महसूस होती है। इसलिए मैं रिक्वेस्ट करता हूं कि आप लेजिस्लेटिव पार्लियामेंटरी साइड से इसको बढ़ा दीजिए। Let there be a constant interaction of Parliamentarians, क्योंकि उनका परसेप्शन अलग होता है। उनकी सोच अलग होती है। ...(**समय की घंटी**)... वह पब्लिक के साथ रहती है। आपने जो वक्त मुझे दिया, उसके लिए आपका धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Now, Shrimati Priyanka Chaturvedi. You have four minutes.

**श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी** (महाराष्ट्र): सर, सियाचन वॉर मेमोरियल पर माननीय कवि श्री माखनलाल चतुर्वेदी जी की एक कविता है, जो कहती है:

*"मुझे तोड़ लेना वनमाली,*
*उस पथ पर देना तुम फेंक,*
*मातृ-भूमि पर शीश चढ़ाने,*
*जिस पथ पर जावें वीर अनेक"*

इन्हीं शब्दों को याद कर सियाचन में हमारे जवान हों या शहीद हों, चाहे वे कारगिल के सुरक्षा के समय पर हों या ऑपरेशन सिंदूर से लेकर हों या ऑपरेशन महादेव से संबंधित हों, उन सबको याद करके, नमन करके, मैं उम्मीद करती हूं कि उनकी शौर्य गाथा हमारा देश सदैव गाएगा। साथ ही साथ मैं उन सारे परिवारजनों को श्रद्धांजलि व्यक्त करना चाहूंगी, जिनकी जानें पहलगाम में गईं, आतंकी हमले में गईं, Pakistan-sponsored आतंकी हमले में गईं और वे अभी भी उम्मीद कर रहे हैं कि हर तरीके से ऑपरेशन सिंदूर - जिसके बारे में कल खुद प्रधान मंत्री जी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है - उस ऑपरेशन सिंदूर के तहत उनको हर पैमाने पर न्याय मिलेगा और नापाक हरकतें, जो पाकिस्तान से होती हैं, उनको खत्म करने का काम हमारी वीर सेना करेगी।

सर, कल प्रधान मंत्री जी ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कहा कि वह अभी भी जारी है और मैं उनका शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने देश को याद दिलाया कि ऑपरेशन सिंदूर में जो हमारी सेना ने किया वह अब तक खत्म नहीं हुआ है। हम इनकी नापाक हरकतों को खत्म करेंगे। इस संबंध में मेरे भी कुछ सुझाव हैं। जब पहलगाम आतंकवादी हमला हुआ था मेरे मन में भी बहुत सवाल थे। दो हफ्ते पहले वहां पर गृह मंत्री जी गए थे और उन्होंने कहा था आतंकवाद को बिल्कुल समाप्त कर दिया है। 2019 में जब धारा 370 हटी थी, गृह मंत्री जी के वे शब्द कौन भूल सकता है, जब उन्होंने कहा था पीओके के लिए हम जान भी दे देंगे। जब पार्लियामेंट्री डेलीगेशन गया था, उसके जाने से पहले तिरंगा यात्रा हुई थी, जिसमें गृह मंत्री ने कहा था कि अब बातचीत पाकिस्तान से होगी, तो सिर्फ पीओके को लेकर होगी। जब ऑपरेशन सिंदूर जारी था और अचानक से उस पर फुल स्टॉप लगा, मन में सवाल तभी भी था कि क्या हुआ जिस वजह से हमें ये सीज़ फायर करना पड़ा, क्योंकि हम सिर्फ पीओके की बात करना चाह रहे थे। अब क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर जारी है और प्रधान मंत्री जी ने यह कहा है, तो मैं बस दो-तीन चीजें उनके सामने कहना चाहूंगी। ऑपरेशन सिंदूर का हर हिस्सा, चाहे वह फिल्म इंडस्ट्री हो, चाहे वहां के न्यूज़ चैनल्स हों, चाहे उनके influencers हों, हमने सब पर पाबंदी लगाई। सर, अब समय आ गया है कि क्रिकेट पर भी पाबंदी लगनी चाहिए। सर, मुझे खुद इस बात का गर्व होता है कि मैं उस पार्लियामेंट्री डेलीगेशन में शामिल थी, जिसकी जिम्मेदारी मुझे सरकार ने दी थी। हम 33 देशों में गए। Minister of External Affairs कह रहे थे कि करीब 100 देशों से बातचीत हुई। मैं गृह मंत्री जी से कह रही हूं कि आपको बहुत जगह फोन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप एक इंटरकॉम पर ही फोन कर लेंगे और आईसीसी के चेयरमैन को अगर आप कह देंगे कि इंडिया-पाकिस्तान मैच नहीं हो सकता है, तो नहीं होगा। यह हमारे ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी होगी। सर, 26 महिलाएं, जो विधवा हुईं, कैसे हम उनके मुंह पर जाकर कहेंगे कि हमें वह इंडिया-पाकिस्तान मैच

खेलना है, हम पैसा कमाना चाहते हैं! पैसे के ऊपर परिवार नहीं है। मैं बस यही रिक्वेस्ट करूंगी एक ऑपरेशन सिंदूर वह होना चाहिए। सर, ऑपरेशन सिंदूर में हमने पाकिस्तान को तो मुंहतोड़ जवाब दिया और उसका हम सबको गर्व है। विपक्ष को भी गर्व है, क्योंकि विपक्ष आपके साथ खड़ा रहा। जिन लोगों को 2014 से एंटी-नेशनल कहा गया था, उन्हीं ने देश का तिरंगा विदेशों में जाकर सबसे ऊपर लहराया। सर, मुझे उसका गर्व महसूस होता है। परंतु हमारे यहां पर पहलगाम को लेकर जो intelligence failure हुआ, क्या उसकी जवाबदेही किसी ने ली? सर, क्या हमारे Intelligence Chief का इस्तीफा मांगा गया? सर, मैं अब खत्म ही कर दूंगी, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगी। ...(**समय की घंटी**)...

**श्री उपसभापति** : आपका समय खत्म हो गया है।

**श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी:** सर, मैं बस 20 सेकंड में खत्म कर दूंगी। मैं उस important Mission का हिस्सा थी। जो intelligence failure हुआ, क्या उसके तहत किसी ने भी इसकी जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दिया? सर, इस्तीफा होना चाहिए, तब तक यह ऑपरेशन सिंदूर complete नहीं होगा। Outside world को, पाकिस्तान को तो हमने दो टूक जवाब देकर accountability तय की, लेकिन जब तक हम internal accountability तय नहीं करेंगे, तब तक यह complete नहीं होगा। जय हिंद! Thank you very much.

**श्री उपसभापति:** धन्यवाद। माननीय उपेन्द्र कुशवाहा। आपके पास 4 मिनट हैं।

**श्री उपेन्द्र कुशवाहा** (बिहार): सर, समय बहुत कम है और बहुत सारी बातें कल से आज तक आ गई हैं। इसलिए बहुत ही संक्षेप में मैं अपनी बात रखने का प्रयास करूंगा। अगर 10-15 सेकंड बढ़ जायें, तो कृपा करेंगे।

मैं सबसे पहले अपनी ओर से और अपनी पार्टी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से पहलगाम में जो आतंकी हमला हुआ, उसमें दिवंगत हुए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनके परिजनों के प्रति पूरी संवेदना व्यक्त करता हूं। महोदय, बाद में जो कार्रवाई हुई, उस कार्रवाई में हमारी सेना ने जिस वीरता और साहस का परिचय दिया, पराक्रम का परिचय दिया, हम इसके लिए अपनी सेना को सैल्यूट करते हैं और हम अपने प्रधान मंत्री जी का हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं, क्योंकि उन्होंने देश को आज इस स्तर पर ला कर खड़ा कर दिया है कि दुनिया में एक बड़ा मैसेज चला गया कि आज हिन्दुस्तान को कोई आंख दिखाने की कोशिश करेगा, तो उसकी आंख देखने लायक क्षमता नहीं रखेगी, उसकी क्षमता समाप्त कर दी जाएगी। हमारे प्रधान मंत्री जी का इस बात के लिए धन्यवाद।

महोदय, जब यह घटना हुई थी और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर की बात भारत सरकार ने की, उस वक्त पूरा देश एक साथ खड़ा था। विपक्ष के लोग भी खड़े थे। इसलिए मैं देशवासियों का उस एकता के लिए, सेना के साथ एकता के प्रदर्शन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। आज विपक्ष के लोगों से भी मेरी यही उम्मीद थी। कल से बहस चल रही है, तो मुझको लगता था कि विपक्ष के लोग भी आज संसद के माध्यम से बहस के उपरांत यही मैसेज मिल कर देंगे कि पूरा

Contents Page

देश एकजुट है, इसमें पक्ष-विपक्ष कुछ नहीं है, सभी लोग एक साथ हैं। लेकिन कल से जो बहस हुई, मैं तो इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि देश की सबसे पुरानी पार्टी की सोच भी बहुत पुरानी रह गई है, इसकी सोच में कोई परिवर्तन नहीं आया है।

महोदय, हमारे प्रधान मंत्री जी से सवाल पूछा जा रहा है कि प्रधान मंत्री जी विदेश से आए, तो बिहार क्यों चले गए? अब वे बिहार क्यों चले गए? प्रधान मंत्री जी से देश के लोग आखिर उस समय क्या चाहते थे? हमारे प्रधान मंत्री जी ने कई बार उसके पहले भी कहा था कि अगर कहीं से हमारे देश पर आतंकी कार्रवाई होगी या कोई उस तरह की कार्रवाई विदेशी ताकतों की ओर से भी होगी, तो अब हिन्दुस्तान बदल गया है, भारत बदल गया है, हम उनके घर में घुस कर मारेंगे। देश के लोग चाहते थे कि जो घटना हुई, उस घटना के बाद हमारी सेना उनके घर में घुस कर उनको मारे। देश के लोग यह चाहते थे। प्रधान मंत्री जी विदेश से आए, तो उनके मुंह से लोग सुनना चाहते थे कि प्रधान मंत्री जी इसके बारे में अब क्या वक्तव्य देते हैं। यह लोग सुनना चाहते थे। प्रधान मंत्री जी यह बात बिहार में जाकर कहें, दिल्ली से कहें या कहीं से कहें, इस बात से देश के लोगों को उस वक्त कोई लेना-देना नहीं था। देश के लोग चाहते थे कि प्रधान मंत्री जी के मुंह से हम सुनें। हमारे प्रधान मंत्री जी ने इस बात के लिए बिहार की धरती का चुनाव किया, इसके लिए भी हम प्रधान मंत्री जी के प्रति शुक्रिया अदा करना चाहते हैं। प्रधान मंत्री जी वहां गए और देश के लोगों की जो भावना थी, उस भावना के अनुकूल उन्होंने कहा कि हम ऐसी कार्रवाई करेंगे, जिसकी कल्पना उन लोगों ने नहीं की होगी और कार्रवाई सिर्फ आतंकियों के खिलाफ नहीं करेंगे, बल्कि आतंकियों के पीछे जो ताकत खड़ी है, उसके खिलाफ भी हम कार्रवाई करेंगे। प्रधान मंत्री जी ने वहां से कहा और लौट कर उन्होंने कार्रवाई की। इस बात के लिए सब लोग मिल कर प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करेंगे, लेकिन सवाल पूछा गया कि प्रधान मंत्री जी बिहार क्यों चले गए? कहा गया ...(**समय की घंटी**)... बस, 20 सेकंड। महोदय, प्रधान मंत्री जी के बारे में कहा गया कि वे वहाँ चुनावी सभा करने गए। जिस वक्त प्रधान मंत्री जी वहाँ गए थे, तब क्या बिहार में चुनाव था? चुनाव तो महीनों दूर था, जबकि ये कह रहे हैं कि वे बिहार में चुनावी सभा करने के लिए गए थे। ...(**समय की घंटी**)... अब इनकी ओर से कहा जा रहा है कि..

**श्री उपसभापति** : 25 सेकंड से अधिक समय हो गया।

**श्री उपेन्द्र कुशवाहा:** महोदय, इनकी ओर से जितने भाषण दिये गये, ...(**व्यवधान**)... महोदय, इनकी ओर से जितने भाषण दिये गये, उनमें इन लोगों ने जितनी बार सेना का नाम नहीं लिया, जितनी बार भारत का नाम नहीं लिया, ...(**समय की घंटी**)... उससे ज्यादा इन लोगों ने एक विदेशी राष्ट्रपति का नाम लेने का काम किया।

**श्री उपसभापति:** धन्यवाद, उपेन्द्र जी।

**श्री उपेन्द्र कुशवाहा:** उसके बारे में क्या-क्या नहीं कहा गया? ...(**व्यवधान**)... इनकी ओर से ही कहा गया कि वह ऐसा व्यक्ति है, जिसने 28 बार कुछ कहा है। ...(**व्यवधान**)... जब कल बोल रहे थे, तो 28 बार कहा था और आज कहा कि उन्होंने 30 बार कह दिया। तो जो व्यक्ति 28 से 30 बार

इस तरह की बात कर रहा है, उसके ऊपर भरोसा है और हमारे देश के ऊपर, हमारे प्रधान मंत्री जी के ऊपर इनका भरोसा नहीं है।

**श्री उपसभापतिः** ऑलरेडी एक मिनट से ज्यादा समय हो गया। धन्यवाद।

**श्री उपेन्द्र कुशवाहाः** तो मैं कहना चाहता हूं कि आज जिस बहस में हम लोग भाग ले रहे हैं, इसमें पूरे देश को एक होना चाहिए।

**श्री उपसभापतिः** धन्यवाद।

**श्री उपेन्द्र कुशवाहाः** जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर की कारवाई हुई और हमारे प्रधान मंत्री जी ने तथा हमारी सेना ने दुनिया को सबक देने का काम देने का काम किया, उसके लिए फिर से मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** धन्यवाद। आपका समय खत्म हुआ। ...(**व्यवधान**)... श्री रामजी।

**श्री रामजी** (उत्तर प्रदेश)**:** धन्यवाद, मान्यवर। पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों तथा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए हमारी सेना के लोगों को मेरी पार्टी की मुखिया आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी की तरफ से मैं श्रद्धांजलि देता हूं और उनके परिवार वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। साथ ही, मैं भारतीय सेना के वीर जवानों तथा उनके अदम्य साहस, पराक्रम, शौर्य और बलिदान को सैल्यूट करता हूं, जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर देश और देशवासियों की रक्षा की।

मान्यवर, देश में कई बड़ी-बड़ी आतंकवादी घटनाएं देखने को मिली हैं। चाहे वह संसद पर हमला रहा हो या मुंबई, उरी, पुलवामा और पहलगाम में हमला रहा हो, उसने देश और देशवासियों को झकझोर कर रख दिया है। मान्यवर, इस तरह की आतंकवादी घटनाएं पाकिस्तान के इशारे पर उसके आतंकवादी संगठन करते रहे हैं। यह कोई मात्र एक ही सरकार के समय में नहीं हो रहे हैं। इससे पहले की सरकारों के समय में भी हुए हैं। पहलगाम की घटना तो इतनी वीभत्स है कि निहत्थे देशवासियों से धर्म पूछ कर उनकी हत्या की गई। इसके बाद सभी विपक्षी पार्टियों और हर भारतीय ने सरकार को खुली छूट दी कि आप एक्शन लो, हम आपके साथ हैं और हर देशवासी हर स्थिति का सामना करने को तैयार है। इसके बाद सरकार ने सेना को कार्रवाई करने का आदेश दिया, जो कि देशहित के लिए जरूरी था। सेना ने उस कार्रवाई का नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' रखा। भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस और पराक्रम के दम पर पाकिस्तान को 3 दिन में घुटने पर लाकर खड़ा कर दिया। फिर अचानक सीज़फायर का ऐलान होना समस्त देशवासियों को झटका देने और निराश करने वाला था। सभी में चर्चा का विषय यही था कि जब हम जीत रहे हैं, तो सीजफायर क्यों?

खैर मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से रिक्वेस्ट करूंगा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू और कश्मीर में पाकिस्तानी फायरिंग में कई नागरिकों और बच्चों की जान गई और

Contents Page

सैकड़ों की संख्या में घर भी तबाह हुए। अगर सरकार ने उनको कोई मुआवजा नहीं दिया है, तो उन परिवारवालों को मुआवजा भी देने का काम करे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पक्ष में खुलकर टर्की और चाइना ने साथ दिया एवं जे-10सी विमान और पीएल-15 मिसाइल तथा टर्की ने ड्रोन सप्लाई किया। महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि इन दोनों देशों के साथ हमें सीमित रिश्ते रखने चाहिए। इन लोगों ने हमेशा हमें धोखा देने का काम किया है, इसलिए हमें इनके साथ बिजनेस और व्यापार को भी सीमित करना चाहिए।

महोदय, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मीडिया का रोल बेहद गैरजिम्मेदाराना था। मैं रात 2:00 बजे तक दिल्ली में था। यहाँ डर का माहौल बना हुआ था। कराची पर नेवी ने हमला कर दिया, वहाँ कब्जा हो गया है; वाघा बॉर्डर से भारतीय सेना घुस गई है, लाहौर पर कब्जा हो गया है - इस तरह के वक्तव्य, गैरजिम्मेदाराना वक्तव्य हैं। ऐसे सेंसिटिव मैटर पर मीडिया को भी संभलकर बात रखनी चाहिए।

मान्यवर, ऑपरेशन सिंदूर पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के द्वारा किस्म-किस्म की बातें कही गईं। तमाम तरह की पुरानी बातें खोदी गईं। देश की आजादी से लेकर उस तरह की बातें कही गईं, जो ऑपरेशन सिंदूर पर इस चर्चा के दौरान नहीं भी होनी चाहिए थी, वे बातें कही गईं, यह ठीक नहीं है। यह राजनीति का विषय नहीं था। हमें देशवासियों को यह इंश्योर करना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे अंदर जो भी कमियां रहीं, जो भी हुआ, जो भी हाल रहा, आपके साथ पूरा देश खड़ा है। लेकिन in the future, हम आतंकवादियों पर कोई भी रहम नहीं बरतेंगे और पाकिस्तान पर कोई रहम नहीं करेंगे, चाहे वो सीज़फायर के लिए कितना भी गिड़िगिड़ाने का काम करे।

मान्यवर, सत्ता और पक्ष और विपक्ष इस बात पर चिंता करनी चाहिए थी कि आगे भविष्य में महिलाओं के सिंदूर ना उजड़ें तथा माताओं को भी अपने बेटे नहीं गंवाने पड़ें, तो अच्छा होता। इस पर सरकार और विपक्ष को मिलकर ठोस रणनीति बनानी चाहिए थी, लेकिन दुखद है कि ऐसा नहीं हुआ। हमने देश और देशवासियों को strong message देने का काम नहीं किया और यह सिर्फ एक पॉलिटिकल अखाड़ा बन कर के रह गया। मान्यवर, मैं आपसे यह कहना चाहता हूँ कि हमारे लिए देश पहले है, देशवासी पहले हैं और राजनीति बाद में होनी चाहिए।

मान्यवर, आखिर में, मैं सरकार का ध्यान सेना की भर्ती की तरफ भी दिलाना चाहता हूँ। जब आज पूरे देश के चारों तरफ चाहे पाकिस्तान हो, चाहे बंगलादेश हो, चाहे चीन हो, ये तीनों लोग आपस में collaboration कर रहे हैं, तो हमें अपनी सेना की ताकत को बढ़ाना पड़ेगा, रक्षा बजट को बढ़ाना पड़ेगा और सेना के आधुनिकीकरण की तरफ विशेष फोकस भी करना पड़ेगा। मान्यवर, एक चिंता का विषय भी हुआ और वह यह है कि रूस के अंदर एयरपोर्ट पर जिस तरह से यूक्रेनी ड्रोन ने हमला किया। यह बड़ी सोचने वाली बात है कि हमारा जो बॉर्डर है, वहाँ पर हम चारों तरफ से दुश्मन से घिरे हुए हैं। हमारा समुद्र का एक लंबा बॉर्डर है। बंगलादेश से हमारा बॉर्डर मिलता है। हमारा बॉर्डर चीन और पाकिस्तान से भी मिला हुआ है। ...(**समय की घंटी**)... मान्यवर, मैं खत्म कर रहा हूँ। बस 30 सेकंड दे दीजिए।

**श्री उपसभापतिः** धन्यवाद।

**श्री रामजी:** मान्यवर, मैं इसको लेकर सरकार से कहूँगा कि सीमाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि भारत के अंदर इस तरह की कोई एक्टिविटी न होने पाए। ...(**समय की घंटी**)...

**श्री उपसभापति:** धन्यवाद।

**श्री रामजी:** मान्यवर, माननीय गृह मंत्री जी बैठे हुए हैं। ...(**समय की घंटी**)... मेरा विशेष अनुमोदन है। ...(**समय की घंटी**)... मान्यवर, गृह मंत्री जी यहाँ बैठे हुए हैं। मैं बंगलादेश के बारे में बात करना चाहता हूँ। ...(**समय की घंटी**)...

**श्री उपसभापति:** आपका समय समाप्त हो चुका है, कृपया आप समाप्त करें।

**श्री रामजी:** मान्यवर, बंगलादेश के अंदर हिंदुओं के ऊपर अत्याचार हो रहे हैं। वहाँ बलात्कार और हत्याएं की जा रही हैं। ...(**समय की घंटी**)... मान्यवर, तमाम बंगलादेशी भाई देश के अंदर आए हुए हैं। उनको यहाँ से न भगाया जाए। ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not going on record. ...*(Interruptions)*... The next speaker is Shri Jose K. Mani; not present. Now, Shrimati Rekha Sharma.

SHRIMATI REKHA SHARMA (Haryana): Sir, first of all, I would like to give my heartfelt tribute to 26 Hindus who were killed in Pahalgam terror attack. ...*(Interruptions)*... Yes, but they were Hindus. They were killed because they were Hindus. ...*(Interruptions)*... They were Indians. ...*(Interruptions)*... They were Indians but ...*(Interruptions)*...

**श्री उपसभापति:** कृपया बैठ कर comment न करें।

**श्रीमती रेखा शर्मा:** सर, मैं अपनी बात एक independent researcher, Krishna Avancha के एक sentence से शुरू करना चाहूँगी, 'Imagine waking up to the news that your country just turned a terror haven into a smoldering zip code, without losing a single citizen and with the precision of a chef slicing onion. That is Operation Sindoor, not just a military operation but a moral booster, law enforcement and international mega phone that says, 'Behave, we have receipts, range and reason'.

सर, 'ऑपरेशन सिंदूर' कोई पहला आम कॉन्फ्लिक्ट नहीं था। पाकिस्तान बनते ही और पाकिस्तान बना भी इसलिए, अब ये कहेंगे कि नेहरू-नेहरू को याद करते हैं, तो हमारे देश में हम राम को याद करते हैं, तो £ को भी याद करते हैं, इसलिए पाकिस्तान बनते ही और पाकिस्तान

£ Exupnged as ordered by the Chair.

Contents Page

नेहरू जी की केवल फेल्ड राजनीति के कारण बना। ...(**व्यवधान**)... सर, 1947 में ही वही पाकिस्तान भारत पर अटैक करता है और उसके बाद भी नेहरू जी यूएन में चले जाते हैं। 1949 में हमारे ही भारत के हिस्से को पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर के रूप में उनको दे दिया जाता है। सर, 1965 में 1,920 स्क्वायर किलोमीटर जमीन फिर से पाकिस्तान को दे दी जाती है। 1971 की वॉर के बाद इंदिरा गांधी जी ने 90 हजार बंदी वापस कर दिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** कृपया आप चेयर को एड्रेस करें। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती रेखा शर्माः** सर, बिना पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर को वापस लिए 90 हजार लोगों को वापस कर दिया। ...(**व्यवधान**)... सर, आने वाले सालों में पाकिस्तान ने कश्मीर को दहशतगर्दी का प्लेग्राउंड बनाया। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** कृपया सीट पर बैठ कर न बोलें। ...(**व्यवधान**)... राजीव जी, आप बड़े सीनियर आदमी हैं, प्लीज़।

**श्रीमती रेखा शर्माः** सर, वह भी thanks to the Congress and उनकी राजनीति। सर, कश्मीरी पंडितों की हत्या होती रही और ये लोग चुपचाप देखते रहे। उनको घरों से बाहर निकाल दिया गया। लगातार कश्मीर में बम के धमाके होते रहे। ये चुपचाप बैठे रहे और इन्होंने कुछ नहीं कहा। सर, अब जब मैं 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बात करती हूँ, तो यह बताना चाहती हूँ कि यह मोदी का नया भारत है, इसमें हमारा भारत दुनिया को बता रहा है कि हम हैशटैग नहीं हैं, बल्कि हम कारवाई करते हैं। हमने यह संदेश नहीं दिया कि हम युद्ध चाहते हैं, बल्कि हमने यह स्पष्ट कर दिया कि हमें छेड़ोगे, तो हम छोड़ेंगे नहीं। ये बार-बार कहते हैं कि आपने Pak-occupied Kashmir क्यों नहीं लिया? जब आपने उसे थाली में परोसकर दिया था, तो क्या आपने यह सोचा था कि वह हमारे देश का हिस्सा है? सर, हमने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर में बहावलपुर और मुरीदके के 9 terror camps को टारगेट किया और उनके training centres को ध्वस्त कर दिया। India wanted to finish the terror camps and we never wanted a full-fledged war. The attack was precise with hundred per cent accuracy. Even Pakistan was shocked on how India knew the exact location of terror camps. It was not just an air strike; it was India's polite and fiery RSVP to terror groups and not so subtle sponsors. India's air defence network stood tall.

सर, मैं कहूँगी कि हमारा ध्येय पूरी तरह से देश को लड़ाई में धकेलना नहीं था, बल्कि हमारा ध्येय Pakistan-sponsored terrorism को खत्म करना था और वह हमने किया भी। इसके बाद, पाकिस्तान ने भारत के न केवल सैन्य, बल्कि civilian, religious places पर भी attack किया और उसका भी जवाब हमने और हमारी सेनाओं ने जमकर दिया। ...(**समय की घंटी**)...

**श्री उपसभापतिः** धन्यवाद। Please conclude. अब आप खत्म करें।

**श्रीमती रेखा शर्मा:** जिन्होंने अपनी पूरी आयु एक परिवार की भक्ति और उनकी सेवा में लगा दी हो...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

**श्रीमती रेखा शर्मा:** खरगे जी कह रहे थे कि आप मोदी जी की भक्ति करते हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. ...*(Interruptions)*...

**श्रीमती रेखा शर्मा:** खरगे जी, आपने ही यह कहा था कि मैं जो कुछ हूँ, इनकी वजह से हूँ।

**श्री उपसभापति:** नहीं, व्यक्तिगत... ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती रेखा शर्मा:** आप क्या मोदी जी की सेवा और भक्ति की बात करते हैं!

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. ...*(Interruptions)*...

**श्रीमती रेखा शर्मा:** सर, भारत को बाहर वालों से उतना खतरा नहीं है, जितना इन घर के भेदियों से है। ...(**समय की घंटी**)...

**श्री उपसभापति:** रेखा जी, अब आप खत्म करें।

**श्रीमती रेखा शर्मा:** कांग्रेस हमेशा से देश को कमजोर करना चाहती रही और सरकार ही नहीं, उनकी फौज को भी कमजोर करती रही।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. माननीय गृह मंत्री जी। ...(**व्यवधान**)... Nothing is going on record. Please take your seats. ...*(Interruptions)*... माननीय गृह मंत्री जी को बोलने दें। ...(**व्यवधान**)...

**श्री अमित शाह:** माननीय उपसभापति जी, ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, let him speak. ...*(Interruptions)*... आप अपनी जगह पर बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... Please take your seats. ...*(Interruptions)*... Take your seats. Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*... आप अपनी बात कहेंगे और सरकार का पक्ष नहीं सुनना चाहेंगे! ...(**व्यवधान**)... This is not the democratic way. ...*(Interruptions)*... दोला जी, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, आप सब बैठिए। ...(**व्यवधान**)... मैंने माननीय गृह मंत्री जी को बोलने के लिए बुलाया है। ...(**व्यवधान**)... एक मिनट। प्रमोद जी,

आपका point of order क्या है, बताएँ। ...(**व्यवधान**)... Let him speak. ...*(Interruptions)*... आप बोलिए, आपका point of order क्या है?

**श्री प्रमोद तिवारी:** सर, माननीय गृह मंत्री जी बोलें, उनको Article 75 में बोलने का पूरा अधिकार है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री अमित शाह:** तिवारी जी, क्या आप बहिष्कार करने के लिए तय करके आए हैं? ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रमोद तिवारी:** सर, मैं collective responsibility पर कहीं कोई आपत्ति नहीं कर रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति:** रूल क्या है?

**श्री प्रमोद तिवारी :** *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No; it is not going on record. ...*(Interruptions)*... यह सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी है। माननीय गृह मंत्री जी जवाब देंगे। ...(**व्यवधान**)... माननीय गृह मंत्री जी, आप बोलें। ...(**व्यवधान**)... यह सही नहीं है। Please go back to your seats. ...*(Interruptions)*... Sushmitaji, please go back to your seat. ...*(Interruptions)*... माननीय गृह मंत्री जी, आप बोलें। सिर्फ माननीय गृह मंत्री जी की बात ही रिकॉर्ड पर जाएगी। ...(**व्यवधान**)... आपका आचरण असंसदीय है। ...(**व्यवधान**)...

**गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह):** उपसभापति महोदय, पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा जो नृशंस हमला हुआ और उसके जवाब में भारत सरकार ने और भारत की सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जो मजबूत जवाब पाकिस्तान के आतंकवादी ग्रुप्स और स्वयं पाकिस्तान को दिया, उस पर सदन में हो रही इस चर्चा में हिस्सा लेने के लिए मैं

7.00 P.M.

खड़ा हुआ हूं । आप एक मिनट मेरी बात सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)... मैं आपको जवाब देना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)... मैं भाषण नहीं कर रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापत :** प्लीज़, आप अपनी जगह पर बैठें।

* Not recorded.

Contents Page

**श्री अमित शाहः** माननीय उपसभापति जी, ये पूछ रहे हैं कि प्रधान मंत्री जी कहां हैं, मैं इस बात का जवाब दे रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... आप एक मिनट मेरी बात सुन लीजिए। आपकी जो डिमांड है, मैं उसी का जवाब दे रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... माननीय उपसभापति महोदय, प्रधान मंत्री जी अपने ऑफिस में ही हैं। ...(**व्यवधान**)... क्या उनको ज़्यादा सुनने का शौक है?...(**व्यवधान**)... जब मेरे से निपट रहा है, तो क्यों प्रधान मंत्री को बुला रहे हैं? और अधिक तकलीफ होगी। ...(**व्यवधान**)... ये समझते नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)... माननीय उपसभापति महोदय, पहलगाम हमले में हमारे देश के निर्दोष नागरिकों को धर्म पूछ कर, चुन-चुन कर उनके परिवार के सामने मारा गया। ...(**व्यवधान**)... सबसे पहले मैं उन सभी दिवंगत नागरिकों के परिवार के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ...(**व्यवधान**)... जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने गोलीबारी की, उस गोलीबारी में कुछ नागरिक हताहत हुए। उन नागरिकों के परिवारजनों के प्रति भी मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ...(**व्यवधान**)... महोदय, 'ऑपरेशन सिंदूर', 'ऑपरेशन महादेव' में जिन सुरक्षा बलों ने भारत का सम्मान बढ़ाया है, उन सभी को मैं हृदयपूर्वक बहुत-बहुत साधुवाद देना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)... मैं सम्माननीय प्रधान मंत्री जी का भी बहुत-बहुत अभिनंदन करना चाहता हूं कि उन्होंने देश की 140 करोड़ की जनता की इच्छा का प्रतिघोष करते हुए सटीक जवाब देने की दृढ़ राजनीतिक इच्छा-शक्ति बताई। ...(**व्यवधान**)... इसके लिए मैं सम्माननीय प्रधान मंत्री जी का अभिनंदन करना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)... मान्यवर, सबसे पहले मैं 'ऑपरेशन महादेव' के बारे में बताना चाहता हूं। मान्यवर, परसों ही कश्मीर में ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** माननीय एलओपी, आपको सबने सुना। यह सही आचरण नहीं है। Please go back to your seats. ...*(Interruptions)*... माननीय गृह मंत्री जी, आप बोलें। ...(**व्यवधान**)...

**श्री अमित शाहः** माननीय खरगे जी कुछ कहना चाहते हैं, तो एक मिनट के लिए उन्हें बताने दीजिए।

**श्री उपसभापतिः** आप सभी लोग अपनी सीट पर जाएं। सिर्फ माननीय एलओपी बोलें। Please go back to your seats. ...*(Interruptions)*... Go back to your seats. First, go back to your seats. ...*(Interruptions)*... Mr. Saket Gokhale, अपनी-अपनी सीट पर जाइए। आप अपनी सीट पर नहीं हैं। Please go back to your seat. ...*(Interruptions)*... Manoj ji, please go back to your seat. ...*(Interruptions)*... Please go back to your designated seats. ...*(Interruptions)*... Then only, I will allow. Yes, माननीय एलओपी।

**विपक्ष के नेता (श्री मल्लिकार्जुन खरगे):** माननीय उपसभापति महोदय, मैं इसलिए खड़ा हुआ हूं ...(**व्यवधान**)...

**श्री शक्तिसिंह गोहिलः** यह क्या? ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shaktisinh ji, please do not disturb the House. ...*(Interruptions)*...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** सदन के सभी मेम्बर्स की यह पहले से ही डिमांड थी कि 16 घंटे चर्चा होने के बाद इस सदन में प्रधान मंत्री जी आकर, प्रकट होकर अपनी बातें रखेंगे और हमने जो भी सवाल उठाए हैं, उनमें बहुत से सवाल उनसे संबंधित हैं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि आप रिप्लाई देने के लिए capable नहीं हैं। हम आपको निपटाएंगे, आप हमें निपटाओ, हम खेल खेलेंगे, लेकिन प्रधान मंत्री यहां रहते हुए भी अगर इस सदन में नहीं आते हैं, तो यह सदन का अपमान है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: धन्यवाद, धन्यवाद। Please go back to your seats. ..*(Interruptions)*.. आपकी बात हो गई।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** सदन का अपमान करना, सदस्यों का अपमान करना, यह ठीक नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nothing is going on record. ..*(Interruptions)*.. माननीय गृह मंत्री जी।

**श्री अमित शाह**: मैं अभी भाषण नहीं दे रहा हूं, इनके मुद्दे का जवाब दे रहा हूं। खरगे साहब, आप सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** माननीय खरगे जी, मैं आपको इन्फॉर्म करना चाहूंगा कि मैंने ऑलरेडी बीएसी की मीटिंग में आपके सदस्यों को एक्स्पलेन किया था कि सरकार की ओर से कोई भी माननीय मंत्री जवाब दे सकता है, यह रूलिंग है। आप किसी को फोर्स नहीं कर सकते हैं। प्लीज़, प्लीज़, माननीय गृह मंत्री जी, आप बोलें।

**श्री अमित शाहः** मान्यवर, ये खरगे साहब उठा रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... ज्यादातर महत्वपूर्ण मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी खरगे साहब को बोलने नहीं देती है। पीछे से इशारे से खड़े करती है, वे यह मुद्दा उठा रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** हमें हक है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** आपने बोल दिया। ...(**व्यवधान**)... आपको मौका मिला और आपने बोला।

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: We think that you are impartial. आप जज का काम करते हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** आपको मौका दिया गया और आपने बोला। ...(**व्यवधान**)... आपको मौका दिया गया, आपने बोला। मैंने बताया कि मैंने पिछली मीटिंग में क्या स्पष्ट किया था। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे**: जो आपने बात की, प्रधान मंत्री की बात की। आपकी स्टेटमेंट का काउंटर भी लाया हूं। ...(व्यवधान)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I read the ruling. You did not listen, Mr. Kharge. ...*(Interruptions)*...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे**: प्रधान मंत्री जी को यहां आने के लिए मना करते हैं, in protest, we walk out. ...(व्यवधान)...

*(At this stage, some hon. Members left the Chamber.)*

**श्री अमित शाहः** मान्यवर, विपक्ष की मांग और स्टैंड दोनों उचित नहीं हैं, क्योंकि बिजनेस एडवाइज़री कमेटी में यह निर्णय लिया गया था कि आप जितनी चर्चा चाहेंगे, चर्चा करेंगे, जवाब कौन देगा, वह सरकार तय करेगी, माननीय प्रधान मंत्री जी तय करेंगे। मुझे मालूम है कि ये क्यों जा रहे हैं? वे इसलिए जा रहे हैं कि इतने सालों तक वोट बैंक प्रोटेक्ट करने के लिए आतंकवाद को रोकने के लिए इन्होंने कुछ नहीं किया। ये डिबेट्स सुन ही नहीं सकते, ये जवाब नहीं सुन सकते। जब भी ये कह रहे हैं और कोई लीडर ऑफ अपोज़िशन होता और यह बोलता, तो मैं समझता, खरगे साहब बोल रहे हैं। ज्यादातर महत्वपूर्ण चर्चाओं में कांग्रेस पार्टी उनके लीडर ऑफ अपोज़िशन को बोलने ही नहीं देती है। वे मुद्दा उठा रहे हैं कि माननीय प्रधान मंत्री जी जवाब दें।

सर, मैं सबसे पहले ऑपरेशन महादेव के बारे में बताना चाहूंगा। परसों ही बहुत लंबे समय से चले हुए ऑपरेशन का अंत आया और उस ऑपरेशन के तहत तीन आतंकवादी सुलेमान उर्फ फैजल जट्ट, अफगान और जिबरान, इन तीनों को हमारे सुरक्षा बलों ने मौत के घाट उतार दिया। सुलेमान ए श्रेणी का लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर था। पहलगाम हमले में उसकी ही राइफल से गोलियां चली थीं। गगनगीर में भी उसकी राइफल से गोलियां चली थीं और उसको हमारे सुरक्षाबलों ने कश्मीर छोड़कर पाकिस्तान भागने नहीं दिया। अफगान भी ए ग्रेड का लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर था। ..और जिबरान भी उच्च आला दर्जे का लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी था। मान्यवर, इससे स्पष्ट हो गया है कि इस आतंकवादी हमले में लश्कर-ए-तैयबा का हाथ था, उसके इशारे पर ही यह घटना हुई थी। सर, यह भी देखिए कि प्रधान मंत्री जी ने भारतीय सेनाओं को ऑपरेशन सिंदूर में जो हुक्म दिया — मैं बाद में बताऊंगा — उसने लश्कर-ए-तैयबा के हेडक्वार्टर को छिन्न-भिन्न कर दिया। मान्यवर, इनको भेजने वाले भी मारे गए और जिन्होंने गोली चलाई थी, वे भी मारे गए। एक प्रकार से ऑपरेशन महादेव और ऑपरेशन सिंदूर, जब दोनों इक्ट्ठे हुए, तो दुनिया के सभी आतंकवादी हमलों में सबसे सटीक, सत्य और त्वरित जवाब माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में भारत के सुरक्षा बलों ने दिया।

महोदय, लश्कर-ए-तैयबा के बारे में आप सभी जानते हैं कि यह एक प्रतिबंधित संगठन है। कुछ ही समय के बाद इनके एक outfit TRF ने जिम्मेदारी ली कि हमने निर्दोष नागरिकों को मौत के घाट उतारा है। मान्यवर, मैं उसी दिन वहाँ पहुँच गया था। वहाँ सुरक्षा review की मीटिंग हुई और उस सुरक्षा review की मीटिंग में यह तय हुआ था कि आप जल्दी से जल्दी इन्हें पकड़िए, मगर उससे भी जल्दी ये लोग देश छोड़कर पाकिस्तान न भाग जाएं — इसकी चिंता कीजिए। इसलिए सौ दिन के बाद भी वे उपलब्ध हो गए और मारे गए।

मान्यवर, उनके पास से तीन राइफल्स बरामद हुईं। एक तो 19 M-4 carbine अमेरिकन राइफल है और दो AK-47 राइफल्स हैं। जिस दिन पहलगाम में यह घटना हुई, हमारे निर्दोष नागरिकों को मारा गया, उस दिन वहाँ से NIA ने खाली कारतूसों को कब्ज़े में ले लिया था। इनके मारे जाने से पहले ही उन खाली कारतूसों की Forensic Science Laboratory में एक प्रकार से जन्म कुंडली निकाल ली गई थी कि ये कौन-सी राइफल से चली हैं। जब वे मारे गए और इनके पास से भी जो ऱाइफल्स मिलीं, तो Forensic Science Laboratory, चंडीगढ़ में रात में ही forensic testing करके शत-प्रतिशत मिलान हुआ कि इन्हीं तीन राइफल्स का उपयोग किया गया था। इनमें से 44 कारतूस, 19 M-4 के थे और 25 कारतूस AK-47 राइफल के थे। इसलिए अब कोई बहस भी नहीं बची है, कोई शक और शुबहा भी नहीं बचा है कि इन्होंने मारा था या नहीं मारा था।

मान्यवर, एनआईए ने बहुत वृहद् जाँच की है, लगभग 1,055 लोगों के स्टेटमेंट्स लिए हैं। इसके आधार पर इनके रेखाचित्र भी बनाए गए। उसके बाद ट्रैकिंग करते हुए जिन्होंने इन्हें दो दिन आसरा दिया था, उस डॉक के मालिक और उनकी वृद्ध माता से भी पूछताछ की गई। ये आतंकवादी, जिनके मृत शव मिले हैं, उनका परिचय, उनकी शिनाख्त इन तीनों लोगों ने कर ली है। इन तीनों लोगों ने कहा है कि ये ही आतंकवादी हैं, जो 21 तारीख को हमारी डॉक में रुके थे और हमसे खाना लेकर गए थे।

महोदय, हमारे पास एक और सबूत आ चुका है। उनके चेहरे का मिलान भी कैमरे के माध्यम से बहुत अच्छे तरीके से, संतोषजनक रीति से हुआ है। यह जो सफल ऑपरेशन हुआ है, मैं इसके लिए सेना, सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस, एनआईए के अधिकारियों और FSL के विद्वान अधिकारियों को बहुत-बहुत साधुवाद देना चाहता हूं। मान्यवर, यह जो ऑपरेशन चला, मैं उस संबंध में आपको बताना चाहता हूं कि हमें IB द्वारा 22 मई, मतलब लगभग एक माह बाद सूचना मिल गई थी कि इस जगह पर टेररिस्ट्स लोकेट हुए हैं। उसके बाद आईबी और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने शिनाख्त की और लगभग 22 जुलाई को इनके LoRa सेट को ट्रेक करने का काम समाप्त हुआ। एक्जेक्ट पिन पॉइंटेड लोकेशन को आइडेंटिफाई किया गया। फिर पैरा फोर, सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस - तीनों के अफसर की एक मीटिंग हुई और स्ट्राइक की गई। तीनों आतंकवादी मारे गए हैं। मान्यवर, आप को-इंसिडेंस देखिए। मान्यवर, मुझे देश भर से बहुत एसएमएस आए थे, विशेषकर जो मारे गए थे, उनके परिजनों के एसएमएस आए थे कि जब भी मारिएगा, इनके सिर में गोली मारिएगा। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि एनकाउंटर के वक्त तीनों के सिर में ही गोली लगी है। यह को-इंसिडेंस है।

मान्यवर, आज ये मारे गए हैं। चिदम्बरम साहब बैठे नहीं हैं, उन्हें बैठना चाहिए था। उन्होंने सवेरे मेरे इस्तीफे की माँग के साथ एक प्रश्न उठाया - भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर किया,

Contents Page

ऑपरेशन सिंदूर इसलिए किया, क्योंकि वे पाकिस्तानी आतंकवादी थे और वे पाकिस्तानी आतंकवादी थे - आपके पास इसका सबूत क्या है? वे पूरी दुनिया में ऑपरेशन सिंदूर के जस्टिफिकेशन को चैलेंज कर रहे थे। मैं आज इस सदन के माध्यम से चिदम्बरम जी से पूछना चाहता हूँ कि आप किसको बचाना चाहते थे? पाकिस्तान को, लश्कर ए तैयबा को या इन आतंकवादियों को? शर्म नहीं आती? मान्यवर, देखिए, महादेव करता है तो क्या करता है। जिस दिन यह सवाल पूछा, उसी दिन ये तीनों आतंकवादी ढेर हो गए। घटनाक्रम ने जवाब दिया। मगर चिदम्बरम साहब ने काँग्रेस पार्टी की मानसिकता पूरी दुनिया के सामने उजागर कर दी - हमारे वोट बैंक के लिए हम पाकिस्तान का समर्थन करते हुए भी नहीं डरेंगे। हमारे वोट बैंक के लिए हम लश्कर ए तैयबा को बचाने से भी नहीं करेंगे और हमारे वोट बैंक के लिए हम आतंकवादियों को शाब्दिक शेल्टर देते हुए भी नहीं डरेंगे। मान्यवर, यह काँग्रेस की मानसिकता है। अभी-अभी पृथ्वीराज चव्हाण साहब का इंटरव्यू आ गया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन का नाम धर्म के आधार पर रखने के अलावा इन्हें कुछ नहीं आता है। मान्यवर, काँग्रेस पार्टी नहीं बैठी है। उन्हें मालूम नहीं है कि हर-हर महादेव सिर्फ धर्म का नारा नहीं है। शिवाजी महाराज ने मुगलों के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी, वह स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी और शिवाजी महाराज की सेना का युद्धघोष था - हर हर महादेव। यह भारत पर हर प्रकार के हमले का, भारत की संप्रभुता पर हमले का और भारत की सीमाओं पर अतिक्रमण के जवाब देने का प्रतीक है। मैं आज यहाँ से चव्हाण साहब को भी कहना चाहता हूँ कि आप क्या नाम रखना चाहते थे, इसका जवाब दीजिएगा। मान्यवर, ये सभी चीजों को हिंदू-मुस्लिम की दृष्टि से देखते हैं। चव्हाण साहब की थ्योरी देखें तो आज हमारी सेना के कई सारी डिवीजन्स का जो नारा है, युद्धघोष है - वह कहीं प्रभु रामचंद्र की जय है, कहीं जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल है, कहीं जाट बलवान जय भगवान है, कहीं सियावर रामचंद्र की जय है, कहीं काली माता की जय है - वे ये सारे युद्ध घोष नहीं स्वीकारते हैं? यह भाजपा के रखे हुए नहीं हैं। यह हमारी सेना के जवानों के मन से निकलने वाले युद्धघोष हैं। इसे हिंदू-मुस्लिम की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। कोई कहता है कि वे आज ही क्यों मारे गए? सर, देखिए, वह उन्हें कितना जिंदा रखना चाहते हैं! मैं भी पूछता हूं कि आज क्यों मारे गए? मैं तो दूसरे सेकंड ही मार देना चाहता था। मगर इतना सरल नहीं है। जिन ऊंचाइयों पर ये छुपे हैं, जिस प्रकार की निर्जन जगहों पर 22-22 दिनों तक सीआरपीएफ, सेना और जम्मू-कश्मीर की पुलिस ड्रोन से भेजे हुए खाना को खाकर, इतनी कठिन परिस्थिति में इनका पीछा करके उनको मारा है और आप मुहूर्त पूछ रहे हो! आज क्यों नहीं मारना है, क्योंकि आज राहुल गांधी का भाषण था! इस तरह से नहीं चलता है। पूरे देश की जनता कांग्रेस पार्टी को देख रही है। इनकी प्रायोरिटी देश की सुरक्षा नहीं है, राजनीति है। उनकी प्रायोरिटी आतंकवाद को समाप्त करना नहीं है, अपना वोट बैंक है। उनकी प्रायोरिटी हमारी सीमा की सुरक्षा नहीं है, उनकी सेकुलर और अपीज़मेंट की पॉलिटिक्स है। मगर हम इससे इत्तेफाक नहीं रखते हैं।

मान्यवर, आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी बताना चाहता हूं। 22 अप्रैल को हमला हुआ। 22 अप्रैल को ही मेरी प्रधान मंत्री जी से बात हुई। वे विदेश में थे। लगभग लगभग दो-ढाई बजे के आसपास पर बात हुई। मैं शाम होने से पहले ही श्रीनगर पहुंच गया था। उसी रात को सुरक्षा बैठक करके दूसरे दिन सुबह जहां मृत देह थीं, मैं वहां उनको श्रद्धांजलि देने के लिए गया। मान्यवर, वह मेरे जीवन का ऐसा दिन है, जो मैं कभी नहीं भूल सकता हूं। एक बच्ची जिसकी

शादी को 6 दिन हुए हैं, वह विधवा होकर हमें पूछती थी इसका बदला कब लिया जाएगा? मान्यवर, सब लोग क्षुब्ध थे। किसी ने न पानी पिया था, न चाय पी थी और न ही पीने की स्थिति थे। मैं अपने जीवन में वह दृश्य नहीं भूल सकता हूं। आज भी वह दृश्य आ जाता है, तो नींद से खड़ा हो जाए, इस प्रकार की वेदना होती है। मान्यवर, ऐसा जघन्य अपराध कभी नहीं हुआ। धर्म का नाम पूछकर चुन-चुनकर उनके परिजनों के सामने, छोटी बच्चियां, छोटे बच्चे, वृद्ध मां, उनकी पत्नियां, उनकी बहनें, इन सबके सामने मारा गया और क्यों मारा गया? क्योंकि वे संदेश देना चाहते थे कि हम कश्मीर को टेररिज्म से मुक्त नहीं होने देंगे। मैं आज इस सदन से उनको संदेश देना चाहता हूं कि जितना हो सके, उतना प्रयास कर लेना, लेकिन कश्मीर आतंकवाद से मुक्त होकर रहेगा। यह नरेन्द्र मोदी का संकल्प है।

मान्यवर, कल भाषण में कहा गया, आज भी बोला गया और मैं यहां बैठा था कि 24 अप्रैल को मोदी जी चुनावी सभा करने गए थे। हमारे साथी ने इनको जवाब दिया, परंतु सदन का रिकॉर्ड क्लियर हो, इसलिए मोदी जी ने उस सभा में क्या कहा, मैं वह कहना चाहता हूं। मोदी जी ने 24 अप्रैल को बिहार की जनसभा को संबोधित किया था, वह चुनावी सभा नहीं थी। इस देश के प्रधान मंत्री की जिम्मेदारी है कि देश की जनता की भावनाओं को दुनिया के सामने ढंग से रखे। मान्यवर, मैं कोट-अनकोट उनके भाषण को पढ़ता हूं - 22 अप्रैल को पहलगाव का यह हमला केवल निहत्थे पर्यटकों पर नहीं, बल्कि पूरे भारत की आत्मा पर हुआ एक दुस्साहसपूर्ण प्रहार है। आतंकवाद के प्रति दृढ़ और कड़ा रुख, आतंकवादियों और इस हमले की साजिश रचने वालों की कल्पना से भी बढ़कर उनको बड़ी सजा दी जाएगी। आतंकियों के बीच बची-खुची जितनी भी भूमि है, उसको मिट्टी में मिलाने का समय आ गया। 140 करोड़ भारतीय इस बात के लिए एकजुट हैं कि आतंक के आकाओं की कमर तोड़ दी जाएगी। भारत हर एक आतंकवादी और उनके समर्थकों की पहचान करेगा, उनका पता लगाएगा, उनको दंडित करेगा। आतंकवाद कभी भी भारत की आत्मा को तोड़ नहीं पाएगा। न्याय सुनिश्चित करने के हर प्रयास किए जाएंगे। आज मैं मोदी जी को उनकी दूरदर्शिता पर बहुत-बहुत साधुवाद देता हूं। उनका बोला हुआ एक-एक शब्द आज सच हो रहा है। उन्होंने कहा था कि आतंकवादियों की बची-खुची जमीन मिट्टी में मिला देंगे। सर, आज उनके ट्रेनिंग कैंप्स मिट्टी में मिले हैं, उनके हेडक्वार्टर मिट्टी में मिले हैं, उनके लॉन्चपैड्स भी मिट्टी में मिल कर ज़मींदोज हुए। उन्होंने कहा था कि उनके आकाओं को नहीं छोड़ेंगे। मैं बाद में लिस्ट पढ़ता हूं। उनको भेजने वालों को भी हमारी सेनाओं ने मिट्टी में मिला दिया। उन्होंने कहा कि हम आतंकवादियों को भी नहीं छोड़ेंगे। ऑपरेशन महादेव ने उन तीनों आतंकवादियों को समाप्त कर दिया, ढेर कर दिया। मान्यवर, एक प्रकार से मोदी जी के कहे हुए वाक्य को हमारी सेना, हमारी वायु सेना, हमारी जल सेना, हमारी सभी पैरा-मिलिट्री फोर्सेज़ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने भी उसको अपने कर्म का रास्ता बना दिया और कठोर दंड देने का काम किया है।

मान्यवर, 23 अप्रैल को ही सीसीएस की एक मीटिंग बुलाई गई। सीसीएस की मीटिंग में न केवल पाकिस्तान को, बल्कि पूरी दुनिया को कठोर संदेश देने का काम किया गया कि भारत की सीमा और भारत की सेना, भारत के नागरिक और भारत की संप्रभुता, इसके साथ खिलवाड़ नहीं करते, वरना परिणाम भुगतने पड़ते हैं। उन्होंने सीसीएस की बैठक में तय किया और 1960 की जवाहरलाल नेहरू के द्वारा की गई एकतरफा, पाकिस्तान के फायदे वाली, सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से रोक लिया गया। मान्यवर, यह एक ऐतिहासिक फैसला है। हम सब वर्षों से

मानते थे कि सिंधु जल संधि एकतरफा है। हमारा 80 प्रतिशत पानी वहां नहीं जा सकता। मान्यवर, यहां तक कि वहां से गाद निकालने की भी परमिशन नहीं थी। उनके कैनाल बनाने के पैसे भी भारत ने भेजे। मान्यवर, इस पानी पर भारत के किसानों का अधिकार है। कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के पीने का पानी अब कुछ ही समय में सिंधु के माध्यम से राजस्थान तक पहुंचेगा। जो एकीकृत जांच चौकी, अटारी चल रही थी, उसको हमने बंद कर दिया। हमने सार्क वीजा समाप्त कर दिया। हमने 24 घंटे में सारे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजना शुरू कर दिया। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा/सैन्य, नौसेना और वायु सेना के सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया और दोनों उच्चायोग में स्टाफ को कम किया गया, 55 से घटा कर 30 किया गया। सीसीएस ने संकल्प लिया कि भेजने वाले और कृत्य करने वाले, दोनों को दंडित किया जाएगा। इसके लिए सेना को खुली छूट देने का काम सीसीएस ने किया। कल ये पूछ रहे थे, क्या हुआ, कैसे हुआ? सीसीएस के जो फैसले हैं, वे मीडिया में आए थे, मगर उनको पढ़ना नहीं है, क्योंकि जो सारे फैसले लिए गए, वे उनके द्वारा किए हुए निर्णयों को रद्द करने वाले हैं और उनकी नीतियों के खिलाफ जो निर्णय हुए, वे हैं। मान्यवर, प्रधान मंत्री जी ने 30 अप्रैल को सशस्त्र बलों को ऑपरेशनल फ्रीडम देने का काम किया कि रक्षा मंत्रालय और सेना, दोनों मिल कर तय करेंगे कि टारगेट क्या होगा, तरीका क्या होगा, स्थान क्या होगा और समय क्या होगा। इसको हमारी सेना के जवानों ने बहुत बखूबी निभाया। मान्यवर, मैं तीनों सेनाओं को इस सदन की इस चर्चा में बहुत-बहुत सम्मान के साथ साधुवाद देना चाहता हूं।

मान्यवर, 7 मई को रात 1 बज कर 4 मिनट पर हमने पाकिस्तान के 9 आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर दिया। रक्षा मंत्री जी ने लोक सभा में बताया कि कम से कम 100 लोग मरे। 100 से ज्यादा मरे, मगर कम से कम 100 मरे। मान्यवर, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन, इन तीनों के हेडक्वार्टर्स को ध्वस्त करने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया, हमारी सेनाओं ने किया। मान्यवर, हमने उनको तुरंत ही सूचना दे दी थी। हमने उनको बताया - मरकज सुब्हान अल्लाह, बहावलपुर; मरकज तैय्यबा, मुरीदके; महमूना जाया कैंप, सियालकोट; सरजाल कैंप, सियालकोट; सवाई नाला कैंप, मुज़फ्फराबाद; सैयदना बिलाल कैंप, मुज़फ्फराबाद; गुलपुर कैंट, कोटली; बरनाला कैंप, बिंबर्ग और अब्बास कैंप, कोटली को हमने समाप्त कर दिया है, तोड़ दिया है और यह हमने अपनी आत्मरक्षा के अधिकारों का उपयोग करते हुए किया है, हमारी कार्यवाही समाप्त हुई।

इसके बाद मैं इस पर आता हूं कि वे जो कहते हैं कि Pak Occupied Kashmir क्यों नहीं लिया, ये क्यों नहीं किया, वह क्यों नहीं किया? पहले तो वे सोचते थे कि कुछ नहीं होगा, लेकिन जब हो गया, तो वे कहते हैं कि यह क्यों नहीं हुआ? मैं कांग्रेस पार्टी को कहना चाहता हूं कि Pak Occupied Kashmir आपने दिया था, मगर लेने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही करेगी और कोई नहीं कर सकता। ...(**व्यवधान**)... मान्यवर, हमने तो आतंकवादी अड्डों पर, उनके headquarters पर, उनके संगठनों पर, उनके training camps पर, उनके launching pads पर हमला किया था और आतंकवाद के ऊपर हमारे इस हमले को पाकिस्तान अपने ऊपर हमला समझ बैठा और उसने 8 मई को हमारे रिहायशी इलाकों पर गोलीबारी की, हमारी सेना के installations पर missiles छोड़े और drones फेंके, लेकिन कोई पहुंच नहीं पाया, मगर सीमा के नजदीक गोलीबारी के कारण वहाँ जो निर्दोष नागरिक घूम रहे थे, वे हताहत हुए। मान्यवर, फिर

Contents Page

भी भारत ने संयम रखा। उसने गुरुद्वारा तोड़ा, तो हम कुछ नहीं बोले; उसने मंदिर तोड़ा, तो हम कुछ नहीं बोले। भारत ने यह तय कर लिया कि हम इसका जवाब उसकी रक्षा की क्षमता को क्षीण करके, कम करके देंगे। इसलिए 9 मई को भारत की सेना ने उसके 11 airbases को ध्वस्त कर दिया। उसके defence installations और आठ airbases — नूर खान, मुरीद, सरगोधा, रफीक़ी, रहिमयार खान, जैकबाबाद, सुक्कुर, भोलारी और 6 Radar systems — सुक्कुर, लाहौर, आरिफवाला, चुनियान, जैकोबाबाद और नया चोर तथा surface-to-air guided missiles के systems लाहौर और ओकारा में ध्वस्त किए। मान्यवर, इस हमले के बाद पाकिस्तान लड़ने की स्थिति में ही नहीं था और ये पूछ रहे हैं कि किसके कहने पर समाधान हुआ, किसके कहने पर समाधान हुआ! किसी के कहने पर समाधान नहीं हुआ। पाकिस्तान ने घुटनों के बल हमारे DGMO को फोन किया कि भाई, अब बंद करो। ...(**व्यवधान**)... पहले से हमारा मकसद युद्ध का नहीं था और न ही हम पाकिस्तान की आवाम का नुकसान करना चाहते थे। मोदी जी ने तुरंत कहा कि अगर पाकिस्तान रोकता है, तो रोक लीजिए। लेकिन, इसको भी राहुल गांधी आगे बढ़ा रहे हैं और पूछ रहे हैं! मान्यवर, कुछ लोगों ने आशंका जाहिर की कि वहां कौन मरा, कौन मरा? उनको मालूम नहीं है कि उनके समय में जो जघन्य आपराधिक घटनाएं हुई थीं, आतंकवादी घटनाएं हुई थीं, उन घटनाओं को घटित करने वाले आतंकवादी पूछते थे। मुझे तो कई लोगों ने पूछा कि भाई, 90 दिन हुए, क्या हुआ; 95 दिन हुए, क्या हुआ? रोज पांच फोन आते थे। मगर उनके समय में जो बड़ी-बड़ी आतंकवादी वारदातें हुई थीं, मुंबई ट्रेन ब्लास्ट से लेकर मुंबई पर हमले की, उनके आरोपी आतंकवादी हमारे ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए। ...(**व्यवधान**)... हाफिज मोहम्मद जमील, जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद का बड़ा बहनोई, मुदस्सर कादियान, मरकज तैयबा का प्रभारी, मोहम्मद हमजा जमील, JeM ऑपरेटिव मसूद अजहर का भतीजा, मोहम्मद यूनुस अजहर, जैश-ए-मोहम्मद का आमीर मोहम्मद हसन खान, JeM ऑपरेटिव मोहम्मद हसन - वे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। JeM का वास्तविक प्रमुख अब्दुल मलिक, खालिद अबू अक्श और नोमान मलिक — ये सारे लोग इतने घायल हुए हैं कि अब वे कुछ कर नहीं सकते। मान्यवर, यह जो हमला हुआ है, यह उन्होंने उनके दिल पर हमला किया है। आतंकवाद के दिल पर पहली बार प्रहार किया गया है। मान्यवर, पहले भी हमने सर्जिकल स्ट्राइक की, एयर स्ट्राइक की। एक प्रकार से सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक, दोनों Pak-occupied-Kashmir में हुई थी। मेरे जैसे लोग तो मानते हैं कि हमारी भूमि पर ही हमने हमला किया था, क्योंकि Pak-occupied-Kashmir इस सदन के द्वारा स्वीकारा हुआ संकल्प है कि Pak-occupied-Kashmir भारत का है। मगर पहली बार पाकिस्तान की सरहद में जाकर हमारी सेना ने पराक्रम दिखाया है और आतंकवादियों के अड्डों को, उनके ट्रेनिंग कैंप्स को और उनके लॉन्चिंग पैड्स को खत्म करने का काम किया है।

मान्यवर, चिदम्बरम साहब कल भाषण में बोले कि यह नहीं कहा जा सकता कि 'ऑपरेशन सिंदूर' निर्णायक था। चिदम्बरम साहब यहाँ नहीं हैं, मगर मैं उनको जवाब जरूर देना चाहता हूँ कि चिदम्बरम साहब, क्या 1965 की लड़ाई निर्णायक थी? अगर वह निर्णायक थी, तो फिर terrorism क्यों फैला? क्या 1971 की लड़ाई निर्णायक थी? अगर वह निर्णायक थी, तो फिर terrorism क्यों फैला? अनेक बार जो कार्रवाई हुई, क्या वह निर्णायक थी? मान्यवर, जब तक दुश्मन या तो डर नहीं जाता, या सुधर नहीं जाता, कभी निर्णायक अंत नहीं आएगा।

Contents Page

मान्यवर, इतने सालों तक उनको डराने की, दंडित करने की कोई प्रक्रिया ही नहीं हुई, तो वे क्यों डरेंगे? हम तो डोजियर पर डोजियर भेजते रहे, कभी उनको जवाब नहीं दिया। मान्यवर, नरेन्द्र मोदी जी ने जवाब दिया। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक की, एयर स्ट्राइक की और 'ऑपरेशन सिंदूर' किया। उसमें खौफ पैदा हो गया है। मुझे मालूम नहीं है, मेरे पास सूचना नहीं है, वे रात को भी जग जाते होंगे और सपने में हमारी मिसाइल-सी दिखाई पड़ती होगी। मान्यवर, डर से ही शांति होती है, यह सुधरने वाले लोग नहीं है। मगर चिदम्बरम साहब कहते हैं कि आतंकी पाकिस्तान से आए थे, इसका सबूत क्या है? चिदम्बरम साहब, सबूत तो हमारी एजेंसियों ने ढूंढ़ लिया है। अब आप क्या बोले थे और इस पर आप क्या बोलना चाहते हैं? मान्यवर, चिदम्बरम जी के कार्यकाल में ही अफजल गुरु की फांसी तब तक नहीं हुई, जब तक वे गृह मंत्री के पद से नहीं हटे। आज दिग्विजय सिंह जी चले गए हैं, उन्होंने मुम्बई के हमले के बाद कहा था कि यह तो आरएसएस ने कराया था। मान्यवर, ये क्या बोल रहे हैं, किसके लिए बोल रहे हैं, किसको बचा रहे हैं, क्या कहना चाहते हैं? हिंदू टेरर का शगूफा किसने छोड़ा? मैं आज दुनिया के सामने, देश की जनता के सामने गर्व से कहता हूँ कि हिंदू कभी टेररिस्ट नहीं हो सकता। हम कभी टेररिस्ट नहीं हो सकते। आप क्या कहना चाहते हैं? फर्जी टाइप के केस बनाई, एक भी केस अदालत में नहीं टिकी। आपने सिर्फ अपनी छिछोरी राजनीति के लिए और सुलभ फायदे के लिए देशभक्त संगठनों पर आरोप लगाया और फिर क्या कर लिया? फिर भी आप हार गए। आप तो हारे न। अब आप हर रोज कह रहे हैं कि आप हमेशा नहीं हैं, आप हमेशा नहीं रहेंगे। मान्यवर, हमेशा का तो मुझे मालूम नहीं, मैं 61 का हुआ हूँ, 2014 से 30 साल तक भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार रहने वाली है। मैं चिदम्बरम साहब को कहना चाहता हूँ कि आप भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जीने की आदत डाल लीजिए। भारतीय जनता पार्टी की सरकार 30 साल तक रहेगी। मैं यह बात 2015 में ओडिशा में भुवनेश्वर कार्यकारिणी में बोला था। अब यह 5 साल गिन लीजिएगा, तो 15 साल तो हो ही गए हैं और 15 साल भी हो जाएँगे।

मान्यवर, इन्होंने भारतीय सेना के लिए कभी भी तैयारियाँ नहीं कीं। चीन के कई जवानों ने चीन की लड़ाई के बाद लिखा - हमारे पास बंदूक छोड़िए, कारतूस छोड़िए, नमक, चीनी और माचिस भी उपलब्ध नहीं थीं, घनघोर ठंड में हमारे पहनने के लिए ठंड के कपड़े भी नहीं थे। मान्यवर, आज वही सेना "ब्रह्मोस" से लैस है, "आकाश" उनकी मिसाइलों को तोड़ देता है और पाकिस्तान के पूरे एयर डिफेंस सिस्टम को हमारी सेना आधे घंटे में मलबे में बदलकर रख देती है। मान्यवर, यह नरेन्द्र मोदी जी के शासन में 11 साल में परिवर्तन हुआ है। पहले गोली नहीं बना पाते थे। मैं बाद में बताता हूँ। लाखों-करोड़ों का सामान हम बना रहे हैं, विदेश में भेज रहे हैं, एक्सपोर्ट कर रहे हैं। हमने सेना की कई सारी चीजें ब्लैकलिस्ट कर दीं, उनको इंपोर्ट नहीं कर सकते और R&D के लिए एक बहुत बड़ा इको सिस्टम बनाने का काम देश के प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी ने किया है। सेना और पूरे देश को मोदी जी की इस पहल पर, आत्मनिर्भर भारत के गर्व पर और हमारी सेना के जवानों को कैसे हथियार देने चाहिए, इस बात की चिंता पर देश और सेना मोदी जी पर गर्व कर सकती है।

मान्यवर, पहले जिसके पास नमक, चीनी और माचिस नहीं थी, ऐसी सेना से 11 साल में 22 मिनट में ही आतंकवादियों का काम तमाम कर देने वाली, तकनीक से सज्ज, वीर, सटीक इंफॉर्मेशन वाली और बताए हुए लक्ष्यों को पूरा करने वाली सेना का निर्माण किया है। मान्यवर,

Contents Page

कल्पना कीजिए कि अगर यह हमला कांग्रेस के राज में हुआ होता, तो क्या होता। अभी तो भाजपा सरकार है, एनडीए सरकार है, मोदी जी प्रधान मंत्री हैं। तीनों ने क्लीन चिट देने में 100 दिन लगा दिए। अगर कांग्रेस की सरकार होती, तो पाकिस्तान को तुरंत क्लीन चिट मिल जाती। रक्षा मंत्रालय की जगह विदेश मंत्रालय काम करता। रातों-रात ज़ेरॉक्स मशीनों पर डोजियर्स तैयार होते। डोजियर वहाँ भेज देते और फिर शर्म अल-शेख में चर्चा करते। सर, ये कुछ नहीं करते और ये हमसे सवाल पूछ रहे हैं! कांग्रेस पार्टी को भारतीय जनता पार्टी से आतंकवाद के बारे में सवाल पूछने का कोई अधिकार नहीं है । मान्यवर, इस देश के अंदर आतंकवाद फैला, पनपा, बढ़ा, तो इसका एकमात्र कारण कांग्रेस की सरकारों की लचर और तुष्टीकरण से युक्त वोट बैंक की राजनीति रही है। आज हमारा सौभाग्य है कि एक ऐसा नेतृत्व है, जो ब्रह्मोस मिसाइल्स भेजता है, डोजियर नहीं भेजता है और वह नेतृत्व सम्माननीय मोदी जी का है।

मान्यवर, इस संघर्ष विराम के लिए भी कई सारे लोगों ने बातें कही हैं। मैंने कल से सुन रहा हूँ। पीओके क्यों नहीं लिया? ये इतना उछल-उछल कर बोलते थे। यहाँ पर काफी विद्वान लोग बैठे हैं। इनको कुछ संसद की मर्यादा, संसद में बात करने का तरीका, मतलब वास्तविक चीजें बोलने की पद्धति, कुछ नहीं सिखाते। मान्यवर, मैं आज पूरे देश के सामने एक बात कहना चाहता हूँ। ऑपरेशन सिंदूर युद्ध नहीं था। यूएन चार्टर के अनुच्छेद 51 के चैप्टर 7 के तहत आत्मरक्षा के लिए बल प्रयोग का जो हमारा अधिकार है, उसका हमने उपयोग किया था। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो हमला किया, हमारे निहत्थे नागरिकों को मारा और उसके जवाब में आतंकवादियों के पूरे इको सिस्टम को तोड़ने का हमारा जो अधिकार है, हमारे उस अधिकार को विश्व के सभी देशों ने स्वीकारा है और हमने उसी अधिकार का उपयोग किया था। जब पाकिस्तान ने ही कहा कि हमें संघर्ष नहीं करना है, तब हमने इसको स्वीकारा। ये कहते थे, मैं बाद में बताऊंगा, मान्यवर। वे हमें कहने लगे कि भाई, क्यों किया, यह ले लेते, वह ले लेते। मान्यवर, यह घोषित युद्ध नहीं था, मगर कांग्रेस के समय में जो घोषित युद्ध हुए, उनमें इन्होंने क्या किया, यह मैं बाद में बताता हूँ। उसके पहले, मैं आतंकवाद के परिदृश्य पर, जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद का परिदृश्य और देश का परिदृश्य, इस पर बताना चाहता हूँ।

मान्यवर, कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है और इस देश पर सबसे अधिक शासन कांग्रेस ने और उसके साथियों ने ही किया है। उनके समय में हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से तीन नासूर मिले। पहला, कश्मीर का आतंकवाद, नॉर्थ-ईस्ट की इनसरजेंसी और वामपंथी उग्रवाद एवं नक्सलवाद। ये तीन नासूर मिले और 30 से 40 वर्षों तक इन तीनों नासूरों ने भारत की धरती को रक्त रंजित करते रहे। न जाने हमारे कितने लाल - सेना के, CRPF के, BSF के, CISF के - मारे जाते रहे, शहीद पर शहीद हुए, न जाने कितने निर्दोष किसान और नागरिक आतंकवाद, इनसरजेंसी, वामपंथी उग्रवाद की भेंट चढ़ गए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। आज मैं यह कहना चाहता हूं कि नॉर्थ-ईस्ट इनसरजेंसी और वामपंथी उग्रवाद, दोनों क्षेत्रों में हिंसा में 75 प्रतिशत की कमी लाने का कार्य प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। मैं इस पर अधिक नहीं बोलना चाहता, क्योंकि आज का विषय नहीं है, लेकिन कश्मीर के अंदर जो आतंकवाद था, मैं उस पर अवश्य बोलना चाहता हूं।

मान्यवर, इसका कारण क्या था? हमें इसके मूल में जाना चाहिए। जब से कश्मीर का सृजन हुआ, तब धारा 370 बनाई गई। यह धारा 370 किसने बनाई? कांग्रेस पार्टी ने बनाई। इसका

Contents Page

समर्थन किसने किया और इतने वर्षों तक इसे किसने चलाया? कांग्रेस ने चलाया। मान्यवर, धारा 370 और 35A क्या कहती थीं? वे कहती थीं कि कश्मीर का एक अलग ध्वज होगा, कश्मीर का एक अलग संविधान होगा। 5 अगस्त, 2019 तक यह अलग ध्वज और अलग संविधान चलते रहे। हमारी पार्टी के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने धारा 370 के विरुद्ध अपना बलिदान दिया। उनकी हत्या कर दी गई थी। मान्यवर, धारा 370 से क्या हुआ? इससे अलगाववाद को हमेशा पोषण मिलता रहा कि हम भारत के बाकी राज्यों जैसे नहीं हैं, हमें कुछ और मिल सकता है, हमारा संविधान अलग है, हमारा राष्ट्रीय ध्वज अलग है – हमने हमारे हर युवा को उकसाने का मौका पाकिस्तान को दिया। पहले कश्मीर में अलगाववाद की बात हुई, फिर आज़ादी की बात हुई और वही आतंकवाद का मूल कारण बना। इसके बाद, इनकी तुष्टीकरण की नीति के कारण धार्मिक कट्टरता फैलाने वाले सारे संगठन चलते रहे। जमात-ए-इस्लामी एवं अन्य संगठन बच्चों, युवाओं और किशोरों में धार्मिक कट्टरता भरते रहे, अलगाववाद बढ़ाते रहे, उन्हें चलने दिया - क्यों? क्योंकि अगर बैन लगाएंगे, तो हमारा वोट बैंक नाराज़ हो जाएगा - यही सोच थी।

मान्यवर, पाकिस्तान ने टेरर ग्रुप्स बनाए और उन टेरर ग्रुप्स की प्रवक्ता बनी हुर्रियत कॉन्फ्रेंस। हर टेरर ग्रुप ने अपना एक सिविलियन ग्रुप बनाया। वे उनसे खुलेआम चर्चा करते रहे। परिणामस्वरूप यहां आतंकवाद बढ़ता गया। मान्यवर, मैं आज स्वर्गीय शम्मी कपूर जी को भी क्वोट करना चाहूंगा जब वो मुझसे मिलने आए थे। उन्होंने कहा, "अमित भाई, जब मेरा गोल्डन पीरियड था, मेरा साल का 30 परसेंट समय कश्मीर में बीतता था। कश्मीर में इतनी शूटिंग होती थी और मैं वहां के लोगों से मिला हूं। वह एक प्रोग्रेसिव सोसाइटी थी। महिलाएं प्रोग्रेसिव थीं। वे सूफी संतों की बात करते थे, धर्मनिरपेक्ष बातें होती थीं। वहां कश्मीरी पंडित भी मिलते थे।" लेकिन आज मैं देखता हूं कि वही बच्चियां पथराव कर रही हैं। उन्हें क्या हो गया है? किसने उन्हें बिगाड़ा? तब मैं इसके नीचे मूल में गया, तो पता चला कि जमात-ए-इस्लामी ने प्राथमिक शिक्षा प्रणाली पर पूरी तरह कब्जा जमा लिया था और बच्चों के दिल-दिमाग में ज़हर घोल दिया था, तभी यह स्थिति उत्पन्न हुई। मगर कांग्रेस कभी भी इसके मूल में नहीं गई और धीरे-धीरे यह संकट बढ़ता गया।

मान्यवर, नरेन्द्र मोदी जी ने तय किया कि ऐसा नहीं चल सकता और 5 अगस्त, 2019 को इसी ऐतिहासिक सदन में धारा 370 को समाप्त किया गया। उसके बाद टेररिज्म को फैलाने वाले, अलगाववाद फैलाने वाले टेररिस्ट्स और इनके ecosystems के संपूर्ण सफाये का एक युग शुरू हुआ। धारा 370, 35A हटाए गए, 'Zero Terror Plan' बना, 'Area Domination' की योजनाएं बनीं, 'Capacity Building' की योजनाएं बनीं, 'Multi-Level Deployment' लगाया गया, तकनीक का उपयोग बढ़ाया गया, जेल प्रबंधन बढ़ाया गया, ड्रोनरोधी सिस्टम और गन तैनात की गईं। हम सबने देखा, देश की जनता ने देखा कि कई आतंकवादी मारे गए। उनके 10-10 हजार के जनाजे निकले। हमने कठोर निर्णय लिया कि आतंक में लिप्त किसी भी व्यक्ति का जनाजा नहीं निकलेगा। जहां मरेंगे, वहीं दफना दिए जाएंगे। उस वक्त कांग्रेस पार्टी ने विरोध किया था। फारुख अब्दुल्ला जी की पार्टी ने विरोध किया था। आतंकी समर्थक को चुन-चुन कर नौकरियों से निकाला गया, पासपोर्ट और Government Contracts के हेतु इनको अघोषित किया गया। 75 पाकिस्तानी समर्थक सरकारी कर्मचारियों को due legal process से बर्खास्त करा दिया गया। Bar Council suspend करके भारत के संविधान को मानने वाली बार काउंसिल प्रस्थापित की

Contents Page

गई। UAPA अदालतों की स्थापना हुई और लगभग मई, 2022 से लेकर मई 2025 तक 2,267 प्रकरण UAPA के दर्ज हुए। इनकी पूरी terror finance के ecosystem को ध्वस्त किया। NIA and ED ने बहुत अच्छी कार्रवाई की। कई SOPs बनाई गईं और 347 संपत्तियों को जब्त कर लिया गया। एक और Jamaat-e-Islami और ऐसे संगठनों को हमने बंद करने का काम किया और दूसरी ओर इनकी ecosystem को भी हमने समाप्त कर दिया। मैं आज इस सदन के रिकॉर्ड के लिए बैन किए हुए संगठनों की लिस्ट पढ़ना चाहता हूं। The Resistance Front (TRF), जिसने यह घटना की थी। People's Anti-Fascist Front, Tehreek-ul-Mujahideen, Jamaat-ul-Mujahideen, Jammu and Kashmir Ghaznavi Force, Khalistan Tiger Force, Hizb ut-Tahrir, Jamaat-e-Islami , Jammu Kashmir Liberation Front , Jammu and Kashmir Democratic Freedom Party , Muslim League Jammu Kashmir, Tehreek-e-Hurriyat, Muslim Conference, Muslim Conference (Sumji Group), Jammu and Kashmir National Front, Jammu and Kashmir Peoples Freedom League, Jammu & Kashmir Peoples League, Jammu & Kashmir Ittihadul Muslimeen, Awami Action Committee और इसके साथ-साथ हमने 'Sikhs for Justice' और 'PFI' को भी बैन कर दिया। सर, इसका परिणाम यह हुआ कि 2010 में 10 से 15 की एवरेज organized stone-pelting, हमने भी दृश्य देखे हुए हैं, जिसके बारे में स्व. शम्मी कपूर जी ने चिंता व्यक्त की थी कि छोटी-छोटी बच्चियां पथराव कर रही हैं। सालाना 2,564 पथराव की घटना होती थीं। 2024 के बाद एक भी घटना नहीं हुई। Organized हड़ताल, जिसका वे लोग ऐलान करते थे पाकिस्तान में बैठे हुर्रियत के आका, सालाना 132 दिन घाटी बंद रखते थे, लेकिन तीन साल से एक भी हड़ताल का ऐलान नहीं हुआ है, हिम्मत नहीं है। Stone-pelting में 112 नागरिक मारे जाते थे, अब जीरो मारे जाते हैं। साल में 6,235 'Security force injured' होती थीं, अब जीरो injured होती हैं। इसके साथ-साथ ये पूछ रहे थे और अभी शिव सेना की सदस्या भी पूछ रही थीं कि क्या आतंकवाद समाप्त हो गया? इतनी गहरी जड़ें कांग्रेस ने डाली हैं, समाप्त होने में बहुत देर लगेगी। हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द करें, परंतु मैं आंकड़ों के बारे में कहना चाहता हूं कि समाप्ति की कगार पर हैं। आपको पसंद नहीं आएगा, लेकिन समाप्ति की कगार पर हैं। पहले 2004 से 2014 तक 7,217 घटनाएं हुईं। 30 परसेंट

जून 2015 से मई 2025 तक 2,150 घटनाएं हुईं। मान्यवर, आतंकवादी घटनाओं में 70% कमी हो गई है। पहले 1,770 नागरिकों की मृत्यु हुई थी, लेकिन अब 357 नागरिकों की मृत्यु हुई है। इसमें 80% की कमी आई है। सिक्युरिटी फोर्सेज के 1,060 जवान मारे गए थे, लेकिन अब 542 मारे गए हैं। इसमें 49 परसेंट की कमी आई है। इसके साथ-साथ हमने कश्मीर के अंदर ढेर सारा काम किया है। मान्यवर, लगभग 59,000 करोड़ की 53 परियोजनाएं बनीं, चिनाब नदी पर विश्व का सबसे बड़ा पुल बना, 8.5 किलोमीटर लंबी बनिहाल सुरंग बनी, उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला तक रेल पहुंची, जोजिला सुरंग और बनिहाल सुरंग बनी, 63,000 लोगों के रोजगार का सृजन हुआ। मान्यवर, जम्मू देश का पहला शहर बना, जहाँ आईआईटी, आईआईएम और एम्स तीनों संस्थान हैं। कैसी भी स्थिति हो, लेकिन ये तीनों कश्मीर में प्रोग्रेस पर हैं। हमने 40,000 नौकरियां दीं, विस्थापितों को प्रतिनिधित्व दिया, विस्थापित कश्मीरी पंडितों के दो सदस्यों का नामांकन करने का कानून लेकर आए। सबसे बड़ी बात यह है कि हमने भारत के संविधान का झंडा कश्मीर

Contents Page

में फहराने का काम किया। ये पूछते हैं कि क्या हुआ? पहले तीन परिवारों तक राजनीति थी। पहले न पंच था, न सरपंच था, न तहसील पंचायत थी, न जिला पंचायत थी, लेकिन आज जम्मू कश्मीर में चुने हुए 34,260 जनप्रतिनिधि जम्मू कश्मीर के नागरिकों की सेवा कर रहे हैं। मान्यवर, पहले चुनाव होते थे। सेना के एक रिटायर्ड जनरल मुझसे मिले थे — मैं बाद में बताता हूं, उन्होंने कहा कि अमित भाई हमारा मुख्य काम सुरक्षा का तो नहीं था, वह तो भगवान भरोसे थी, हमारा सबसे बड़ा काम फर्जी वोटिंग करना था। प्रशासन यह कराता था, पर हम इनकार करते थे। कई लोगों को मेमो भी दिए गए, फिर भी हम अड़े रहते थे। 3-4 परसेंट वोटिंग होती थी। आज नरेन्द्र मोदी के शासन में, जिला पंचायत के चुनाव में 98.3 परसेंट वोटिंग हुई है। आज़ादी से लेकर अब तक के जनरल इलेक्शन में यह अब तक की सबसे ज्यादा वोटिंग है। यह बताती है कि वहां पर लोकतंत्र प्रतिस्थापित हो रहा है। विधानसभा - 2024 में 63 प्रतिशत हुआ। इसके साथ ही 1,000 करोड़ रुपए से ज्यादा पैसा पंचायत को सीधे देने का काम किया गया।

मान्यवर, मगर यह क्यों हुआ, मैं आज इसके बारे में पूरे सदन को बताना चाहता हूं। मैंने कभी इस बात को उजागर नहीं किया, मगर मुझे लगता है कि यह मौका भी है और दस्तूर भी है। जब से प्रधान मंत्री जी ने प्रधान मंत्री की कुर्सी संभाली, तब से उनके दिलों-दिमाग पर कश्मीर की शांति का भूत सवार था। मान्यवर, मैं 2015 में पार्टी का अध्यक्ष बना। मोदी जी ने मुझे जनरल सिन्हा के घर पर भेजा। जनरल सिन्हा ने कई सालों तक कश्मीर में सेवा दी है और नॉर्थ देश में भी सेवा दी है। वे एनसीआर में रहते थे। मैं तीन दिन उनके घर पर बैठा। उन्होंने पहले मुझे पूरी डिटेल बताई, फिर कश्मीर से जुड़े हुए 25 लोगों की अलग-अलग सूची दी। मैंने उनके साथ घंटों चर्चा की और मोदी जी ने भी अनेक लोगों को बुलाकर चर्चा की। मोदी जी जो करते हैं, उसे बताते नहीं हैं, मगर मुझे कुछ तो मालूम है, क्योंकि वह काफ़ी सरपंचों से मिले थे। उनके मिनिट्स मेरे पास पार्टी की दृष्टि से आए थे। वे युवाओं से मिले थे, धार्मिक नेताओं से मिले थे, जम्मू के लोगों से मिले थे, घाटी के लोगों से मिले थे और नेशनल कॉन्फ्रेंस के एमपी से भी मिले थे। 2014 से ढेर सारा मंथन चलता था। उसी मंथन के कारण, मैं आज अंत में विश्वास के साथ कह रहा हूं कि कश्मीर के अंदर आतंकवाद समाप्ति की कगार पर है। एक ज़माना था कि पाकिस्तान को पाकिस्तान से आतंकवादी भेजने ही नहीं पड़ते थे, बल्कि हमारे कश्मीर के युवा ही हाथ में हथियार उठा लेते थे, मगर आज मैं इस सदन को 6 माह का रिकॉर्ड बताता हूं कि 6 माह में आतंकवादी संगठनों में एक भी कश्मीरी युवक की भर्ती नहीं हुई है और जो मारे जा रहे हैं वे सारे पाकिस्तानी हैं, क्योंकि जम्मू-कश्मीर की अवाम ने मोदी जी की नीतियों को स्वीकारा है। महोदय, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। आतंकवादी

8.00 P.M.

कोई बड़ा कृत्य करते थे, तो घाटी में ही उसका विरोध होता था। मैं आज घाटी की जनता को, जम्मू की जनता को बहुत-बहुत साधुवाद देना चाहता हूँ। घाटी का एक भी गाँव ऐसा नहीं था, जहाँ पहलगाम हमले का विरोध नहीं हुआ। जब तिरंगा घर पर फहराने की बात होती है, तो जिनके बच्चे आतंकवाद की भेंट चढ़ गए, वे मां-बाप भी तिरंगा फहराते हैं। मान्यवर, आतंकवाद पर कॉंग्रेस को बोलने का अधिकार ही नहीं है।

मैं आज सदन के सामने डीटेल रखना चाहता हूँ। अटल जी की सरकार ने निर्णय लिया था कि आतंकवाद को समाप्त करेंगे। इस पर काफी मंथन हुआ। मंथन के बाद तय हुआ कि मजबूत कानूनी संरचना खड़ी करनी पड़ेगी, जिससे इनको सज़ा कराई जाए। कानूनी संरचना खड़ी करने के लिए पोटा का कानून लागू हुआ। कॉंग्रेस पार्टी ने उसका विरोध किया। आज वे हैं नहीं, मगर मैं पूछना चाहता हूँ कि पोटा कानून का विरोध किसे बचाने के लिए किया गया था? खैर, उन्होंने तो विरोध किया। वह राज्यसभा में घिर गया। लेकिन अटल जी का संकल्प मजबूत था। भाजपा का संकल्प मजबूत था। पोटा कानून संयुक्त सेशन में पारित कर दिया गया और वह पोटा कानून आया। उसका अमल शुरू हुआ। मान्यवर, कॉंग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में लिखा कि हम पहली कैबिनेट में पोटा कानून रद्द कर देंगे। मैं तो कई बार ऐसा सोच ही नहीं सकता था। मुझे लगा कि ये असत्य वादा कर रहे हैं। मान्यवर, देखिए, इन्होंने पहली कैबिनेट में ही पोटा के कानून को रद्द कर दिया! यह कॉंग्रेस टेररिस्ट की बात कर रही है, टेररिज़्म की बात कर रही है। आप तो उसका पोषण करने वाली पार्टी हैं। मान्यवर, इसके बाद क्या हुआ? 2005 में रामलला के टेंट पर हमला हुआ। उस वक्त मंदिर नहीं बना था। मुंबई लोकल ट्रेन में सात धमाके हुए, जिनमें 187 लोग मारे गए। डोडा में हमले हुए, जिनमें 34 हिंदू मारे गए। हैदराबाद में धमाके हुए, 44 लोग मारे गए। 2005 में रामलला के टेंट पर हमला, 2006 में मुंबई ट्रेन हमला, 2006 में डोडा हमला, 2007 में हैदराबाद में दो बम धमाके हुए, जिनमें 44 लोग मारे गए, 2007 में यूपी में धमाके हुए, जिनमें 13 लोग मारे गए, 2008 में कानपुर में सीआरपीएफ कैम्प पर हमला हुआ, 2008 में आर्मी के काफिले पर हमला हुआ, जिसमें दस नागरिक मारे गए। 2008 में ही फिर आतंकी हमला हुआ, जिसमें 246 लोग मारे गए, 2008 में जयपुर में आठ बम धमाके हुए, 2008 में अहमदाबाद में 21 बम धमाके हुए, 2008 में दिल्ली में पाँच बम धमाके हुए, 2010 में जर्मन बेकरी बम धमाका हुआ, 2010 में वाराणसी बम धमाका हुआ और 2011 में मुंबई में धमाका हुआ, जिसमें तीन लोग मारे गए। एक भी वर्ष खाली नहीं गया और ये हमसे पूछ रहे हैं कि आपने क्या किया! सौ दिन तक करते रहे कि क्या किया, क्या किया। अब मुझे बताइए कि 2005 से शुरू करके 2011 तक आपने क्या किया? कॉंग्रेस पार्टी ने क्या किया? कौन से कानून लाए? कौन से कदम उठाए? कब आपने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर का प्रयोग किया? कॉंग्रेस पार्टी को देश की जनता को यह जवाब देना पड़ेगा। मान्यवर, देश के अलग-अलग हिस्सों में 54 जगहों पर 609 नागरिक मारे गए। मैं देश के गृह मंत्री के नाते, आज गर्व से इस उच्च सदन में कहता हूँ कि मोदी जी के राज में पूरे देश में कश्मीर को छोड़कर, कहीं पर भी टेररिस्ट घटना नहीं हुई है। उरी में घटना हुई, तो हमने सर्जिकल स्ट्राइक करके चेताया। पुलवामा में हुई, तो हमने एयर स्ट्राइक करके और चेताया। अब नहीं सुधरते हैं, दुम टेढ़ी की टेढ़ी है, तो हम क्या कर सकते हैं! पहलगाम में हमला किया तो हमारी सेना ने घर में घुसकर परखच्चे उड़ाने का काम किया। मेरी कांस्टीट्यूएंसी से हमारी वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं, जिनकी उम्र 80 वर्ष है। उन्होंने मुझे कल सुबह ही याद दिलाने के लिए एक व्हाट्सएप भेजा था और कहा कि अमित, यह ज़रूर बोलना। अब मैं इतनी वरिष्ठ कार्यकर्ता की भावना को टाल नहीं सकता। उन्होंने व्हाट्सएप पर एक वीडियो भेजा है, जिसमें सलमान खुर्शीद जी सोनिया गांधी जी के घर से आंसुओं से लैस दौड़ते-दौड़ते बाहर आते हैं। बाहर मैनेज्ड मीडिया खड़ा है। उसके सामने कहते हैं कि सोनिया जी पूरी रात सो नहीं पाती हैं। इनके आंसू देखकर मेरी आंख से आंसू निकलते हैं। किसलिए आंसू बहाए? बाटला हाउस में वे पाकिस्तान प्रेरित

आतंकवादी मारे गए, उसके लिए! अरे, सोनिया जी, आंसू बहाना था, तो बाटला हाउस एनकाउंटर में जो मोहन शर्मा शहीद हुआ, उसके लिए बहाते। आप किसको प्रोटेक्ट कर रहे हैं? मगर यह वोट बैंक का खेल है। मुझे पूछते रहे 90 दिन तक, भाग गए, भाग गए, भाग गए, आप क्या कर रहे हो, 25 दिन हो गए, 35 दिन हो गए, 40 दिन हो गए, ऑपरेशन सिंदूर इसका जवाब नहीं है, वे आतंकवादी कहां गए? चलो भई, ये तो भाजपा सरकार है, सेना ने ठोक दिया, सीआरपीएफ ने ठोक दिया, हो गया हमारा काम। अब मैं पूछना चाहता हूं कि दाऊद इब्राहिम, जिसने मुम्बई में सीरियल धमाके किए, किसके राज में भागा, कांग्रेस के राज में। सैयद सलाहुद्दीन किसके राज में भागा, कांग्रेस के राज में। टाइगर मेमन किसके राज में भागा, कांग्रेस के राज में। अनीस इब्राहिम किसके राज में भागा, कांग्रेस के राज में। रियाज भटकल किसके राज में भागा, कांग्रेस के राज में। इकबाल भटकल किसके राज में भागा, कांग्रेस के। मिर्जा शादाब किसके राज में भागे, कांगेस के। इसका हिसाब कौन देगा? उनको मालूम था देना पड़ेगा, साहब। इसलिए बहिष्कार करते हैं। वे स्वयं भागे गए। आतंकवादियों को भगाया और वे भी भाग गए। मान्यवर, हमने इन 11 सालों में यूएपीए में 2019 में अमेंडमेंट किया। इस अमेंडमेंट के तहत 57 लोगों को आतंकवादी घोषित किया है। एनआईए का अमेंडमेंट किया। हमने देश के बाहर जांच करने के अधिकार लिए। हमने एनएसए का सख्त उपयोग किया। धारा 370 को निरस्त कर दिया। पीएफआई को बैन किया। MAC को मजबूत किया। हमने आईसीजेएस की स्थापना की। NAFIS की स्थापना की। पीएमएलए से टेरर फाइनेंसिंग को रोक दिया। और NATGRID के माध्यम से पूरे देश के आतंकी संगठनों को एक कंप्यूटर के क्लिक पर लाकर रख दिया। हमने पूरा इकोसिस्टम तैयार किया।

मान्यवर, ये कल पूछ रहे थे कि कैसे आते हैं? मैं फिर से कहना चाहता हूं कि बहुत कठिन सरहद है। वे कई जगह सुरंगे बनाते हैं और वे बना सकते हैं। हम इसको रोकने के लिए तकनीकी उपाय कर रहे हैं और कुछ समय में यह हो जाएगा, मगर कुछ नाले ऐसे हैं, वहां इतना बहाव होता है कि वहां कोई चौकी नहीं लग सकती है, क्योंकि चौकी बह जाएगी। वे घुस रहे हैं, मगर उन्होंने क्या स्टैंड लिया था? राहुल गांधी ने कहा, जब 2011 में हमला हुआ, उन्होंने कहा कि सभी आतंकी हमलों को रोकना संभव नहीं है। जवाहरलाल नेहरू ने कहा कि घुसपैठियों को कोई रोक ही नहीं सकता। मैं मानता हूं कि अभी भी पाकिस्तान कुछ आतंकी हमले कर पा रहा है। अभी भी कुछ घुसपैठ होती है। अब यह काफी कम हुआ है। मान्यवर, मैं जिम्मेदारी के साथ बोलने वाला आदमी हूं। देश की जनता सुन रही है। काफी कुछ कम हुआ है। हम कभी ऐसे हथियार नहीं डालते हैं। मैं आज सदन के सामने कहना चाहता हूं कि घुसपैठ और आतंकवादी घटनाओं को समाप्त करने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार दृढ़ निश्चयी है और दृढ़ता के साथ हमारा यह मानना है।

मान्यवर, कल मैंने राहुल गांधी जी का स्टेटमेंट सुना कि चीन के लिए प्रधान मंत्री क्यों नहीं बोलते, चीन के लिए नहीं बोलते, चीन के लिए नहीं बोलते। उनके सीनियर लोग उनके लिए कोई ट्यूशन वगैरह भी नहीं रखते कि कैसे बोलना चाहिए, क्या बोलना चाहिए? कुछ भी बोलते ही रहते हैं। मगर आपने जब चीन की लड़ाई समाप्त हुई, तब क्या किया था? चीन की लड़ाई समाप्त हुई, तब हमारा अक्साई चिन का 38,000 वर्ग किलोमीटर हिस्सा चीन को देने का काम कांग्रेस पार्टी और आपके नाना जवाहरलाल नेहरू ने किया था। मान्यवर, 1955 में - देश में बहुत कम लोग जानते हैं और कल मुझे कहने लगे असत्य बोल रहे हैं। मैं आज एक चीज़ लेकर आया हूं। मैं

Contents Page

Selected Works of Jawaharlal Nehru Series, Volume-29, पृष्ठ 231 पढ़ रहा हूं, जिसका संकलन स्वयं नेहरू जी किया है। इसके लेखक जवाहरलाल नेहरू स्वयं हैं। अनौपचारिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से सुझाव दिया गया कि चीन को संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध किया जाए। यूएन में उसको मेम्बरशिप दी जाए, परंतु उसको सुरक्षा परिषद में नहीं रखा जाए और उसकी जगह इसे भारत को देना चाहिए। साहब, कोई भी देश का प्रधान मंत्री होता, तो वह धन्यवाद करता और भारत सुरक्षा परिषद में मेम्बर बन जाता। आज मोदी जी जो प्रयास कर रहे हैं, उसे करने की जरूरत भी नहीं पड़ती, हमारे पास भी वीटो होता। परंतु इन्होंने क्या कहा? हम स्वीकार नहीं कर सकते। अगर हम चीन जैसे महान देश को सुरक्षा परिषद में नहीं रखते हैं, तो सुरक्षा परिषद के मायने ही नहीं रहते। मान्यवर, यह कांग्रेस का चरित्र है! कल वे हमसे सवाल पूछ रहे थे। चलो, नाना तो बहुत दूर की बात है। मान्यवर, इन्होंने एक प्रकार से चीन के साथ राजीव गांधी फाउंडेशन, जिसकी चेयरपर्सन उनकी माताजी थीं, उससे एमओयू किया, चीन से पैसा लिया। हमने इसी बिनाह पर कानूनी तरीके से राजीव गांधी फाउंडेशन का एफसीआरए का लाइसेंस कैंसिल कर दिया। क्या राहुल गांधी इस देश की जनता को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बता सकते हैं कि चीन के साथ क्या एमओयू हुआ था? मान्यवर, जब हमारे सेनानी चीन की सेना की आंखों में आंख डाल कर डोकलाम में सीना चौड़ा करके खड़े थे, तब चीन के राजदूत के साथ गुपचुप मीटिंग स्वयं राहुल गांधी कर रहे थे। यह तो पीढ़ियों से चीन प्रेम चला आ रहा है। 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' से शुरू हुआ, सोनिया गांधी के राजीव गांधी फाउंडेशन से गुजरता हुआ, चीन के राजदूत की मीटिंग तक आया। मान्यवर, और ये हमें कह रहे हैं कि आपने चीन का नाम नहीं दिया! अरे भाई, जब देना है, तब देंगे। हमारे विदेश मंत्री ने बहुत मजबूती के साथ इसका जवाब दिया। हर चीज प्रधान मंत्री को बोलने की जरूरत नहीं है। मगर आप ज़रा देश की जनता को बताओ कि क्या एमओयू हुआ था, कितना पैसा लिया गया। आप चीन के राजदूत के साथ युद्ध की स्थिति में कैसे बात कर सकते हो? आप प्रतिपक्ष के नेता हो! 38,000 स्क्वायर किलोमीटर भूमि चली गई और इर्रिस्पांसिबिलिटी देखें। वे कहते हैं कि वहां घास का तिनका भी नहीं उगता। साहब, अब नेहरू जी का सिर मेरे जैसा था। हमारे महावीर त्यागी जी थे, उन्होंने कहा कि साहब, आपके सिर पर भी एक बाल नहीं है, क्या इसको चीन भेज दें! क्या रिस्पांसिबिलिटी है! कितने इर्रिस्पांसिबल जवाब हुए और अभी संधि की बात कर रहे हैं।

मान्यवर, 1971 के युद्ध में हमारी विजय हुई। इंदिरा जी प्रधान मंत्री थी। बहुत अच्छा काम हुआ, विजय हो गई। पाकिस्तान के 93,000 सैनिक युद्धबंदी थे। उन्होंने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को शिमला समझौते में लौटा दिया। उन्होंने पाक-ऑक्यूपाइड कश्मीर नहीं मांगा। अगर उस वक्त इंदिरा गांधी, इस देश की दिवंगत प्रधान मंत्री जी पाक-ऑक्यूपाइड कश्मीर लिखवा लेतीं, तो आज आतंकवाद देश में आ ही नहीं सकता था और पाक-ऑक्यूपाइड कश्मीर भी आ जाता। मान्यवर, इसके साथ-साथ, पाकिस्तान का 15,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र हमारे कब्जे में था, वह भी दे दिया। उन्होंने पाकिस्तान के 93,000 युद्ध बंदियों को दे दिया। हमारे सिर्फ 54 पकड़े गए थे, वे वापिस नहीं आए! आज भी उनके परिवारजन उनकी राह देख रहे हैं। मान्यवर, यह क्या संवेदनशीलता है? क्या समझौता किया आपने? साहब, जनरल मानेकशॉ, जिनको 1971 युद्ध का आर्किटेक्ट कहा जाता है, वे एक इंटरव्यू में कहते हैं कि शिमला में भुट्टो ने भारत के नेतृत्व को मूर्ख बनाया। वह इंटरव्यू अंग्रेजी में है, इसलिए मैं क्वोट-अनक्वोट पढ़ता हूं। "I told her

Contents Page

(Indira Gandhi) that he (Bhutto) has made monkey out of you." और ये हमें पूछ रहे हैं कि संधि क्या है? हमने तो युद्ध ही घोषित नहीं किया था, संधि किस चीज की हुई! हमारा एक लिमिटेड एग्रेशन था, टेररिज्म पर हमारा हमला था और हमारे आत्मरक्षा के अधिकार का उपयोग करते हुए था। और ये हमें पूछ रहे हैं! राहुल गांधी जी, चिंता मत कीजिए। आपको Pak-occupied Kashmir की चिंता है ना, तो भारतीय जनता पार्टी ही Pak-occupied Kashmir ला देगी। ...**(व्यवधान)**... आप नहीं ला पाए, कांग्रेस पार्टी नहीं ला पाई, हम यह लाएँगे। मान्यवर, Pak-occupied Kashmir तो छोड़िए, पाकिस्तान की रचना ही कांग्रेस पार्टी ने की थी। मैं कम से कम इतना तो जिम्मेदारी के साथ कह सकता हूँ। अगर मैं उस वक्त निर्णायक स्थिति में होता, तो भारत माता के टुकड़े पर कभी सिग्नेचर नहीं करता। उम्र हो गई थी, जल्दी थी, प्रधान मंत्री बनना था, तो देश के टुकड़े-टुकड़े कर दिए और आज तक देश पछता रहा है।

मान्यवर, आतंकवाद के मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय मंचों में हमारे देश की फजीहत करके, मुंबई अटैक के बाद 'शर्म अल शेख' सम्मेलन हुआ, जिसको पूरी दुनिया की डिप्लोमासी में 'बलूचिस्तान ब्लंडर' के नाम से जानते हैं। उसमें प्रस्ताव किया कि दोनों देश आतंकवाद के शिकार हैं। अब भला दुनिया में क्या कोई पाकिस्तान को आतंकवाद का शिकार कह सकता है? लोग हमारे मरे हैं, जवान हमारे मरे हैं और आपने उसको, पाकिस्तान को सर्टिफिकेट दे दिया। मान्यवर, भारत-पाकिस्तान के आधिकारिक बयान में भी बलूचिस्तान का जिक्र किया, जो उसका आंतरिक मामला था। बलूचिस्तान में जो घटनाएं हो रही हैं, उनसे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। डा. मनमोहन सिंह स्वीकार कर के आए और उसके बाद में उन्होंने कहा कि टेरर की घटना और वार्ता के बीच में कोई रिलेशनशिप नहीं है। भगवान भला करे देश की जनता का कि उसने नरेन्द्र मोदी जी को प्रधान मंत्री बनाया। उस चीज को नरेन्द्र मोदी जी ने समाप्त कर दिया कि जब तक टेररिज्म नहीं रुकता है, वार्ता नहीं हो सकती। ...**(व्यवधान)**...

मान्यवर, आज ये लोग जो बोल रहे हैं, विदेश नीति पर सवाल उठा रहे हैं, मैं उनको कहना चाहता हूं कि मोदी जी को - G-20 कई सारे देशों को मिला है। राजीव गांधी फाउंडेशन में एक स्टडी करा दीजिए। हर देश में हुए G-20 और भारत में हुए G-20 को देख लीजिए। यह हर देश की राजधानी में जाता है, लेकिन मोदी जी G-20 को हर राज्य में ले गए। मान्यवर, हमारी संस्कृति, हमारी क्षमताएं, हमारा पावर, हमारा लोकतंत्र पूरी दुनिया के सामने रखने का काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया और पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है कि अब तक के पूरे G-20 सम्मेलनों में यह सबसे सफल G-20 सम्मेलन है। मान्यवर, इसीलिए पूरी दुनिया में कई सारे राष्ट्राध्यक्ष हैं, लेकिन किसी भी देश के राष्ट्राध्यक्ष को 27 देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान नहीं मिला है। ...**(व्यवधान)**... और ये विदेश नीति की बात करते हैं! ...**(व्यवधान)**... 27 देश अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नरेन्द्र मोदी जी को सम्मानित करते हैं। भाई साहब, यह सम्मान नरेन्द्र मोदी जी का नहीं है, भारत के प्रधान मंत्री का है, भारत की 140 करोड़ जनता का है। ...**(व्यवधान)**... मोदी जी ने देश को सम्मान दिलाया है, देश की 140 करोड़ जनता को गौरवान्वित किया है। मान्यवर, मोदी जी का जो नेतृत्व है, वह भावुक नहीं है। जो भावुक नेतृत्व होता है, वह रोने भी लगता है और कई बार succumb भी हो जाता है। मोदी जी का नेतृत्व संवेदनशील भी है, निर्णायक भी है और दृढ़ भी है। यह मैंने देखा है। ...**(व्यवधान)**... धारा 370, ऑपरेशन सिंदूर - ये सारा छोड़ दो। कोरोना के दौरान मैंने देखा है कि इससे बड़ी आफत इस सहस्त्राब्दि में भारत

पर नहीं आई थी। वे अडिग होकर अपने रास्ते पर चलते रहे और जब कोरोना समाप्त हुआ, तो पूरी दुनिया ने कहा कि सबसे अच्छा प्रबंधन भारत ने किया। ...(**व्यवधान**)... जब उसका कारण ढूंढ़ा गया, मैं भी स्टडी करने वाले कुछ लोगों से मिला था, जब कारण पूछा गया, स्टडी किया गया, तो सबने कहा कि पूरे विश्व में कोरोना के सामने सरकारें लड़ती थीं, लेकिन हमारे यहाँ प्रधान मंत्री, भारत सरकार, राज्य सरकारें और 140 करोड़ लोग एकसाथ कोरोना के सामने लड़ते थे। ये यह कह कर मजाक उड़ाते थे कि घंटी बजाने से कोरोना चला जाएगा, दिया जलाने से कोरोना चला जाएगा, कर्फ्यू करने से कोरोना अपने आप चला जाएगा। उनको मालूम नहीं था कि वे ऐसा करके जनता के मन में जागरूकता लाते थे। मुझे तो ठीक से याद है कि मोदी जी ने जब टीका बनाने के लिए टीम गठित की, तब कांग्रेस वाले इसका मजाक करते थे कि भारत टीका बना लेगा! मान्यवर, सबसे पहले टीका बनाने वाले देशों में भारत है। इसी कारण हम बचे थे।

मान्यवर, 11 साल में समग्र दुनिया ने भारत की क्षमता को स्वीकारा है। भारत 11वें नंबर से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी। हमारा जीडीपी 4.19 ट्रिलियन डॉलर का हो गया। एक ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनी। प्रति व्यक्ति आय - इसके बारे में जयराम जी हमेशा पूछा करते हैं कि निर्मला जी बताती भी नहीं हैं, वह 68,572 रुपए से बढ़ कर 1,33,488 रुपए हो गई है। मान्यवर, राष्ट्रीय राजमार्ग का नेटवर्क 60 प्रतिशत बढ़ा है, 160 ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स हैं, 74 एयरपोर्ट्स के साथ मोदी जी ने इनिंग शुरू किया था, अभी समाप्त नहीं हुआ है, 136 'वंदे भारत' ट्रेन सेवाएं हैं, 1,500 'अमृत स्टेशन' योजना के तहत विकसित हो रहे हैं। 97 परसेंट से अधिक भारतीय रेल का विद्युतीकरण हो चुका है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल फोन उत्पादक देश बनने के कगार पर है। भारत तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। मोदी सरकार में 118 यूनिकॉर्न बने। रक्षा क्षेत्र में हमारा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ रुपए का हुआ और निर्यात 21,000 करोड़ रूपए का हुआ है। विश्व का सबसे बड़ा पुल भारत में है, विश्व का सबसे लंबा पुल भारत में है, देश की सबसे लंबी समुद्री पुल, 'अटल सेतु' भारत में बनी, भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेल पुल मोदी जी के समय में हुआ और सबसे बड़ा एनएच भी मोदी जी के समय बना और सबसे बड़ी उपलब्धि कई पीढ़ियों से गरीबी, जिनको डस रही थी, 60 करोड़ लोगों को घर, घर में बिजली, गैस, शौचालय, शुद्ध पीने का पानी, 5 किलो अनाज और 5,00,000 रुपए तक का फ्री इलाज देने का काम मोदी जी ने किया है। ये नहीं समझ रहे हैं। आपकी जो इच्छा हो, वह कहिए। मान्यवर, मैं एनालिसिस के साथ इस सदन में जिम्मेदारीपूर्वक कहना चाहता हूँ कि जब भी भारत के आजादी का इतिहास 25 साल के बाद शताब्दी वर्ष में लिखा जाएगा, यह मोदी एरा स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा। इसमें किसी को शंका नहीं है। मान्यवर, कई सारी चीजें, जो भारत के स्वाभिमान के साथ जुड़ी थीं, हमारे इतिहास के साथ, हमारी संस्कृति के सम्मान के साथ जुड़ी थीं, उन सारी चीजों को इन्होंने 75 साल तक लटका कर रखा। मैं आज एक लिस्ट पढ़ना चाहता हूँ। अचीवमेंट जो हुए, वह हुए। प्रजा का आर्थिक विकास हुआ, इसका हमें आत्म गौरव हो रहा है। हमने आर्टिकल 370 को हटा दिया, तीन तलाक समाप्त कर दिया, यूसीसी शुरू हो चुका है, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण रंग-चंग के साथ हो गया है। न्यू एजुकेशन पॉलिसी में मातृभाषा में शिक्षा पर हमने बल दिया है। हमने काशी, उज्जैन, शारदा पीठ, करतारपुर कॉरिडोर बनाए, राजपथ का नाम बदल कर कर्तव्य पथ रख दिया, योग को वैश्विक पहचान दिलाई, नया नौसैनिक चिन्ह वीर छत्रपति शिवाजी महाराज के निशान पर रखा, संसद

Contents Page

के अंदर सेंगोल की स्थापना की, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का स्वदेशी निर्माण किया, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का नाम बदल कर सुभाष बाबू और हमारे परमवीर चक्र विजेता सेनानियों के नाम पर रखा है। इसके साथ-साथ कई सारी उपलब्धियाँ इस एरा में हुईं। मान्यवर, सबसे बड़ी उपलब्धि है 2047 में....मान्यवर, मुझे एक विदेशी पत्रकार ने जो कहा, वह मैं यहाँ बताना चाहता हूँ। मैं लंबे समय से उनके पास बैठा था, क्योंकि मैं उनके थॉट प्रोसेस को जानना चाहता था। मैं जो सुनना चाहता था, वह उनके तीसरे ही वाक्य में आ गया कि अब भारत को कोई रोक नहीं सकता। मैंने उनसे पूछा, क्यों? उन्होंने कहा, अब तक भारत ने अपना लक्ष्य ही तय नहीं किया था, वह कैसे अचीव करता? मैंने बोला, अब क्या हुआ? उन्होंने कहा, अब मोदी जी ने तय कर दिया कि जब भारत की आजादी के 100 साल होंगे, तब विश्व में हर एक क्षेत्र में हम नंबर वन पर होंगे और भारत नंबर वन होगा। मान्यवर, मुझे मालूम है कि मोदी जी का यह भाषण, मोदी जी का यह संदेश आज 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प बना हुआ है और मुझे 140 करोड़ भारतीयों और हमारे युवाओं पर विश्वास है। शायद हम में से काफी लोग 2047 में नहीं होंगे, परंतु 2047 में जो भी भारतीय होंगे, वे देखेंगे कि विश्व में भारत नंबर वन बन चुका है। मान्यवर, अगर भारत को नंबर वन बनना है, तो हमारी बाहरी सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। ऑपरेशन सिंदूर की इस चर्चा में मैं देश की जनता से कहना चाहता हूँ कि जब युद्ध होता है, तो हमला वहाँ से भी होता है और यहाँ से भी होता है, लेकिन एक भी हमला ऐसा नहीं होगा, जिसका जवाब दिया नहीं जाएगा। हम आतंकवाद को समाप्त करके रहेंगे, 31-3-2026 को नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा, इसमें किसी को शंका नहीं होनी चाहिए।

अंत में, इस चर्चा में जिन सदस्यों ने हिस्सा लिया है, उनका बहुत सम्मान के साथ मैं धन्यवाद करता हूँ। इसके साथ-साथ, ऑपरेशन महादेव में जिन्होंने हिस्सा लिया है, उन सभी को एक बार फिर से मैं पूरे सदन की ओर से और व्यक्तिगत रूप से बहुत-बहुत साधुवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ, धन्यवाद।

**श्री उपसभापति** : धन्यवाद, मंत्री जी। माननीय सदस्यगण, the House stands adjourned to meet at 11 a.m. on Thursday, the 31st July, 2025.

*The House then adjourned at twenty-seven minutes past eight of the clock till eleven of the clock on Thursday, the 31st July, 2025.*

Contents Page

PUBLISHED UNDER RULE 260 OF RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN THE COUNCIL OF STATES (RAJYA SABHA)